रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | कार्तिक कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 265, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN. 1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

शुभ धनतेरस

# धनतेरस आज, संध्या काल में होगी धनवंतरी व कुबेर की पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 29 अक्टूबर को धनतेरस मनाया जाएगा। इसे धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। 29 अक्टूबर को बुध के गोचर से धनतेरस पर लक्ष्मी नारायण योग बनेगा, जिसे बहुत ही शुभ माना जा रहा है। मंगलवार को सुबह से देर रात तक खरीदारी का मुहूर्त है। इस दिन सोना, चांदी, वाहन, जमीन, घर इलेक्ट्रॉनिक्स आदि खरीदना सुख और समृद्धि का कारक माना गया है। पंडित मनोज पांडेय ने सोमवार को बताया कि अथर्ववेद में बताया गया है कि धनवंतरी भगवान विष्णु के तेरहवें अवतार हैं। ऋषिकेश पंचांग के अनुसार धनतेरस के दिन अभिजीत मुहूर्त दिन के 11.42 बजे से 12.27 बजे तक है। विजय मुहूर्त दोपहर 1.56 से 2.41 तक है। कुंभ लग्न दोपहर 1.29 बजे से 3 बजे तक है। वहीं, वृष लग्न शाम 6.07 बजे से 8.04 बजे तक है। दोपहर से प्रदोष काल 12.36 बजे से शाम 5.33 बजे तक में वाहन जैसे चलायमान सामग्री लेने का शुभ मुहूर्त है। उन्होंने ने बताया कि संध्या काल में धन के देवता कुबेर की पूजा होगी। धनतेरस के दिन ऐश्वर्य में वृद्धि की कामना से भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की विधिवत पूजा की जाएगी। यह पूजा संध्या काल स्थिर वृष लग्न में 6.19 से रात 8.15 बजे के बीच की जाएगी।

## राशि के अनुसार करें अपनी पसंद की खरीदारी

- **मेष :** सोने और पीतल के बर्तन के साथ मिट्टी का दीपक और लड्डू लेना शुभ है। वस्तुएं खरीदना शुभ।
- **वृषभ :** चांदी, हीरा और बर्तन खरीदना चाहिए।
- **वृश्चिक :** आभूषण, मिट्टी- तांबे के बर्तन, लोहे की बनी वस्तुएं खरीदना शुभ।
- **मिथुन :** आभूषण, प्रॉपर्टी, फर्नीचर का सामान खरीदना चाहिए।
- **धनु :** झाड़ू, चांदी, पीतल से निर्मित लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति खरीदनी चाहिए।
- **कर्क :** चांदी का सामान और सफेद वस्तु खरीदना चाहिए।
- **मकर :** चांदी के सिक्के , झाड़ू, बर्तन और गोमती चक्र खरीदना चाहिए।
- **सिंह :** जमीन, फ्लैट, सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री खरीदना शुभ रहेगा।
- **कुंभ :** धनतेरस में चांदी और स्टील से निर्मित बर्तन लेने चहिए।
- **कन्या :** कांसे से निर्मित 'बर्तन, हाथी-दांत से बनी वस्तुएं आदि।
- **तुला :** श्रृंगार और साज सज्जा की वस्तुएं खरीदना शुभ।
- **मीन :** धनतेरस चांदी के बर्तन और सिक्के, तांबे के बर्तन और झाड़ू लेना चहिए।

### बरहेट और टुंडी से भाजपा ने की उम्मीदवारों की घोषणा

**रांची।** भाजपा ने दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। इन दो सीटों में बरहेट और टुंडी का नाम शामिल है, जहां बरहेट से गमालियल हेंब्रम का नाम है, वहीं टुंडी से विकास महतो को उम्मीदवार बनाया गया है।

### जमशेदपुर में 1.57 करोड़ रुपए के आभूषण जब्त

**पूर्वी सिंहभूम ।** चुनाव ड्यूटी में लगे टाटानगर आरपीएफ की उड़नदस्ता टीम ने टाटानगर स्टेशन पर एक व्यक्ति के पास से 1.44 किलो सोना और 51 किलो चांदी सहित अन्य आभूषण जब्त किए हैं। इनकी कीमत 01 करोड़ 57 लाख 79 हजार आंकी गई है।

### पीएम आज वितरित करेंगे 51 हजार नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

# आज हम अधिकार के साथ लोगों के दरवाजे पर वोट मांगने आए हैं : सीएम

- **01** लाख **36** हजार करोड़ का बकाया मांगा तो मुझे जेल में डाल दिया गया
- **01-01** लाख रुपये हर साल महिलाओं के खाते में डालेंगे

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** 2019 में हमने पांच साल के लिए वोट की भीख मांगी थी। आज हम अधिकार के साथ लोगों के दरवाजे पर वोट मांगने आए हैं। अधिकार इसलिए, क्योंकि बीते पांच सालों में हमने जनता के लिए काम किया है। उक्त बातें सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संथाल परगना प्रमंडल की गोड्डा, पोड़ैयाहाट और मधुपुर सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब मैंने केंद्र से झारखंड के लोगों के हक का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये मांगा तो मुझे जेल में डाल दिया गया। झारखंड में जब से हमने सरकार बनाई है, उसके एक घंटे के बाद से **शेष पेज 11 पर**

### भाजपा ने पांच रुपये का प्लेटफार्म टिकट पचास का किया

भाजपा की सरकार में पांच रुपये का प्लेटफार्म टिकट पचास रुपए हो गया है। आटा-दाल, सब्जी की कीमत आसमान छू रही है। आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। हमने राज्य की जनता को महंगाई से बचाने के लिए महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये भेजने की शुरूआत की। अगर झारखंड में फिर से हमारी सरकार बनी तो महिलाओं के खाते में हर साल एक-एक लाख रुपए भेजने का काम करेंगे। सभा में मौजूद रहे बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने कहा कि झारखंड बनने के बाद जो मुख्यमंत्री बने हैं, उनमें चार भाजपा के पास हैं। **शेष पेज 11 पर**

### झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा भाजपा में शामिल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने



सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ले ली। झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने उन्हें हरमू स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद रहे। भाजपा में शामिल होने के बाद मानस सिन्हा ने कहा, कांग्रेस में कार्यकतार्ओं की उपेक्षा की जाती है। मैंने 27 वर्षों तक अपना खून-पसीना बहाया। लेकिन, मुझे कुछ नहीं मिला। भाजपा में मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर शामिल हुआ हूं। बिना शर्त मैं भाजपा में आया हूं और अब पार्टी के लिए काम करूंगा।

### बाबूलाल मरांडी ने धनवार से किया नामांकन

## हमारे पंच प्रण से बदलेगा झारखंड



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को गिरिडीह जिले की धनवार विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। इस सीट पर दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मरांडी ने कहा कि झारखंड में परिवारवाद, भ्रष्टाचार एवं घुसपैठ को समाप्त करने और राज्य में रोटी, माटी और बेटी बचाने का संकल्प लेकर धनवार विधानसभा सीट से नामांकन किया है। हमें विश्वास है कि धनवार के साथ-साथ पूरे राज्य की जनता भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के साढ़े तीन करोड़ लोगों के सपनों को साकार करने के लिए भाजपा ने पंच प्रण लिए हैं। गोगो दीदी योजना के तहत झारखंड की हर महिला के बैंक खाते में 11 तारीख को 2,100 रुपए की राशि भेजी जाएगी। लक्ष्मी जोहार योजना के तहत सभी घरों में 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा और इसके साथ ही साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि घर साकार योजना के तहत 21 लाख परिवारों को पक्का आवास मुहैया कराया जाएगा **शेष पेज 11 पर**



### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में हुए शामिल, कहा

# राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान को चला रहे इरफान अंसारी जैसे नेता

*▶ झामुमो-कांग्रेस की पाप की लंका को जलाकर राख करेगी भाजपा*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सोमवार को गिरिडीह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहबादी और देवघर विधानसभा से उम्मीदवार नारायण दास के नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलत हुए। दोनों प्रत्याशियों ने शिवराज सिंह की मौजूदगी में नामांकन जमा किया। साथ ही श्री चौहान ने दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जेएमएम और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, झारखंड में बहनें अपमानित हो रही हैं, लेकिन हेमंत सोरेन और इरफान अंसारी ये याद रखो कि, एक बहन द्रोपदी के अपमान पर महाभारत हो गया था और कौरवों का वंश सहित विनाश कर दिया गया था। एक सीता माता के अपमान पर रावण का वंश सहित खात्मा हो गया था। मां सीता का अपमान करने वालों का क्या हुआ यह सारी दुनिया जानती है। इसलिए मैं आज कह रहा हूं, बहन बेटियों का अपमान करने वाले जेएमएम और कांग्रेस की पाप की लंका को जलाकर भाजपा के कार्यकर्ता राख कर देंगे और झारखंड में भाजपा के सुशासन का सूर्य उदय होगा। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जेएमएम और कांग्रेस की सरकार के रहते झारखंड कभी भी सुखी नहीं रह सकता है। जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार में आज झारखंड की क्या हालत हो गई है। यहां हर दिन बहनें अपमानित की जा रहीं हैं। बहनों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। राहुल गांधी कहते हैं कि, मैं मोहब्बत की दुकान चलाता हूं और झारखंड में उनकी मोहब्बत की दुकान इरफान अंसारी चला रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं है, विदेशी घुसपैठिए आ रहे हैं। ये सरकार घुसपैठिए लेकर आ रही है, वोटर लिस्ट में नाम लिखवाती है, उनके आधार कार्ड बनवाती है, क्योंकि वो इनके वोट बैंक है। हमारी आदिवासी बेटियों को भ्रम में डालते हैं, उनसे विवाह किया जाता है, उनके नाम पर जमीन खरीदी जाती है और पंचायत पर कब्जा किया जाता है। शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड वासियों ये चुनाव केवल किसी सत्ता के स्वर्ण सिंहासन पर बैठने का चुनाव नहीं है बल्कि ये चुनाव झारखंड की धरती को बचाने का चुनाव है।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि, कहते हैं कुंभकर्ण ऐसा था कि, वह 6 महीने सोता था और 6 महीने जागता था तो केवल खाता ही रहता था, लेकिन यहां जेएमएम और कांग्रेस के कुंभकर्ण तो 12 महीने ही खाते रहते हैं। ये सीमेंट, बालू, पत्थर, गिट्टी, कोयला सब खा गए।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही बहनों को हर 11 तारीख को 2100 रूपए की सम्मान राशि खाते में दी जाएगी। जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहां-वहां बहनों को राशि दी जा रही है। शिवराज सिंह ने कहा कि, हम मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को राशि दे रहे हैं, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, असम और ओडिशा सहित कई राज्यों में बहनों को बैंक खाते में हर महीने राशि दी जा रही है। इन योजनाओं से बहनों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। झारखंड में बहनों को महज 500 रूपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा और साल में दो बार त्योहार पर मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। वहीं श्री चौहान ने कहा कि, हेमंत सोरेन ने नौकरी के नाम पर नौजवानों से छलावा किया है, लेकिन झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 2 लाख 87 हजार रिक्त पड़े पदों पर भर्तियां की जाएगी। कैलेंडर बनाकर तय किया जाएगा कि, कब परीक्षा होगी, कब रिजल्ट आएगा और कब नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। इसके साथ ही शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को अच्छी नौकरी की तैयारी के लिए दो साल तक प्रति माह 2 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। झारखंड में युवाओं का भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।




*चेक पोस्ट भी, एक कंपनी का प्रचार भी, हिंदी की ऐसी-तैसी भी।*

## हटिया विस क्षेत्र के लिए स्क्रूटनी पूरी

■ 28 प्रत्याशियों का नामांकन स्वीकृत ■ 02 का नामांकन अस्वीकृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव 2024 में पहले चरण के मतदान के लिए 64- हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए स्क्रूटनी पूरी हो चुकी है। स्क्रूटनी के बाद 02 अभ्यर्थियों का नामांकन अस्वीकृत हुआ जबकि 28 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत किया गया। जिनका नामांकन अस्वीकृत हुआ उनमें फरहाना खातून, निर्दलीय व पूनम सिंह, राष्ट्रीय लोक दल। **जिन 28 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत हुआ :** विजय सिंह, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, धनंजय कुमार भगत, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, निर्दलीय, नगमा रानी, निर्दलीय, यादराम साहु, निर्दलीय, नवीन जयसवाल, भारतीय जनता पार्टी, ओम शंकर गुप्ता, निर्दलीय, भरत कांशी, निर्दलीय, विवेक त्रिपाठी, स्वतंत्रता राष्ट्रवादी पार्टी, अवधेश कुमार, निर्दलीय, अजय नाथ शाहदेव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, अलबिन लकड़ा, निर्दलीय, हजारी प्रसाद साहु, लोकहित अधिकार पार्टी, निपु सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी, अमरेन्द्र कुमार, झारखंड जन क्रांति मोर्चा, राजेन्द्र प्रसाद साहु, सदान विकास पार्टी, एनुल अंसारी, निर्दलीय, ज्योति बाला देवी, राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी, आर्दश कुमार, नेशनल कांग्रेस पार्टी, कुन्दरसी मुण्डा, भारत आदिवासी पार्टी, कुशवाहा विजय कुमार महतो, जोहार पार्टी, गौरव प्रियदर्शी, निर्दलीय, अयुब अली, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, सोमा सिंह, जय माँ भारत पार्टी, बिशु तिर्की, निर्दलीय, दिवा शंकर पासवान, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक, दिवाकर प्रसाद साहु, निर्दलीय व सुरेश टोप्पो, अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के नाम शामिल है।

### जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड को लूटा

## भाजपा घोटालेबाजों का करेगी सफाया : डॉ मोहन यादव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/गोड्डा।** गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ सिंह और महागामा से अशोक कुमार भगत के नामांकन के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड को लूटा है। भाजपा घोटालेबाजों का सफाया करेगी। यादव ने कहा कि गठबंधन सरकार में घोटाले ही घोटाले हुए हैं और यह स्थिति अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता के घर से 350 करोड़ रुपये बरामद होना शर्मनाक है। सिर्फ मंत्री नहीं, बल्कि हेमंत सरकार के नेताओं के पीए, नौकर-चाकर के घरों से भी करोड़ों रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में आईएस, आईपीएस, डॉक्टर, और वकील जैसी प्रतिभाएं मौजूद हैं लेकिन युवाओं को अवसर नहीं मिल रहे। क्योंकि, जेएमएम और कांग्रेस के बईमानों का कब्जा है।

यादव ने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार वोट बैंक की राजनीति करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है और आदिवासी बहनों के धर्मांतरण के जरिए उनकी जमीनों पर कब्जा करवा रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार लैंड जिहाद और लव जिहाद की नीति अपनाते हुए राज्य की संस्कृति और मूल्यों को खतरे में डाल रही है। इसलिए हेमंत सरकार को हटाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों से बहन, बेटी और माटी की रक्षा करने के लिए झारखंड में बीजेपी की सरकार बननी चाहिए।

## हेमंत सरकार ने संथाल परगना को किया घुसपैठियों के हवाले : हिमंता बिस्वा सरमा

*▶ झारखंड से घुसपैठियों को बाहर करेगी भाजपा सरकार*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/दुमका।** दुमका जिले की चार विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, दुमका से सुनील सोरेन, जामा से सुरेश मुर्मू और जरमुंडी से देवनंदन कुंवर ने अपने पर्चे जमा किए। इस मौके पर चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने नामांकन सभा को संबोधित किया। इस दौरान हिमंत बिस्वा सरमा ने संथाल परगना की डेमोग्राफिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों और हिंदुओं की संख्या लगातार घट रही है, और इस मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट ने भी डेमोग्राफिक बदलाव को लेकर चिंता व्यक्त की है। सरमा ने अपने पाकुड़ दौरे का जिक्र करते हुए कहा, कुछ दिन पहले जब मैं पाकुड़ गया था, तब हिंदू बहनों ने मुझसे कहा कि वे अपने ही गांव में सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। उन्होंने बताया कि उन्हें धमकाया जाता है, पीटा जाता है, और मारा जाता है। जो मांस वे नहीं खातीं, उसे उनके घर के सामने फेंक दिया जाता है। यह सिर्फ एक महिला की आपबीती नहीं थी, बल्कि सैकड़ों महिलाओं ने ऐसी घटनाओं की शिकायत की। सरमा ने आगे कहा कि आदिवासी छात्राओं पर भी अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने बताया, जब मैं एक आदिवासी छात्रावास गया, तो वहां की छात्राओं ने बताया कि पुलिस और घुसपैठियों की मिलीभगत से उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने गायबथान से जुड़े मुद्दे पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि वे लगातार उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि 20 साल पहले असम में घुसपैठ की शुरूआत हुई थी। तब हमारे लोगों ने आवाज नहीं उठाई थी। आज असम में जो घुसपैठ करने की कोशिश करता है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। लेकिन आज झारखंड में घुसपैठिए संथाल में आते हैं और आदिवासी बेटियों को फंसाकर शादी कर लेते हैं। इन घुसपैठिए की 2-2 पत्नि होती है और तीसरी पत्नी आदिवासी बेटी को जाल में फंसाकर बनाते हैं। फिर मुखिया का चुनाव लड़ते हैं, और जो घुसपैठ करता है वह मुखिया बन जाता है। इसपर हेमंत सोरेन कुछ नहीं करते हैं, क्योंकि उनको वोट का लालच है। हेमंत सोरेन वोटबैंक के कारण घुसपैठिए पर कुछ नहीं बोलेत हैं। आगे कहा कि आज देखते देखते संथाल में घुसपैठिए 20 प्रतिशत हो गए हैं। झारखंड में भाजपा यह विधानसभा चुनाव आदिवासी समाज की अस्मिता के लिए लड़ रही हैं। हमारे हिंदु-मुसलमान जो मूल समाज है, जो भारतीय समाज है उनके लिए यह चुनाव लड़ी जा रही है। झारखंड में जब भाजपा की सरकार बनेगी, हमलोग कानून के रास्ते से घुसपैठिए को लात मारकर बाहर निकालेंगे। यह चुनाव संथाल परगना को घुसपैठिए से मुक्त दिलाने के लिए लड़ रहे हैं।

### आधा सच आधा फसाना

## सुदेश टुंडी से चुनाव लड़ने की रख रहे थे इच्छा, भाजपा ने पानी फेरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की नॉमिनेशन समाप्त हो चुका है। वहीं दूसरे चरण का नॉमिनेशन 29 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। इस चुनावी सरगर्मी में हर दिन कई नई-नई चर्चाएं सामने आती है। एक चर्चा सामने आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी ने आजसू पार्टी के खाते में टुंडी विधानसभा सीट नहीं दिया। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है की टुंडी सीट से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो खुद चुनाव लड़ना चाह रहे थे। क्योंकि सिल्ली विधानसभा सीट में राह आसान नहीं लग रही है। आजसू के लिए टुंडी विधानसभा का सीट सबसे सुरक्षित सीट माना जा रहा था, लेकिन अब वह सीट भाजपा के खाते में चला गया है। चाय दुकानों में और राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि इससे पहले जब सुदेश महतो की सिल्ली विधानसभा से हार हुई थी, उसका कारण उनके इर्द-गिर रहने वाले उनके प्रमुख कार्यकर्ता थे। इन्हीं कार्यकर्ताओं में से एक कार्यकर्ता उनके बेहद नजदीक है जो कभी भी सुदेश महतो किसी से मिलने नहीं देता है। ना ही वह किसी का फोन उठाते हैं और ना ही किसी को कॉल बैक करते हैं। कुछ लोग तो यह भी कह रहे हैं कि शायद उस व्यक्ति के कारण इस बार भी चुनाव टफ ना हो जाए। हालांकि राजनीतिक में कुछ कहना संभव नहीं है, कभी भी कुछ हो सकता है। कई बार कयास कुछ लगाई जाती है और परिणाम कुछ और होता है। कुछ राजनीतिक जानकारों का कहना है कि झामुमो में लौटे अमित महतो इस बार फिर कड़ी टक्कर देंगे अब जो भी होगा इसका परिणाम ही बताएगा।

## खिजरी और सिल्ली से आठ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**रांची।** विधानसभा के दूसरे चरण के मतदान के लिए खिजरी विधानसभा क्षेत्र से सोमवार को 08 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसमें अजय कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, बिरीस मिंज, निर्दलीय, बिपिन टोप्पो, निर्दलीय, प्रीतम सांड लोहरा, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अ), राम कुमार पाहन, भारतीय जनता पार्टी, बिरसा उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी, भुवनेश्वर लोहरा, लोक जन विकास मोर्चा व अनुराग कुजूर, निर्दलीय शामिल हैं। वहीं सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भी 08 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसमें पंकज महतो, निर्दलीय, मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय, रविंद्र लाल यादव, झारखंड पार्टी, अमित कुमार, झारखंड मुक्ति मोर्चा, अनिल सिंह मुंडा, भारत आदिवासी पार्टी, राजेश्वर महतो, निर्दलीय, हेमंती देवी, निर्दलीय व विकास सिंह मुंडा, निर्दलीय शामिल हैं।

## सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया : सेठ

### केंद्र की योजनाएं धरातल पर उतरें, इसके लिए जरूरी है भाजपा की सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** खिजरी विधानसभा का नॉमिनेशन मोरहाबादी स्थित मैदान से रांची सम्रहालय तक भव्य रोड शो आयोजित की गई। इस अवसर पर एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन सहित आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। नामांकन के पूर्व मोरहाबादी मैदान में जनसभा आयोजित की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता में भी उत्साह है। हर तरफ परिवर्तन की लहर है। पिछले 5 साल में झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने जो भ्रष्टाचार किए हैं, बेरोजगारों पर जो अत्याचार किए हैं, महिला उत्पीड़न और प्रताड़ना पर जो चुप्पी साधी है, इन सबका जवाब इस चुनाव में देने के लिए जनता तैयार है। श्री सेठ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सिर्फ कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। मंत्री, विधायक, सांसद यह सब कुछ बीजेपी में सिर्फ दायित्व हैं। यह कोई पद नहीं है। हम सब भाजपा कार्यकर्ता के रूप में ही पूरी मजबूती के साथ इस चुनाव में काम करेंगे और राज्य में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण करने वाली सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को हमेशा से विशेष स्नेह दिया है। 5 साल हेमंत सोरेन की सरकार के बावजूद प्रधानमंत्री ने झोलियां भर-भर के झारखंड के विकास के लिए योजनाएं दी। परंतु, दुर्भाग्य है कि इस भ्रष्ट सरकार ने जानबूझकर मोदी सरकार की योजनाओं को राज्य में सफल नहीं होने दिया। मोदी सरकार की योजनाएं राज्य में सफल हो और उसके लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है।

## डुमरी मामले में आयुक्त की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई : सीईओ

*▶ प्रथम चरण के चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन की हुई स्क्रूटनी*

*▶ आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 86.33 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि रविवार को गिरिडीह के डुमरी में चेकनाका पर चेकिंग के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया। पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग नहीं की गयी। जबकि, निर्वाचन आयोग का स्पष्ट दिशा निर्देश है कि पारदर्शिता के लिए वाहन जांच के दौरान वीडियो रिकार्डिंग करानी है। अगर जांच के क्रम में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिलती है, तो किसी को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में ऊत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त की जांच रिपोर्ट मिल चुकी है। उसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग को अग्रसारित किया जा चुका है। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर सोमवार को प्रत्याशियों के नामांकन की स्क्रूटनी की गयी। कुछ लोगों के मामले में नोटिस देकर उन्हें मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक पक्ष रखने के लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा समय दिया गया है।

### मम्मी पापा वोट दो अभियान में 17 लाख से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने लिया भाग



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि बच्चों द्वारा भावनात्मक पत्र लिखकर आज पूरे राज्य के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इसके लिए बच्चों की जितनी तारीफ की जाय वह कम है। स्कूली बच्चों ने आज अपने माता-पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए साबित किया है कि भविष्य में वे अपने लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे। यह अभियान एक प्रकार से बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से अपने दायित्व निभाने की भावनात्मक अपील का अनुभव छोड़ गया।पूरे राज्य में इस तरह के अभियान विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार चलाये जायेंगे।

### आज कल




### इंडिया

## जनगणना की आहट, जाति पर निर्णय नहीं





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

लगभग चार साल देर से 2025 में जनगणना शुरू करने की चर्चा है जिसके 2026 में भी जारी रहने की संभावना है। जिसके बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा और यह काम 2028 तक पूरा होने की संभावना है। कई विपक्षी दलों द्वारा जातीय जनगणना की मांग पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है और जनगणना का विवरण अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।ऐसे में पार्टियां अपना नफा नुकसान भी देख रहीं हैं।भारत में पिछली बार जनगणना 2011 में हुई थी। अगला चरण 2021 में शुरू होना था, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के कारण इसमें देरी हो गई। तब से ही इस बारे में कई सवाल पूछे जाते रहे हैं कि अगली जनगणना के आंकड़े कब प्रकाशित किए जाएंगे। बताया जाता है कि जनगणना के बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा और इसके 2028 तक पूरा होने की संभावना है। भारत में पिछली बार जनगणना 2011 में हुई थी। अगला चरण 2021 में शुरू होना था, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के कारण इसमें देरी हो गई। तब से इस पर राजनीति हो रही है कि अगली जनगणना के आंकड़े कब प्रकाशित किए जाएंगे। सरकार जनगणना रिकॉर्ड करने की तैयारी में जुटी हुई है। कुछ राजनीतिक दलों द्वारा जाति जनगणना की मांग के बावजूद सरकार की जाति जनगणना की अनुमति देने की कोई योजना नहीं है। मौजूदा फॉर्म में, जहां सर्वेक्षण करने वाला हर व्यक्ति अपना नाम, विवरण, पारिवारिक विवरण आदि प्रकाशित करता है, वहीं उसके पास धर्म का विवरण दर्ज करने का विकल्प होता है। एक और कॉलम है जो उन्हें अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति (एससी/एसटी) के रूप में पहचानता है। फॉर्म में एकमात्र अतिरिक्त बात यह होगी कि सर्वेक्षण करने वाले लोगों को अपने धर्म के तहत अपने संप्रदाय का उल्लेख करने की अनुमति होगी। कांग्रेस, आरजेडी और कई अन्य पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रही हैं। बिहार में जेडीयू जैसे बीजेपी के गठबंधन सहयोगियों ने भी इस बारे में बात की है, लेकिन केंद्र पर कोई दबाव नहीं डाला है। केंद्रीय स्तर पर, अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट पर छोड़ दिया गया है। बीजेपी की दूसरी सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी भी मानती है कि जनगणना होनी चाहिए, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आम जनता, खासकर युवा आबादी के लाभ के लिए 'कौशल जनगणना' की सक्रिय रूप से वकालत कर रहे हैं। आरएसएस भी जाति जनगणना के पक्ष में है, बशर्ते कि यह किसी पार्टी द्वारा राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए न किया जा रहा हो। झारखंड में कुछ आदिवासी संगठन सरना कोड की मांग कर रहे हैं जबकि सरकार इस पर अनिर्णय की स्थिति में है क्योंकि कोड राष्ट्रीय स्तर पर मान्य होना चाहिए और अनेक पड़ोसी राज्यों में ही सरना धर्म का प्रचलन नहीं है। कई जनजातीय समाज आदि धर्म मानते हैं। हालांकि इस से एक बड़े विवाद को फिर हवा मिल जाएगी जो अभी दबा पड़ा है वह है ईसाई बन गए जनजातियों का, जिन्हें दशकों पहले बड़े आदिवासी नेता कार्तिक उरांव ने आरक्षण से वंचित करने की मांग की थी। अभी भी यह मांग अंदर अंदर सुलग रही है जिससे जनवरी में बन रही नई झारखंड सरकार को जूझना पड़ेगा। ईसाई बन गए जनजातियों का कहना है कि धर्म आस्था का विषय है और आरक्षण अस्तित्व का जबकि विरोधी सरना समर्थकों का कहना है कि वे किसी भी आदिवासी रीति रिवाज या संस्कार का पालन नहीं करते और एक विदेशी धर्म ही उनका संस्कार है। उल्लेखनीय है पिछले परिसीमन आयोग को भारी विरोध प्रदर्शन के कारण लौटना पड़ा था अब केंद्र की मोदी सरकार जम्मू कश्मीर की तरह परिसीमन हर हाल में कराना चाहती है ताकि विधानसभा की सीटें बढ़ें तो स्पष्ट बहुमत वाली सरकारों की संभावना से स्थिरता बनी रहे।

## रांची विस क्षेत्र से 22 प्रत्याशियों का नामांकन हुआ स्वीकृत

### 04 उम्मीदवारों का नामांकन अस्वीकृत किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पहले चरण के मतदान के लिए की गई स्क्रूटनी की गई है। इसमें 63-रांची विधानसभा क्षेत्र से 22 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत हुआ है। दयानंद लाल, अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी,डॉ.(कर्नल)राजेश कुमार, नेशनल कांग्रेस पार्टी,राजकुमार साहू, राष्ट्रीय लोक दल, अजीत कुमार सिंह, झारखंड जन क्रांति मोर्चा का नामांकन अस्वीकृत किया गया है। 22 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं। इनमें अभय प्रताप सिंह, बसपा,चंदेश्वर प्रसाद सिंह भाजपा, महुआ माजी झामुमो, अरुण कुमार गुप्ता, लोकहित अधिकार पार्टी, कुमार अभिषेक दुबे, राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी, गौतम राम, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), महताब आलम, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल




मुस्लिमीन, राजकिशोर महतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, सुजीत कुमार वर्णवाल, राइट टू रिकॉल पार्टी,आलोक कुमार, निर्दलीय, आयुष रंजन, निर्दलीय, इमतिशाम अली, निर्दलीय, उत्तम यादव, निर्दलीय, नरेंद्र कुमार भारती, निर्दलीय, पवन कुमार चौधरी, निर्दलीय, प्रियंका कुमारी, निर्दलीय, बिरेंद्र प्रसाद कश्यप, निर्दलीय, मुनचुन राय, निर्दलीय, रानी कुमारी, निर्दलीय, विवेक कृष्णा, निर्दलीय, संदीप वर्मा, निर्दलीय, समीर कुमार सिंह, निर्दलीय शामिल हैं।

विश्वविद्यालयों का हाल : दादा-नाना बन गए, पर डिग्री घर नहीं पहुंची

# विद्यार्थी विश्वविद्यालयों का काट रहे हैं चक्कर

रजनीश




## घर भेजने की फीस से करोड़ों कमाए

**रांची।** किसी भी विद्यार्थी का सपना होता है कि वह अपनी डिग्री अपने अभिभावकों को सौंपकर उनके सपनों के साथ अपनी खुशियाँ साझा करे पर इसके लिए उसे पढ़ाई से भी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है जब नौकरी या अन्य कार्यों के लिए उसे उसे अपने दूर दराज के घर या अन्य राज्यों तक से आकर विश्वविद्यालय के टेबुलों के चक्कर काटने पड़ते हैं या रिश्वत देनी पड़ती है । माइग्रेशन, प्रोविजनल और डिग्री लेने की समस्या सबसे बड़ी राजधानी स्थित रांची विश्वविद्यालय के अंदर ही है जहां कुलपति कुर्सी पर कम और फीता काटने या शिक्षा से असंबद्ध कार्यों में भाषण देने में अधिक व्यस्त रहते हैं।इनसे आम आदमी का मिलना लगभग असंभव है । जबकि रांची विश्वविद्यालय ने एक नियम बनाया कि 2007 के बाद जो भी फाइनल ईयर के परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे उसी समय सारे सर्टिफिकेट की फीस जमा करनी होगी । उसके बाद सर्टिफिकेट कॉलेजों तक भेज दिया जाएगा, लेकिन माइग्रेशन और प्रोविजनल कॉलेज तक पहुंचने में काफी देर होती है, जिसके कारण छात्रों को जल्दबाजी में विश्वविद्यालय में अप्लाई करना पड़ता है, क्योंकि कई छात्र-छात्राएं इसके बाद आगे की पढ़ाई करने के लिए भी दूसरे विश्वविद्यालय या कॉलेज जाते हैं। अति आवश्यक होने के कारण छात्र छात्राओं को अपने सर्टिफिकेट निकालने के लिए विश्वविद्यालय जाना पड़ता है और वहां पर दो तरह का रेट तय है पहले जो नॉर्मल है वह 350 रुपए और 100 रुपए का फार्म का लगता है। अगर आपको माइग्रेशन और प्रोविजनल एक दिन में चाहिए तो उसको 500 रुपए और 100 रुपए का फार्म लगता है। 2007 के बाद जितने भी पास आउट छात्र हैं, उन्हें डिग्री लेने के लिए 100 रुपए का एक चालान कटाना होता है, वहीं 2007 से पहले जितने भी छात्र हैं उनको डिग्री लेने के लिए 600 जमा करने होते हैं। रांची विश्वविद्यालय में हर दिन 40 से 50 डिग्री प्राप्त करने के लिए अप्लाई होता है। यह मामला केवल रांची विश्वविद्यालय का ही नहीं है। झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों का भी यही हाल है। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का बीकॉम सेमेस्टर सिक्स रिजल्ट आया और इसका केवल मार्कशीट कॉलेजों में गया लेकिन प्रोविजनल और माइग्रेशन नहीं गया जिसके कारण छात्रों को समस्या का सामना करना पड़ा और विश्वविद्यालय में अधिक पैसा देकर के अर्जेंट में माइग्रेशन निकलना पड़ा। कमोबेस इस तरह का समस्या राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विश्वविद्यालयों में है। अब समय पर डिग्री क्यों कॉलेज में नहीं पहुंचती है इसका जवाब कौन देगा यह अभी तय नहीं है। छात्र नेताओ ने बताया कि जब छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई पूरी कर लेते हैं, तो विश्वविद्यालय डिग्री सर्टिफिकेट कॉलेज तक नहीं भेजती है। इसे हर साल लगभग लाखों में कमाई होती है। झारखंड के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों ने बताया कि अगर 10 -15 साल जोड़ दिया जाए तो लगभग एक-एक विश्वविद्यालय करोड़ों की कमाई कर रहा है।इस मामले में रांची विश्वविद्यालय का रिकॉर्ड पूर्व से भी बहुत खराब रहा है जहां दादा-नानी बनके के बाद भी सर्टिफिकेट अपने आप नहीं बनाए जाते थे और न भेजे जाते थे । इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अजीत सिन्हा ने कहा कि इससे पहले डॉ कामिनी कुमार ने डिग्री पर साइन ही नहीं किया था। प्रोवीसी ने भी डिग्री पर साइन नहीं किया। मै हर दिन साइन कर रहा हूं। सब कुछ अब ऑनलाइन कर दिया है। बच्चों को समस्याओं से जुझना नहीं पड़ रहा है। डिग्रियां कॉलेजों को भेजी जा चुकी है।

# साधु के वेश में महिलाओं से ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची के चुटिया थाना पुलिस ने साधु के वेश में महिलाओं, वृद्धों से ठगी करने वाले के गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठगों में हरियाणा निवासी सागर और साउथ वेस्ट दिल्ली निवासी रविन नाथ शामिल हैं। इनके पास से सोने जैसे दिखाई पड़ने वाला एक मोती जड़ा अंगूठी, सोने जैसा दिखाई पड़ने वाला फूल का डिजाईन बनाया हुआ एक अंगूठी और कुल रुपया 2650 रुपये बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि 27 अक्टूबर को चुटिया थाना के पंचवटी चौक में दो ठगों के जरिये साधु के वेश में श्री यमुना अपार्टमेंट निवारणपुर की एक महिला श्वेता सिन्हा से पैसा एवं सोने की चैन आदि ठगने के लिए प्रयास करते समय दो ठगों को रंगे हाथ पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होने साधु के वेश में लोगों को जादू टोना एवं सांप आदि का भय दिखाकर ठगी करना स्वीकार किया है। उनके निशानदेही पर राज होटल एण्ड लॉज, खादगढ़ा लोअर बाजार में उनके ठहरने के स्थान पर छापामारी कर उनके सामान से एक पोटली में रखा ठगी का दो अंगुठी और ठगी का 2650 रुपये नगद बरामद किया गया। पूछताछ में वे हरियाणा, दिल्ली तरफ के रहने वाले है जो हर पर्व त्योहार के पहले रांची एवं आसपास के जिले में अपने ग्रुप के साथ आकर साधु के वेश में लोगों से ठगी का काम करते है।

## शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाली सड़क हमेशा रहती है जाम

**रांची।** शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाली सड़क हमेशा जाम रहती है। हरमू रोड में तीन सिग्नल के बाद ही कोई सड़क पार कर सकता है। देर तक लोग जाम में फंसे रहते हैं। इससे लोगों का समय भी बर्बाद होता है। दूसरी तरफ बिना स्लैब की नाली से आए दिन दुघर्टना होती है। शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने के मार्ग में जगह-जगह पोल के कारण सड़क का अतिक्रमण हुआ है। सड़क सकरी हो गई है जिसकारण से आए दिन जाम लगा रहता है। इस सड़क पर ट्रक हमेशा लगी रहती है जिससे भी जाम की समस्या उत्पन्न होती है। दूसरी ओर नाली पर स्लैब नहीं है, जिससे आए दिन दुघर्टना होती रहती है। स्थानीय दुकानदार मोहम्मद अरसालन ने बताया कि इस मार्ग में पोल से सड़क का अतिक्रमण हुआ है, आए दिन जाम लगा रहता है। नाली में स्लैब बना दिया जाता तो जाम और दुघर्टना से लोग बच सकते थे।



## 'आनंद सबके लिए' कार्यक्रम में बच्चों के बीच बांटी गई मिठाई







**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच दीपावली के पहले पूरे देश में 'आनंद सबके लिए' कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने सोमवार को राणी सती मन्दिर लेन स्थित श्री राणी सती विद्यालय व गाड़ी खाना चौक स्थित राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय में 'आनंद सबके लिये' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों एवं अध्यापकों के बीच मिठाई का वितरण किया व दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संयोजक मंच के सदस्य युवा सन्नी केडिया एवं युवा अंकित टांटिया थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, विशाल महल्का, तपिश केडिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

# न्यूज बॉक्स

## रांची समर्पण शाखा ने धनतेरस लकी ड्रॉ का किया आयोजन




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने धनतेरस लकी ड्रॉ कुबेर का खजाने का आयोजन किया। यह आयोजन अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। इसमें सात सांत्वना पुरस्कार और 1 बंपर पुरस्कार समेत कुल 101 चांदी के सिक्के दिए गए। जिसमें की बंपर पुरस्कार में 21 चांदी के सिक्के, साथ ही प्रथम पुरस्कार 17 चांदी के सिक्के, द्वितीय पुरस्कार में 13 चांदी के सिक्के, तृतीय पुरस्कार में 11 चांदी के सिक्के दिए गए। इस प्रकार कुल 101 सिक्के दिए गए। जिसमें पुरस्कृत हुए लोगों की टिकट संख्या इस प्रकार है।

**बंफर पुरस्कार टिकट संख्या**- 0885, प्रथम पुरस्कार -1447, द्वितीय -1497, तृतीय -1032, चतुर्थ-0623, पांचवां- 1312, छठा- 1270 व सातवां पुरस्कार- 0190 को दिया गया।

**सांत्वना पुरस्कार**

पहला पुरस्कार टिकट संख्या - 0103, दूसरा- 0107, तीसरा- 1318, चौथा- 0338, पांचवां- 1242, छठा - 1147 व सातवां - 0301 को दिया गया।

## सेल कर्मियों ने ली सतर्कता जागरूकता की शपथ



**रांची।** रांची स्थित सेल के इस्पात भवन में सोमवार को कर्मियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के लिए शपथ ली। इसका विषय राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति है। सीजीएम और कार्यवाहक ईडी (सुरक्षा) शशि वशिष्ठ ने हिंदी और सीजीएम और कार्यवाहक ईडी (एमटीआई) संजय धर ने अंग्रेजी में शपथ दिलायी। इसके बाद सीजीएम (लौह) एके मिस्त्री, सीजीएम (ऑटोमेशन और इंजीनियरिंग) संजय परिदा, सीजीएम (सीईटी) जे सलूजा और जीएम (सतर्कता) और एसीवीओ सेल की रांची इकाइयों ने क्रमश : राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य सतर्कता आयुक्त के संदेश को पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन सिद्धांत वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता) ने किया। बता दें कि हर नागरिक सतर्क रहे, हर समय ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के लिए खुद को प्रतिबद्ध करे और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करे, इसलिए उनको सतर्कता शपथ दिलायी जाती है।

## देसी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**रांची।** सोनाहातू थाना क्षेत्र की पुलिस ने रविवार की रात बरसालडीह मोड़ से एक युवक को देसी कट्टा और चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर चेकिंग अभियान चलाकर बरसालडीह मोड़ से हथियार के साथ बुंडू थाना क्षेत्र के गोसाईडीह गांव जीतलाल महली को धर दबोचा। आरोपी चोरी की बाइक से किसी घटना को अंजाम देने जा रहा था।

## हथियार व गोली के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिला थी कि एक काले रंग की फोर्ड कार जिसमें अवैध हथियार लेकर दो-तीन अपराधी रात्रि में ओयना, पिठोरिया, इरबा, ओरमांझी पथ पर आते- जाते है। प्राप्त सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी दो दौराना दो व्यक्ति एक देसी पिस्टल, गोली, दो मोबाइल, एक जीपीएस तथा नकद 11600 रूपया बरामद किया गया। वहीं कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी में संतोष पाठक और जितेश कुमार का नाम शामिल है। इन दोनों पर पहले से भी कई अपराधिक इतिहास रहा है।

## श्री श्याम मंदिर में दीपोत्सव एकादशी महापर्व मनाया गया



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में सोमवार को कार्तिक कृष्ण रम्भा सह दीपोत्सव एकादशी महापर्व मनाया गया। दीपावली पर्व को इस एकादशी पर पूरे मन्दिर परिसर को विभिन्न रंगों के विद्युत की लड़ियों व 1100 शुद्ध घी के दीयों से रोशन किया गया । प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रजातियों के रंग बिरंगे ताजा फूलों से श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मन्दिर में विराजमान वीर हनुमान एवं शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया।

## हरमू नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू नदी से सोमवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। युवक का शव जला हुआ है। शव देखकर प्रतीत हो रहा है कि शव दो दिन पुराना है। स्थानीय लोगों की सूचना पर अरगोड़ा और हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है और शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह हरमू नदी के किनारे रहने वाले कुछ स्थानीय लोगों ने नदी में एक शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी।

चापाटोली में अज्ञात युवती के मिले शव का हुआ खुलासा

## मृतका ने शादी के लिए बनाया दबाव तो तीन लोगों ने दुष्कर्म कर की हत्या

फॉलोअप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

23 अक्टूबर को डुगंरी चापाटोली में अज्ञात युवती का शव पाये जाने के मामले में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, प्रथम अमर कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अनुसंधानकर्ता- सह-ओ०पी० प्रभारी, खरसीदाग भवेश कुमार ने कांड का उद्धेदन करते हुए मृतका की शिनाख्त ग्राम तेतरा थाना बसिया जिला गुमला निवासी युवती के रूप में की ।

अनुसंधान के क्रम में कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त-1 अमरदीप गोप उर्फ छोटु, सोनु नायक उर्फ मेंडी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर कांड की मृतिका के साथ घटना की रात्रि में दुष्कर्म करने तथा मृतिका के द्वारा शादी का दबाव दिये जाने पर उसकी हत्या कर दिये जाने की बात स्वीकार की गई है। अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्तो के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगे पत्थर को जप्त किया गया। अनुसंधानकर्त्ता के द्वारा घटनास्थल से हत्या की घटना से संबंधित कई प्रदर्शों को जप्त किया गया है। कांड के शेष बचे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए उसके सभी संभावित ठिकानों का लगातार छापामारी की जा रही है।

## जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षाओं पर सुनवाई 27 को

**रांची।** जेपीएससी की प्रथम-द्वितीय संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता समेत 12 परीक्षाओं की सीबीआई जांच को लेकर दायर याचिका पर 27 नवंबर को सुनवाई होगी। सोमवार को मामले की आंशिक सुनवाई के बाद जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत ने 27 नवंबर को अगली तिथि निर्धारित की। प्रार्थी बुद्धदेव उरांव और पवन कुमार चौधरी ने जनहित याचिका दायर कर जेपीएससी की परीक्षाओं में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। परीक्षाओं में गड़बड़ी की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गयी है। के आदेश पर सीबीआई जांच चल रही है।

## रम्भा एकादशी पर श्रीश्याम मंदिर में पंचदीपों की आरती हुई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीश्याम मित्र मण्डल ने हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में दीपावली के पर्व की रम्भा एकादशी पर कई कार्यक्रम हुए। प्रातः 8.30 बजे श्रृंगार करके पंचदीपों की आरती की गयी। दोपहर शंख आरती करके कपाट बंद कर दिये गए। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने एकादशी पर सभी गर्भगृहों में विराजमान खाटूनरेश, लड्डूगोपाल , शालीग्रामजी, गरुड़जी, रिद्धी सिद्धी, हनुमानजी, शिव परिवार, प्राचीन तेल चित्रों, गुरुजनों का विशेष श्रृंगार किया। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्यों ने रजनीगंधा, मोती, कमल, मुरगन, लाल-पीला गेंदा, डच लाल गुलाब, डच पीला गुलाब के फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से खाटूनरेश को सजाकर सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया गया। सायंकाल जैसे गर्भगृहों के कपाट खोले गये वैसे ही खाटूनरेश की जयकारों से मंदिर गूंज उठा। एकादशी का मुख्य समारोह रात 9.30 बजे प्रारंभ हुआ।

मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 3 घंटे का अनवरत भजन-संकीर्तन प्रारंभ हुआ। श्रवण ढाढ़ंनिया, श्यामसुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल सोनू, गौरव अग्रवाल मोनू, अनुज मोदी, साकेत ढाढ़ंनिया, पंकज गाड़ोदिया, मनोहर केडिया, वेदभूषण जैन पप्पू, किशन शर्मा, निखिल नारनोली, रोशन खेमका, तनय काठपाल, पवन शर्मा आदि ने भजनों की श्रीगंगा प्रवाहित की। भजनों के कार्यक्रम में भक्तजन झूमते रहे। इस अवसर पर 21 दीपक का भी पूजन किया गया। इस अवसर पर मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संजय सराफ, अभिषेक सरावगी, रौनक पौदार, अरविन्द सोमनी, ने प्रसाद वितरण किया। जायसवाल परिवार ने देर रात महाआरती की। इसके साथ ही रम्भा एकादशी समारोह का समापन हुआ।













### आईटीआई के लिए 2018 में बना भवन, अब तक नहीं हुआ उद्घाटन

# स्थानीय विद्यार्थियों ने कहा, बासी भात खा कर भी पढ़ाई करते

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




Esrak Malik


Ashif Malik


Munna Malik

बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी)के तहत बेड़ो प्रखंड के चचकपी गांव में बनी भवन वीरान है। दरअसल, 2018 में आईटीआई खुलने के नाम पर भवन का निर्माण हुआ था। उक्त भवन के निर्माण में साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत आयी थी। इस भवन का अभी तक उद्घाटन नहीं हुआ है जबकि भवन का शिलान्यास बंधु तिर्की और सुदर्शन भगत ने किया था। स्थानीय निवासी मुन्ना मलिक ने बताया कि गांव में आइटीआई भवन बनने से हम सभी गांववासी खुश थे कि हमारे बच्चे बिना बाहर जाए इंजीनियर बन पाएंगे। जैसे- जैसे भवन बन रहा था, हमलोगों की उम्मीदें भी बढ़ चली थी। लेकिन भवन बनने के बाद कोई गतिविधि नहीं बढ़ी तो हम सब मायूस हो गए और ठगे हुए महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय छात्र एरसार मलिक ने कहा कि भवन निर्माण होने के बाद से पढ़ाई होती तो हमलोग भी गांव घर में रहकर आईटीआई की पढ़ाई कर सकते थे। सरकार का सारा पैसा व्यर्थ गया। स्थानीय छात्र आसिफ मलिक ने कहा कि आईटीआई खोलने के नाम पर करोड़ों की बनी भवन में पढ़ाई होती तो बासी भात खाकर भी आईटीआई की पढ़ाई कर लेते। चचकपी गांव की मुखिया पार्वती मिंज ने बताया कि भवन वीरान है, हमसबों को छला गया है। पढ़ाई की व्यवस्था न कर हमारे गांव-पंचायत का विकास रोका गया है।






## एक नजर

### अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध निगम ने शुरू की कार्रवाई

**रांची।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक-चौराहों तथा क्षेत्रों में विज्ञापन के लिए होर्डिंग्स अधिष्ठापित करने हेतु निगम की अनुमति अनिवार्य है। निगम क्षेत्र में विभिन्न एजेंसी के द्वारा विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स लगाई जाती है। नगर आयुक्त के क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि बहुत सारे विज्ञापन पट्ट / होर्डिंग्स अवैध तरीके से बिना एनओसी प्राप्त किये अधिष्ठापित किये गये है, जिसके कारण शहर की सुंदरता खराब हो रही है एवं निगम को राजस्व की क्षति भी हो रही है। नगर आयुक्त के आदेशानुसार कार्यहित में बाजार शाखा के स्तर से टीम गठित कर अवैध विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की गई है।

### तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों के नामांकन स्क्रूटनी में सही पाए गए

**रांची।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से कुल 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा भरा था। सोमवार को बुंडू अनुमंडल के निर्वाचन कार्यालय में स्क्रूटनी के दौरान सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने बताया कि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर है उसके बाद चुनाव चिह्न दिए जाएंगे। प्रत्याशियों में सुरेश मुंडा-भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, गुंजन इकिर मुंडा-निर्दलीय, दमयंती मुंडा-झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, गोपाल कृष्ण पातर-जनता दल यूनाइटेड, विकास कुमार मुंडा-झारखंड मुक्ति मोर्चा, प्रेमशंकर शाही मुंडा-भारत आदिवासी पार्टी, लखीन्द्र मुंडा-निर्दलीय, परमेश्वरी सांडिल-निर्दलीय, राजकुमार मुंडा-झारखंड पार्टी, हराधन सिंह मुंडा-निर्दलीय, रविंद्रनाथ मुंडा- निर्दलीय, सचिन पातर-बहुजन क्रांति पार्टी, बिट सिंह मुंडा-निर्दलीय,उदरकांत सिंह मुंडा-हमार राज पार्टी, इसाहक हमसोय-निर्दलीय और गुरुवा मुंडा- निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं।

### लापुंग पहुंचे व्यय प्रेक्षक

**लापुंग।** भारत निर्वाचन आयोग के रांची जिला के व्यय प्रेक्षक आब्जर्वर और असिस्टेंट आब्जर्वर ने लापुंग के सभी चारों चेक पोस्टों का जांच किया। उन्होंने जांच को और अधिक कड़ाई से जांच करने का निर्देश दिया। लापुंग में चुनाव के लिए ककरिया, दोलैचा ,फतेहपुर व लालगंज में चुनाव के लिए बनाए गए चेकनाकों का जांच किया।

### बेड़ो पुरना पानी चेक पोस्ट से तीन लाख रुपये जब्त

**बेड़ो।** बेड़ो एफएसटी दल व बेड़ो पुलिस ने सोमवार की सुबह लगभग 5:00 बजे गुमला की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन से ?3 लाख बरामद किया। जहां वाहन चालक ने बताया कि वे जशपुर से टेंट का सामान खरीदने रांची जा रहे थे। वहीं एफएसटी दल ने बताया वाहन चेकिंग के दौरान उन्हें तीन लाख रुपया मिला। जिसे जब्त कर अग्रेतर कारवाई के लिए जिला भेज दिया गया है।

# धनतेरस के लिए सज गये खलारी के बाजार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
धनतेरस को लेकर खलारी का बाजार सज गया है। धनतेरस त्योहार की संभावित खरीदारी को ध्यान में रखकर व्यापारियों ने अपनी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में स्टाक रखा है। सोना-चांदी की दुकानों, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक व घरेलु उपयोग के सामानों की दुकानों व दोपहिया वाहनों के शो रूम में ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष तैयारी की गई है। खरीदार भी बाजार में पहुंचने लगे हैं। खलारी के केडी बाजार, डकरा बाजार, राय, महावीरनगर सहित अन्य जगहों के बाजार में सामानों की खरीदारी शुरू हो गई है। एलईडी टीवी, मोबाइल, वाशिंग मशीन, फ्रिज, दोपहिया वाहन सहित अन्य समानों की अग्रिम बुकिंग कराई गई है। ग्राहक धनतेरस के दिन इन्हें घर ले जाएंगे। खलारी स्थित सभी बाइक शोरूम में कंपनियों द्वारा कई आकर्षक आफर भी दिए जा रहे है। विभिन्न बाइको के माडलों पर 5 से 10 हजार रूपए तक की छूट उपलब्ध है। कहीं बाइक के साथ हेलमेट सहित कई आकर्षक उपहार दिए जा रहे है। इलेक्ट्रानिक और मोबाइल की दुकानों में ग्राहकों को आकर्षक उपहार के साथ ब्याज रहित फाइनेंस के अलावा लक्की ड्रा पर ढेर सारे उपहार देने की योजना है। केडी रोड स्थित कार शो रूम में कई माडल लाकर रखे गए हैं। धनतेरस व दीपवाली त्योहार को लेकर लोग एक दूसरे को उपहार देने के लिए मिठाइयां, ड्राईफ्रूट्स के पैकेट, बर्तन, चांदी के सिक्के आदि की खरीदारी भी कर रहे है। इसके अलावा घरेलू सज्जा के आर्टिफीसियल फूल के सजावटी सामान, तरह तरह की विद्युत लड़ियां, पटाखों व मिठाइयों की सजी दुकानों से बाजार दुल्हन की तरह दिखाई दे रहा है।

डीएसपीएमयू के मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में विलंब

## 60 दिनों का इंटर्नशिप केवल 30 दिनों में हुआ पूरा

**नवीन मेल संवाददाता/रांची**
डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन सत्र 2022-24 का चौथे सेमेस्टर का परीक्षा अब तक नहीं हो पायी है। बाकी रेगुलर कोर्स और एमबीए की परीक्षा संपन्न करा लिया गया है। लेकिन हॉस्पिटल परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि भी जारी नहीं हुई है। मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन का कोर्स फीस 1,06,000 रुपए है। पहले सेमेस्टर में 28,000, दूसरे सेमेस्टर में 25,000, तीसरे सेमेस्टर में 28,000 और चौथे सेमेस्ट में 25, 000 फीस लिया जाता है। छात्रों ने तीसरे सेमेस्टर तक का फीस जमा कर दिया है। छात्रों ने बताया कि अभी चौथे सेमेस्टर का फीस जमा करने का पोर्टल नहीं खुला है। जुलाई 2023 में पहले सेमेस्टर की परीक्षा हुई। वहीं दिसंबर 2023 में दूसरे सेमेस्टर का परीक्षा लिया गया, लेकिन इसका वाइवा फरवरी 2024 में हुआ। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा जुलाई 2024 में लिया गया। नियमतः अब तक कोर्स पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन अब तक अधर में लटका हुआ है। छात्रों ने बताया कि सिलेबस में 60 दिनों का इंटर्नशिप है, लेकिन हमलोगों का 30 दिनों का ही इंटर्नशीप हुआ। बाकी 30 दिनों के इंटर्नशीप के लिए फिर से लेटर लिया गया है, जिस संस्थान में इंटर्नशीप होना है उस संस्थान से अभी तक एप्रुवल नहीं मिला है। इसके लिए विभाग की ओर से कोई कॉर्डिनेशन नहीं किया है।

### नवंबर तक इसे पूरा कर लिया जाएगा : निदेशक

इस संबंध में विभाग के निदेशक डॉ सीजी बास्के से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि इस कोर्स में डॉक्टर पढ़ाते हैं, जो बाहर से आते है। केवल इस बैच के साथ दिक्कत है। दीपावली की छुट्टी के बाद परीक्षा ले लिया जाएगा। नवंबर तक इस बैच को पूरा कर लिया जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### डॉ परमेश्वर भगत ने लापुंग के गण्यमान्य बुद्धिजीवी वर्ग एवं कार्यकर्ताओं संग की बैठक



**लापुंग।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत अपनी तूफानी दौरा के क्रम में आज लापुंग प्रखंड के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। तत्पश्चात प्रखंड मुख्यालय में लापुंग प्रखंड के सभी पंचायत अंतर्गत आने वाले बुद्धिजीवी वर्ग, समाज के अगुवागणो एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक किया। बैठक में विभिन्न पंचायत से आए अगुवागणो ने एक सुर में कहा कि हमारा लापुंग प्रखंड अत्यंत पिछड़े क्रम में आता है, एक व्यक्ति हमारा दिए गए मतदान से लगातार प्रतिनिधित्व कर रहा है परंतु कोई अमूल चूल परिवर्तन देखने को नहीं मिल रहा है। हमे हमारे जनप्रतिनिधियों के द्वारा ठगा गया है, विकास के कार्यों में लापरवाही बरती गई है। हम सभी इस बार बदलाव चाहते है। इस बार हम समस्त प्रखंडवासियों ने ये ठाना है कि एक शिक्षित, कर्मठ, इमानदार, प्रशासनिक सेवा में एक लंबी अवधि व्यतीत किए हुए व्यक्ति, सभी जाति, धर्म, समुदाय को लेकर चलने वाले पूर्व डीडीसी डॉ. परमेश्वर भगत को पूरा समर्थन करेंगे।

### मतदाता जागरूकता के लिए खलारी के स्कूली बच्चों ने निकाली रैली



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालयों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य र्निाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रीमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में जनता +2 हाई स्कूल खलारी के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाता शिक्षा व निर्वाचन सहभागिता के लिए जागरूक किया। विद्यार्थी मतदाता जागरूकता संबंधी श्लोगन लिखा तख्ती हाथ में लिए हुए थे। रास्ते में 'मतदान करना जरूरी है' जैसे नारे लगाए जा रहे थे। इस दौरान मिलने वाले महिलाओं पुरूष को मतदान जागरूकता संबंधित पर्ची दिया गया। इसके अलावा प्रखंड के कई दूसरे सरकारी विद्यालयों के बच्चों ने भी जागरूकता रैली निकाला। छात्र छात्राओं के द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता के लिए अपने माता पिता के नाम पत्र लेखन, रंगोली आदि कार्यक्रम किया गया।

### राज्यस्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 खो-खो प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** राज्यस्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 अंतर्गत खो-खो प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। सभी वर्गों के मुकाबले में टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का लोहा मनवाया। समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी खिलाड़ियों एवं टीमों को पुरस्कृत किया गया। अंडर 14 बालक वर्ग मुकाबले में गुमला विजेता बना। देवघर इस मुकाबले में रनरअप बना और पूर्वी सिंघभूम तीसरे पायदान पर रहा। देवघर के राज रजवाड़ को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। ज्ञानेंद्र उरांव को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। अंडर 14 बालिका वर्ग मुकाबले में रामगढ़ विजेता बना। रांची की टीम रनरअप रही और गुमला तीसरे पायदान पर रहा। रांची की सानिया कुमारी को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। रामगढ़ की रूबी कुमारी को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। अंडर 17 बालक वर्ग मुकाबले में रांची विजेता बना। कोडरमा इस मुकाबले में रनरअप बना और सरायकेला तीसरे पायदान पर रहा।

### पोलिंग पार्टी और माइक्रो आब्जर्वर का हुआ सेकेंड रैंडमाइजेशन



**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त पोलिंग पार्टियों एवं माइक्रो आर्ब्जवर का सेकेंड रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में किये गए रैन्डमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रेक्षक/पुलिस प्रेक्षक, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश यादव, सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारी, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव कुमार, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। विधानसभा क्षेत्र तमाड़, रांची, हटिया, कांके और माण्डर के लिए पोलिंग पार्टियों और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया।

### सीएमपीडीआई के सीएमडी ने कर्मियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया और मुख्यालय-रांची और क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की शुरूआत की। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम पर मनाया जाएगा। सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न एवं फैलाने के लिए हर वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इससे पूर्व, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। इस सप्ताह के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा आयोजित विभिन्न आंतरिक स्तर पर (इन-हाउस) और आउटरीच गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की और 3 महीने से चल रही सतर्कता जागरूकता के बारे में जानकारी दी। यह अभियान 16 अगस्तसे 15 नवम्बर, 2024 और संस्थान द्वारा आज तक ह्यनिवारक सतर्कताह्ल पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

### लेजर व लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत ने मुंबई में बवासीर पर दिया व्याख्यान

**रांची।** बवासीर (पाइल्स) और (भेरिकोज भेन) बीमारी पर मुंबई में आयोजित दो दिवसीय समिट में, डॉक्टर अजीत ने बवासीर बीमारी के लक्षण, ग्रेडिंग, बचाव एवं इलाज के विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। डॉ अजीत ने बताया की यह एक जीवन शैली से संबंधित बीमारी है। बदलते जीवनशैली एवं खान-पान के कारण यह महामारी का रूप लेते जा रही है। लगभग आधी आबादी इस बीमारी से ग्रसित हैं। इस बीमारी के मुख्य लक्षण है मलद्वार से खून आना, खुजली एवं मांस का बाहर आना। इस बीमारी से बचाव के लिए डॉक्टर अजीत में बताया कि टॉयलेट में फोन लेकर नहीं जाना चाहिए, शौच के समय ज्यादा जोर नहीं लगाना चाहिए, खाने में फाइबर युक्त भोजन लें (साग,सब्जी,फल,फूल सलाद) एवं पानी का प्रयोग ज्यादा करें (2-3 लीटर कम से कम) इस बीमारी के इलाज में सकलेरोथेरेपी, आरबीएल,आधुनिक लेजर तकनीक एवं सर्जरी का अहम रोल है। 40 वर्ष से ज्यादा उम्र के मरीजों को खून आने की अगर शिकायत होती है, तो पूरी जांच करानी चाहिए, कैंसर की खतरे को जानने के लिए। मौके पर एम्स, बीएचयू एवं अन्य संस्थानों के पूर्व निदेशक विभागध्यक्ष एवं वरीय सर्जनों के साथ साथ -साथ लगभग 900 से अधिक चिकित्सकों ने ऑन-लाइन और ऑफ लाइन भाग लिया।

## सीसीएल ने किया फेस्टिवल डी का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
28 अक्टूबर से तीन नवंबर तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव फेस्टिवल डी सीसीएल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस महोत्सव के पहले दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमडी सीसीएल ने सभी उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सीवीओ पंकज कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सत्यनिष्ठा का पालन न केवल संगठन बल्कि पूरे देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। सीएमडी सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह ने ईमानदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके पश्चात उन्होंने ई-प्लेज बूथ का उद्घाटन किया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ ड्रोन द्वारा किया। सीएमडी सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा। समारोह में सभी गणमान्य अतिथियों ने लाइव पेंटिंग कलाकारों के साथ बातचीत की। ये कलाकार महोत्सव के तीनों दिनों में लाइव पेंटिंग प्रस्तुत करेंगे, जिसमें वे भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता और ईमानदारी को बढ़ावा देने वाले विषयों पर अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे।

## मांडर से सभी 17 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
माण्डर विधान सभा क्षेत्र से स्क्रूटनी का कार्य पूरा हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र से 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन निर्वाची पदाधिकारी को समर्पित किया था। स्क्रूटनी के बाद सभी 17 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत किया गया। स्वीकृत अभ्यर्थियों के नाम जगरे उरांव, भारत आदिवासी पार्टी, बिश्राम उरांव, निर्दलीय, कीर्ति सिंह मुंडा, सीपीआई (मार्क्सवादी), सुशील कुजूर, निर्दलीय, शिल्पी नेहा तिर्की, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, विमला लोहा, भागीदारी पार्टी (पी), सन्नी टोप्पो, भारतीय जनता पार्टी, संजय महली, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक, गुना भगत, झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, सुखमणि तिग्गा, बहुजन समाज पार्टी, डॉक्टर परमेश्वर भगत, निर्दलीय, कांता खलखो, अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, रेखा देवी, निर्दलीय,शिव उरांव, संपूर्ण भारत क्रांतिकारी पार्टी, राम लखन महली, निर्दलीय, विनोदित तिग्गा, निर्दलीय व विकास ज्योति उरांव, निर्दलीय। कांके विधानसभा में स्क्रूटनी के बाद 02 अभ्यर्थियों का नामांकन अस्वीकृत14 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृतरांची। कांके विधानसभा क्षेत्र से स्क्रूटनी के बाद 02 अभ्यर्थियों का नामांकन अस्वीकृत किया गया है, जबकि 14 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत किया गया। जिन अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकृत हुए उनमें दामोदर राम, निर्दलीय व रोहित कुमार दास, निर्दलीय शामिल है। जिनके नाम स्वीकृत हुए उनमें अजीत कुमार रवि, राइट टू रिकॉल पार्टी, फुलेश्वर बैठा, झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, राजन नायक, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), दीपशिखा कुमारी, निर्दलीय, डॉ जीतू चरण राम, भारतीय जनता पार्टी, अशोक कुमार नाग, निर्दलीय, मधुसूदन कुमार, आजाद समाज पार्टी (कांशी राम), सुरेश कुमार बैठा, इंडियन नेशलन कांग्रेस, संतोष कुमार रजक, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कमलेश राम, समाजवादी पार्टी व मुकुल नायक, लोकहित अधिकार

### विद्यालय के गोदाम से 12 बोरी चावल की चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय केशा में अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर बच्चों के निवाले के लिए रखी मध्याह्न भोजन योजना की 12 बोरा चावल की देर रात चोरी कर ली। घटना की जानकारी तब हुई जब राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षिकाओं क्रमशः अंजना मिंज एवं फिलिसिता इंदवार की नजर सफाई करने के दौरान बरामदे में गिरी चावल की दानों एवं गोदाम के टूटे हुए ताले पर पड़ी। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी विद्यालय की प्रधान शिक्षिका फिलिसिता तिग्गा को दी। आनन फानन में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सगुफ्ता परवीन एवं संयोजिका सालेहा फि रदौस को बुलाकर उन्हें जानकारी दी गई। सलेहा फिरदौस ने बेडो. थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### महावीर लोहरा के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रोगाडीह पतराटोली गांव में माननीय न्यायालय के आदेश पर दोहरे हत्याकांड के आरोपी महावीर लोहरा के घर पर बेड़ो पुलिस के द्वारा इश्तहार चिपकाया गया। इश्तहार के अनुसार फरार आरोपी 25 दिनों के अंदर सरेंडर नहीं करता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। बेड़ो थाना क्षेत्र के रोगाडीह पतरा टोली में 14 सितंबर 2020 को 120 से 150 ग्रामीणों ने मिलकर डायन बिसाही कहकर रोगाडीह पतरा टोली की महिला बिरसी उराईन एवं उसके पति मंगरा उरांव की नृशंस हत्या कर दी गई थी। जिस पर बेड़ो थाना में कांड संख्या 79/20 दिनांक 15-09-2020 के तहत भादवि की धारा 147/ 148 /341/ 313/ 37/302 एवं 3/4 डायन प्रथा निषेध अधिनियम के तहत महावीर लोहरा एवं सनिका उरांव सहित 100 से 150 अज्ञात लोगों के ऊपर मामला दर्ज किया गया था।

कोई भी सामान खरीदने से पहले एक-दो दुकानों से कीमत पता कर लें

# सामान भी अच्छा मिलेगा और कम दाम में भी




नवीन मेल संवाददाता।रांची। दीपावली में आम तौर पर हर तबके का व्यक्ति कुछ ना कुछ खरीदता है। धनतेरस के दिन यह खरीदारी और भी बड़ी हो जाती है। पुराने समय में लोग अपनी पहचान के दुकानदार से ही सामान खरीदते थे। अब जमाना नई टेक्नोलॉजी से प्रभावित है। आज के दौर में कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म हैं। जो लोग दुकानों से सामानों की खरीदारी करते हैं, वे अलग-अलग दुकानों से कीमत की जानकारी भी लेते हैं। एक ही सामान या एक ही कंपनी के किसी खास मॉडल का भी सामान लेने जाते हैं, तो अलग-अलग दुकानों में अलग-अलग कीमतों का पता चलता है। इस बीच, राष्ट्रीय नवीन मेल की संवाददाता ने अलग-अलग दुकानों से एक सामान की कीमत पता की, तो कुछ ऐसा ही मिला।
वैसे तो लोग धनतेरस के दिन दीपावली के लिए अपनी इच्छानुसार खरीदारी करते हैं। लेकिन, कई बार सोची गई वस्तु खरीद नहीं पाते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह होती है सिर्फ एक ही दुकान का दौरा करना, जबकि किसी भी वस्तु को खरीदने के लिए कम से कम आस-पास की दो-चार दुकानों में जाकर कीमतों का पता लगाना चाहिए, इससे बेहतर सामान कम कीमत में मिल जाता है।
हमने एक फोन के मॉडल को खरीदने की सोची। शुरूआत में बड़ी दुकानों में जाकर जायजा लिया कीमतों का। लेकिन, महंगे दामों के कारण वहां से निकलना पड़ा। इसके बाद एक-दो नार्मल मोबाइल दुकानों में भी गए और वहां फोन की कीमत जानी। वह भी संतोषजनक नहीं लगा। हालांकि, अंत में इच्छानुसार फोन भी मिला और कीमत भी सोच के अनुसार ही लगा। हम वन प्लस 12 मॉडल खरीदने निकले थे। एक ही मॉडल की कीमत अलग-अलग दुकानों में अलग-अलग तरीके से बताया गया। कहीं 40 हजार, तो कहीं 51 हजार। फाइनेंस होने के बाद की कीमतें भी अलग-अलग तरीके से बताई गईं। रांची के मेन रोड स्थित बहुप्रचारित तीन दुकानों में आधा किलोमीटर के दायरे में जो हमने देखा, उससे आपको धनतेरस की खरीदारी में मदद मिलेगी। सबसे अधिक कीमत वाली वह दुकान थी, जो जीरो इंट्रेस्ट और बिना डाउन पेमेंट पर इलेक्ट्रॉनिक सामान देने का दावा करती है। हमने कई दुकानों में जाकर इसलिए जानकारी ली, क्योंकी हम इस बात से आवगत थे कि हमें जो वस्तु लेना है, वह महंगी है। दुकानों में जाकर पता करने से सोचने और परखने का मौका मिल गया। आप भी ऐसा करें, तो कम कीमत में बेहतर सामान मिल जाएगा।

### जीरो इंट्रेस्ट और बिना डाउन पेमेंट पर इलेक्ट्रॉनिक सामान देने का दावा करने वाली दुकानों में कीमत सबसे ज्यादा

### डॉ दीपक गुप्ता ने की अपील, हर वोट हर मतदाता का संकल्प लोकतंत्र की मजबूती के लिए

रांची। डॉ दीपक गुप्ता द्वारा मतदान जागरूकता अभियान लगातार आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में, सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम जिम्नास्टिक खिलाड़ियों के बीच आयोजित किया गया।
कार्यक्रम के दौरान डॉ. दीपक गुप्ता ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने कहा, चुनाव वह अवसर है, जब एक-एक वोट की कीमत लोकतंत्र के भविष्य को तय करती है। हम सबके पास यह शक्ति है कि हम अपने समाज, अपने प्रदेश और अपने देश को एक नई दिशा दें। पिछले चुनाव में कुछ बूथों पर कम मतदान देखा गया था। इस बार, आइए यह प्रण लें कि हम खुद भी वोट डालेंगे और अपने परिवार, मित्रों तथा आस-पास के लोगों को भी जागरूक करेंगे। हर वोट की गूंज विधानसभा तक जाएगी, इसलिए आपका हर एक वोट अनमोल है।

कई जिलों में बिकेंगे खलारी के लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति व दीये

# प्रतिकूल मौसम से प्रभावित हुआ है दीयों का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी में बनी लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां व दीये केवल खलारी व आसपास के अलावा रांची सहित कई दूसरे जिलों के बाजार में भी उपलब्ध होंगे। मिट्टी के ये सभी सामान खलारी के जेहलीटांड़ में रहने वाले कुम्हारों ने बनाया है। जेहलीटांड़ में करीब एक दर्जन कुम्हार परिवार रहते हैं। कुम्हारों ने बताया कि इस वर्ष यहां पंद्रह हजार से अधिक लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां बनाई गई हैं। खुदरा बाजार में ये मूर्तियां 60 रूपए से लेकर 1500 रूपए तक बेची जाएंगी। इस वर्ष प्रतिकूल मौसम के कारण मिट्टी के दीयों का निर्माण प्रभावित हुआ है। दो लाख कच्चा दीया अभी भी बचा हुआ है। दीयों की कमी के कारण बाजार में कीमत बढ़ सकती है। इस वर्ष मिट्टी के दीये 180 से 200 रुपए प्रति सैंकड़ा तक बिक्री होने का अनुमान है। अभी तक छह लाख दीये बनाए जा चुके हैं। रांची, रामगढ़, गुमला, लातेहार, खूंटी, डालटेनगंज, लोहरदगा, पतरातू, चतरा, हजारीबाग के व्यापारी खलारी जेहलीटांड़ में बनी मूर्तियां व दीये यहां आकर ले गए हैं। जेहलीटांड़ कुम्हार बस्ती में केवल दीवापली के अवसर पर मूर्तियां, दीये, व मिट्टी के अन्य सामान मिलाकर करीब पचीस लाख का कारोबार होने की संभावना है। प्रमोद प्रजापति बड़ी मूर्तियां भी बनाते हैं।



### माटी कला बोर्ड से मिली मशीनें बनीं सहायक

राज्य के रांची स्थित झारखंड माटी कला बोर्ड से रियायती दाम पर मिले विद्युत चलित चाक, मिट्टी मिक्सिंग मशीन से जेहलीटांड़ के कुम्हारों का काम आसान हो गया है। माटी कला बोर्ड से मात्र 2200 रू में चाक व 4500 रू में मिक्सिंग मशीन मिला है। पूंजी के अभाव में कुछ ही परिवार मशीन खरीद पाए हैं। इन कुम्हारों को अभी केंद्र के ह्यकुम्हार सशक्तिकरण योजनाह्ल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खलारी जेहलीटांड़ के कुम्हारों को प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

## एक नजर

### कनक ज्वेलर्स में सोना चांदी की खरीद पर ग्राहकों को दी जा रही विशेष छूट

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा के समीप स्थित सोना चांदी के प्रतिष्ठित दुकान कनक ज्वेलर्स में धनतेरस, दीपावली तथा छठ पर्व पर ग्राहकों को विशेष छूट दी जा रही है। दुकान के ऑनर बिंदु सोनी ने बताया कि कनक ज्वेलर्स क्वालिटी एवं उचित दामों के लिए क्षेत्र में अपना अलग पहचान रखती है ।कहा कि सोने के जेवर की खरीदगी के बराबर चांदी मुफ्त तथा चांदी के खरीद पर बनाई में 50% की छूट दी जा रही है ।बताया कि डायमंड ज्वेलरी की खरीद की पर ग्राहकों को कार जीतो ऑफर की मुफ्त कूपन कार्ड मिलेगी। यह सभी ऑफर छठ पर्व तक लागू होगा।

### सामान्य व व्यय पर्यवेक्षक ने मीडिया कोषांग का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक माल सिंह भयडिया और व्यय प्रेक्षक व्यय प्रेक्षक सुरेंद्र कुमार मीणा ने सोमवार को मीडिया कोषांग का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार से कोषांग के कार्यों की जानकारी ली। उन्हें निर्देश दिया कि सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टीवी चैनल, रेडियो आदि पर पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखें। समाचार पत्र के कतरन रिपोर्ट के साथ पेश करें। मीडिया कोषांग में मौजूद कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की गई। व्यय पर्यवेक्षकों ने निर्देशित किया कि राजनीतिक दलों के प्रत्याशी या निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार का विज्ञापन, वीडियो, बल्क मैसेज आदि प्रसारित होने से पहले एमसीएमसी कोषांग से प्री सर्टिफिकेशन जरूरी है। पेड न्यूज चिह्नित होने पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### राजद प्रत्याशी सुभाष यादव की जीत सुनिश्चित करने को गठबंधन दलों की बैठक संपन्न

**डोमचांच।** राजद प्रत्याशी सुभाष यादव की स्क्रूटनी सफल होने पर पार्टी नेता और कार्यकताओं में उत्साह है। सोमवार को टैक्सी स्टैंड के समीप इंडिया गठबंधन नेताओं, कार्यकताओं की बैठक हुई। राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इंडिया गंठबंधन प्रत्याशी सुभाष यादव का स्क्रूटनी सफल रहा। हमलोग लगातार इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिए मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे और प्रत्याशी सुभाष यादव को जीताने के लिए जनता के बीच जाएंगे। कोडरमा विधानसभा में भाजपा से विधायक 10 वर्ष से है। इस क्षेत्र में पत्थर, माइका का कारोबार ठप पड़ गया है। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो असलम ने की।

हजारीबाग सदर विस क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने सदर पूर्वी मंडल का किया दौरा

# रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में आ रही भाजपा सरकार : प्रदीप प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सदर विधानसभा के सदर पूर्वी मंडल के कोलघटी, मंडई कला ,मडई खूर्द, सियारी, नगवाँ चुरचू, सिंदूर, करकरी, अमृतनगर, जगदीशपूर, बडासी, डडई कला, अमनारी शेखा, केसुरा, रोला सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने अशीर्वाद यात्रा में देवतुल्य जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता का सेवक हूँ ओर निरंतर सेवा जारी रहेगा। उन्होनें कहा कि हजारीबाग मेरा परिवार है। आशा है आप सभी का अशीर्वाद मिला तो विधानसभा क्षेत्र का संम्पूर्ण विकास करेगें। जनता मन बना चूँकि है पूरे प्रदेश में कमल खिलेगा ओर भाजपा की सरकार बनेगी। समृद्ध व खुशहाल हजारीबाग के लिए भाजपा का साथ देनें का आग्रह किया। इस आशीर्वाद यात्रा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चन्द्रवंशी, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष व जिला षरिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी, पुर्वी मंडल अध्यक्ष व अमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा मेहता , पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, कमल गोप, मंडल उपाध्यक्ष राजु महतो, हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि केसरी, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रोहित कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष व पूर्व 20 सुत्री अध्यक्ष अंगेसर महतो, महिला जिला उपाध्यक्ष भानुमति पासवान, सोनी देवी, संतोष सिन्हा, विजय वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता व मुखिया दिनेश कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश प्र. कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुखिया चौधरी साहु, शिवपाल यादव, अजीत पासवान, रामअवतार शर्मा, पूर्व मुखिया अनूप ठाकुर, राजेन्द्र प्रसाद मेहता सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।



हजारीबाग मेरा परिवार है, आप सभी का अशीर्वाद मिला तो विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास करेंगे

सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, मुआवजे का दिया आश्वासन

## बरकट्ठा में महिला की सड़क हादसे में मौत आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

स्वर्णिम चतुभुर्जी जीटी रोड निर्माण कार्य करा रही एजेंसी की लापरवाही से सड़क हादसे में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को साप्ताहिक बाजार जा रही एक महिला को टैंकर ने बरकट्ठा चौक के पास जीटी रोड अपने चपेट में ले लिया जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान रशीदा खातून 50 वर्ष पति जिब्राइल मियां ग्राम कोनहारा खुर्द निवासी के रूप में हुई। घायल महिला को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देखते हुए सदर रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना करीब तीन बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला सोमवार साप्ताहिक बाजार बरकट्ठा जा रही थी। इसी बीच बरही की ओर से आ रही डब्लूबी 39 ए 8599 ने महिला को चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## न्यूज बॉक्स

### बच्चों ने स्कूल में दीपोत्सव व छठ महापर्व की झलकियां प्रस्तुत की



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, पारनाला में आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व पर्व के अवसर पर विद्यालय में दीपोत्सव एवं छठ महापर्व की झलकियां बच्चों ने झांकी के रूप में प्रस्तुत की। विद्यालय में पढ़ने वाली बहनों ने नवनिर्मित रंग-बिरंगे दीप जलाए साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की रंगोलिया बनाई एवं प्रकृति का प्रकृति का पर्व की झलकीया प्रस्तुत कर दर्शकों एवं श्रोताओं का मन मोह लिया। विद्यालय में पढ़ने वाली बहनों ने पूरे भक्ति भाव के साथ छठ महापर्व की झलकियां प्रस्तुत कर मंत्र मुग्ध कर दिया। उपर्युक्त कार्यक्रम बालिका व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बहनों ने छठ महापर्व के गीत, नागपुरी गीत,गुजराती गीत एवं भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्ति में बना दिया।

### चौथी झारखंड गतका चैंपियनशिप में कोडरमा बना ओवरऑल चैंपियन



**बरही।** रविवार को श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ के प्रांगण में चौथा झारखंड सब-जूनियर और सीनियर गतका चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया. जिसमे झारखंड के विभिन्न जिलों के विभिन्न विद्यालयों से करीब 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य रोहित कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालय के प्रतिनिधियों ने विद्यालय के संस्थापक स्व दशरथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया. इस अवसर कर विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर खिलाड़ियों व अतिथियों का स्वागत किया. देर संध्या तक चले प्रतियोगिता में रोमांच बना रहा और दर्शकदीर्घा भरा रहा. इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक मेडल प्राप्त कर कोडरमा जिला मैच का ओवरऑल चैंपियन बना. वही हजारीबाग दूसरे और बोकारो तीसरे स्थान पर रहा. प्राचार्य श्री सिंह ने बताया कि गतका खेल को पूरे प्रदेश में बढ़ावा देते हुए खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य था, जो काफी सफल रहा. उन्होंने सभी आगंतुकों का अभार जताते हुए प्रतियोगिता सफल बनाने के लिए विद्यालय कर्मियों के योगदान के लिए धन्यवाद दिया.

### भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव ने कोडरमा के विभिन्न वार्डों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव ने सोमवार को कोडरमा नगर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर समर्थकों संग जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने प्रत्याशी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में क्षेत्र की जनता से किए गए वादों के अनुरूप जनता की उम्मीदों और विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र में विकास और सुशासन की बुनियाद को रखने का काम किया है। इन विकास कार्यों के कारण भाजपा के पक्ष में पूरे विधानसभा में सकारात्मक माहौल बना है। जनता का विश्वास, समर्थन और आशीर्वाद भाजपा के साथ है। विकास और सुशासन की बुनियाद पर जिले के सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास कराना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। अभियान में मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू भैया,भाजयुमो अध्यक्ष राजेश सिंह, प्रवीण चंद्रा, विनय कुमार बेलू, सुनील बड़गवे,विजय सिंह,सौरभ कुमार,रमेश भारती, बाबू सिंह,मं रवि मालाकार आदि मौजूद थे।

एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने समर्थकों के साथ किया नामांकन

# हम राज्य में पढ़ाई, दवाई, न्याय और कमाई की नीति को लेकर आगे बढ़ेंगे : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए की प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने 28 अक्टूबर को समर्थकों की भारी भीड़ के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन किया। उनके नामांकन में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो मौजूद थे ।नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि रामगढ़ की जनता एक फिर से उन्हें वोट देकर विजय बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि मैंने रामगढ़ को विकास के मामले में आगे ले जाने का कार्य किया और लोगों के हर सुख दुख में उनके साथ रही हूं इसलिए लोग अपना आशीर्वाद देकर मुझे विजय बनायेंगे। नामांकन से पूर्व सुनीता चौधरी ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया।

**नामांकन के बाद सिदो कान्हू जिला मैदान में हुआ विशाल आशीर्वाद सभा का आयोजन**



एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के नामांकन के बाद शहर के सिदो कान्हू जिला मैदान में नामांकन विशाल आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो शामिल रहे। आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ को जो विकास किया है उससे रामगढ़ विधानसभा विकास के मामले में राज्य में अव्वल है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ का विधायक रहते हुए चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ को अनुमंडल से जिला बनाने का कार्य किया। दुलमी और चितरपुर को प्रखंड बनाने का कार्य किया।

शेफाली गुप्ता ने ओल्ड एज होम में मनाया दीपोत्सव

## वरिष्ठ नागरिक व मूक बधिर बच्चे हमारे समाज का हिस्सा हैं, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिपावली के पूर्व ओल्ड एज होम एवं मुख बधिर विद्यालय में दिन सोमवार को दीपोत्सव का त्यौहार मनाया।इस अवसर पर ओल्ड एज होम निवास कर रहे वरिष्ठ नागरिक एवं मुख बधिर विद्यालय अध्ययनरत बच्चों को मिठाई खिलाकर दिपावली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। मुख बधिर विद्यालय के पठनपाठन कक्ष में अंधेरे के कारण मुख बधिर बच्चों को पढाई लिखाई में काफी कठिनाई हो रही थी। इसे संज्ञान में लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता द्वारा पठनपाठन कक्ष में टयूब लाईट लगाया गया। उन्होंने विद्यालय परिवार को हर संभव सहयोग करने का भरोसा एवं विश्वास दिया। मुख बधिर बच्चों के चेहरे पर निश्चल मुस्कान एवं अपनापन के भाव से काफी सुखद एहसास कराया। वहीं ओल्ड एज होम में निवास कर रहे तीन वरीष्ठ नागरिकों को आंखों से दृश्य को देखने में काफी कठिनाई होती थी। जिसको लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने तीन वरीष्ठ नागरिकों को डॉक्टर्स से आंखों का चेकअप कर चश्मा भेंट किया।

### रॉड से मारकर पत्नी की हत्या के आरोपी पति को भेजा गया जेल

**बरही।** शनिवार की रात्रि ओरपरता निवासी अमित कुमार यादव की पत्नी की हत्या का मामला सामने आया. रविवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेजते हुए पति को गिरफ्तार कर लिया. मृतिका के पिता ने आवेदन देकर पति पर रॉड से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है. आरोप की पुष्टि के लिए पुलिस ने स्थल निरीक्षण कर आरोपी पति को गिरफ्तार किया. मामले के संबंध में बरही कांड संख्या 435/24 दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 126(2)/11, 5(2)/ 103(1)/352/ 51(2)/3(5) के तहत कारवाई करते हुए घटना के प्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार यादव पिता चन्द्रदेव यादव साकिन ओरपरता, थाना बरही जिला हजारीबाग को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने दी।

## कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। बिष्णुगढ़**

हजारीबाग जिले के मांडू विधानसभा अंतर्गत मांडू विधानसभा के कांग्रेस विधायक प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने दिन सोमवार को हजारीबाग जिला के समाहरणालय भवन में अपना नामांकन करवाया ।नामांकन के पूर्व जिला स्कूल से समाहरणालय भवन तक श्री पटेल और उनके हजारों कार्यकर्ता के द्वारा पद यात्रा की गई , जहां श्री पटेल के समर्थक जगह-जगह पर उनका स्वागत किया। श्री पटेल की लोकप्रियता की वजह से चारों ओर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित नजर आए। सभी कार्यकर्ताओं ने श्री पटेल के पक्ष में नारा दिया, क्यों पड़े हो चक्कर में कोई नहीं है टक्कर में जीतेगा भाई जीतेगा जयप्रकाश भाई पटेल जीतेगा, इत्यादि के नारों से हजारीबाग गूंज उठा ।मौके पर श्री पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी, हीरामन महतो, गुरु प्रसाद साहू, अब्बास अंसारी, शंभू लाल यादव, सुनील कुमार, पूनम कुमारी, महेंद्र महतो, चेतलाल महतो, करुणा देवी, रेखा देवी, प्रकाश कुमार, मांडू प्रखंड से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार नीलकंठ महतो इत्यादि हजारों कार्यकर्ता कांग्रेस, इंडिया गठबंधन विधायक प्रत्याशी श्री पटेल के नामांकन के साक्षी बने।

## पॉकेटमार ने सोमवार साप्ताहिक बाजार से की मोबाइल की चोरी



**बरकट्ठा।** सोमवार साप्ताहिक बाजार से मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। इस बाबत नीरज पांडेय, पिता अर्जुन पांडेय ग्राम शिलाडीह निवासी ने बताया कि बरकट्ठा बाजार सब्जी लेने के लिए गया था। इसी बीच एक व्यक्ति की फोन आया। जिसके बाद फोन ऊपर के पैकेट में रखा। कुछ देर बाद देखा तो मोबाइल उक्त स्थान से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला।वहीं भुक्तभोगी ने बताया कि मोबाइल चोर ऊपर के पॉकेट में मोबाइल रखने वाले की चोरी आसानी से कर लेता है। जैसे ही सब्जी लेने के लिए कोई झुक कर सब्जी की कीमत पूछते हैं, वैसे ही मोबाइल चोर भी पीछे से सब्जी का दाम पूछने के बहाने झुक कर मोबाइल निकाल लेता हैं। ऐसे भीड़ भाड़ वाले स्थान में मोबाइल,पर्श यदि सामानों की सुरक्षा स्वयं करनी चाहिए तथा चोर उच्चकों से सावधान रहने की जरुरत है।

हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के साथ मनाई दिवाली

# इन बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटें और उन्हें अपनेपन का अहसास दिलाएं : चंद्र प्रकाश जैन



*दिवाली का असली मतलब सिर्फ घरों को रोशनी से सजाना नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन में भी उजाला भरना है जो हमारे प्यार और देखभाल के हकदार हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग यूथ विंग ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली से पूर्व एक विशेष पहल करते हुए ओल्ड ऐज होम में रह रहे बुजुर्गों के साथ त्योहार का जश्न मनाया। दिवाली की रौनक और खुशी उन बुजुर्गों के चेहरों पर लाने का यह प्रयास सभी के दिल को छू गया। इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ दिवाली मनाना नहीं था, बल्कि उन बुजुर्गों को यह महसूस कराना था कि वे भी समाज का एक अहम हिस्सा हैं और उनकी खुशी भी हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरूआत बुजुर्गों के बीच फल, जूस, भुजिया, हॉर्लिक्स, मिक्सर, मिठाइयां और अन्य सामग्री वितरण से की गई। यूथ विंग के सदस्यों ने बड़े ही आदर और स्नेह के साथ सभी बुजुर्गों के साथ बातचीत की, उनके हालचाल पूछे और त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी ने मिलकर दिया जलाया, जिससे पूरा वातावरण दिवाली की रौनक से जगमगा उठा। दीपों की रोशनी के बीच बुजुर्गों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी और उमंग देखने को मिली। यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ फुलझड़ी जलाने का आनंद लिया और उनके चेहरों पर आने वाली हर मुस्कान के पल को संजोया। बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और दिवाली के पुराने किस्से सुनाए, जिससे सभी का मन भावुक हो गया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक ने इस मौके पर कहा, दिवाली का असली मतलब सिर्फ घरों को रोशनी से सजाना नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन में भी उजाला भरना है जो हमारे प्यार और देखभाल के हकदार हैं। हमारी यह छोटी सी कोशिश है कि इन बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटें और उन्हें अपनेपन का अहसास दिलाएं। समाज के हर वर्ग के बीच त्योहार की खुशी बांटने का यह प्रयास हमें आत्मसंतोष और प्रेरणा देता है।

## सैकड़ों समर्थकों के साथ मुन्ना सिंह ने गांव का किया दौरा, ग्रामीणों से की बात



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने आज सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में भव्य जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने तरबा, खरबा, हुटपा, लखइया चौक, बानाहप्पा, चाया, पुंदरी, मेरु, अंबाडीह, अमनारी, डंडई (कला, खुर्द), बड़ासी, जगदीशपुर, भेलवाटांड़, शेखा, केसुरा, सिलवारकला, सिलवारखूर्द, रोला, अमृत नगर, तथा सिंघानी गांव का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने हुटपा गांव में स्थानीय निवासियों के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव का दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर उनसे बातचीत की। मुन्ना सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से समझा और उनके समाधान के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके बाद उन्होंने डंडई कला गांव में एक स्थानीय निवासि के घर पर भोजन किया और ग्रामीणों के साथ समय बिताया, फिर अपने अभियान को आगे बढ़ाया।

विश्वविद्यालय के कृषि विभाग ने किया स्वागत समारोह का आयोजन

# बेस्ट परफार्मेंस का अवार्ड सुरभि गीतांजलि व अंकित को मिला

### मिस फ्रेशर लवली व सुमन बने मिस्टर फ्रेशर




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को कृषि विभाग की ओर से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंकित के गाए गीत ने खूब सुर्खियां बटोरी। वहीं स्नेहा, पल्लवी, किरण, चंपा, गीतांजलि, सुरभि, पूजा, रचना भारती, रिया, ऋतिक, समीर, मुस्कान, सीमा व आशीष जेरी के नृत्य पर लोग खूब झूमे। इस बीच प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक भी किया। विद्यार्थियों के ग्रुप डांस ने भी माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पजल गेम भी कराए गए। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर मिस्टर फ्रेशर का ताज सुमन कुमार को मिला। वहीं लवली कुमारी मिस फ्रेशर बनी। गेम प्रतियोगिता में छात्रों में पवन, संदीप और छात्राओं में रचना, अंजलि व लवली को पुरस्कृत किया गया। जबकि रैंप वॉक रिया और दिव्यांशु के नाम रहा। बेस्ट परफॉर्मेंस का अवार्ड सुरभि, गीतांजलि और अंकित ने अपने नाम किये। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ हुई। ऐसे कार्यक्रम के मद्देनजर कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के जरिए नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से मिलने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि इससे विद्यार्थियों के बीच आपसी तालमेल बढ़ता है, जो आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव भी जगाता है और सफलता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवश्यक है।

# दीपावली को लेकर मिट्टी के दीये की है बड़ी मांग, गांधी मैदान में सजा बाजार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अंधकार से रोशनी की ओर बढ़ने की प्रेरणा देने वाला पर्व दीपावली के नजदीक आते ही बाजारों की रौनक बढ़ गयी है। बाजार में पारंपरिक तरीके से दीपावली की अंधेरी रात को जगमगाने के लिए मिटटी के दीये की दुकानें सजने लगी है। कुम्हार अपने हाथों की कला से मिटटी को छोटे छोटे दीपों, कलश व अन्य प्रकार के बर्तन बनाने में जुट गए हैं। सोमवार को साप्ताहिक बाजार में दीपों की कई दुकानें लगाई गई थीं। बाजार में मिटटी के दीये 150 से 200 रुपए प्रति सैकड़ा में बिक रहे हैं तो कलश 20 रुपये, धूपदानी 25 रुपए, तावा 20 रुपए कच्चा दीप 5 रुपए पीस, चुक्का 25 रुपए पीस में बिक रहे हैं।

इधर कुम्हार रोशन प्रजापति का कहना है कि लकड़ी के दामों में काफी वृद्धि होने के कारण कच्चे दीये को पकाने का खर्च बढ़ रहा है, लेकिन बाजार में मेहनत के अनुरूप दीपों का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 200 से 250 रुपए सैकड़े में दीप बिका था लेकिन इस वर्ष तो खरीददार ही नजर नहीं आ रहे हैं।

इधर सिमडेगा शहर के हृदय स्थली महावीर चौक में भी दीपावली को लेकर मिट्टी के दीए की बिक्री देखने को मिला इसके अलावा सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा धनतेरस को लेकर भीड़भाड़ और ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए सिमडेगा गांधी मैदान में दीपावली की विशेष बाजार लगवाई है ताकि वहां पर जाकर लोग खरीदारी कर सके।

## सिमडेगा विस क्षेत्र से अब 15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्क्रुटनी प्रक्रिया के बाद सिमडेगा विधानसभा सीट से 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। जिसमें भाजपा के प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, कांग्रेस के प्रत्याशी भूषण बाड़ा, झापा के प्रत्याशी आइरीन एक्का, निर्दलीय प्रत्याशी सुशील लकड़ा, भारतीय आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी शिशिर टोप्पो, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी प्रफुल्ल चंद्र बेसरा, निर्दलीय प्रत्याशी मोनिका मिंज, भारतीय क्रांति पार्टी के प्रत्याशी नील जस्टिन, नीरज लोहरा, लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा के प्रत्याशी सुमन कुल्लू, निर्दलीय बसपा के प्रत्याशी अनुज कुंडेश्वर, निर्दलीय प्रत्याशी बिनोद केरकेट्टा, निर्दलीय शांति बाला केरकेट्टा, निर्दलीय बसंत कुमार डुंगडुंग तथा निर्दलीय अरुण बृजेश बड़ाईक शामिल हैं।

### कोलेबिरा विस क्षेत्र से 19 प्रत्याशी मैदान में

स्क्रुटनी के बाद कोलेबिरा विधानसभा सीट से 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी नमन विक्सल कोंगाड़ी, भाजपा प्रत्याशी सुजान जोजो मुंडा, झापा के विभव संदेश एक्का, बसपा से शिवराज बड़ाइक, अबुआ झारखंड पार्टी से विश्राम बागे, निर्दलीय प्रत्याशी जयंती देवी, निर्दलीय प्रत्याशी अमृत जेवियर मिंज, निर्दलीय प्रत्याशी फ्रेंकलिन नोलिनी समद, निर्दलीय प्रत्याशी बेरनॉर्ड कांडुलना, निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद सोरेंग, भारतीय आदिवासी पार्टी के आह्लाद केरकेट्टा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नीरज मांझी, निर्दलीय प्रत्याशी रोजलिया शांता कांडुलना, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी पार्टी के पुनीत कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेसी के वेरोनिका तिर्की, और भारतीय झारखंड पार्टी के सिल्वन हेमरोन शामिल हैं।

### सिमडेगा उपायुक्त ने किया सामग्री कोषांग व पोस्टल बैलट कोषांग का निरीक्षण

# अधिकारियों को पूरी सावधानी से काम करने का दिया निर्देश





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने समाहरणालय के निचले तल में बने सामग्री कोषांग एवं पोस्टल बैलट कोषांग का निरीक्षण किया। सामग्री कोषांग में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को पूरी सावधानी से काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के लिए अगर किसी सामग्री की कमी है तो इसकी सूची बनाकर निर्वाचन शाखा को सौंपे। वहां से सामग्री की आपूर्ति कर दी जायेगी। मतदानकर्मियों के लिए जरूरी सामान की पैकेजिंग के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कमीर्यों को सावधानीपूर्वक कार्य करते हुए सभी सामग्री का मिलान कर बॉक्स में भरने की बात कहीं। निरीक्षण क्रम के पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया से जुड़े कार्यों की वस्तुस्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित कोषांग के अधिकारियों को उपायुक्त ने निर्देशित किया कि पोस्टल बैलेट से जुड़े नियमों के अनुपालन, बैलेट बॉक्स, होम पोल के लिए डिस्प्ले की व्यवस्था, फोल्ड करने का तरीका सही तरीके से सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने मतदान कार्यों में लगे सभी कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करते हुए फॉर्म 12 डी के माध्यम से मतदान करने के लिए आए आवेदनों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक भी मतदान कर्मी नहीं छुटना चाहिए। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से एसेंसियल सर्विस, बुजूर्ग मतदाता एवं 80 वर्ष के दिव्यांग मतदाताओं के पूरी मतदान की प्रक्रिया का वीडियोग्राफी होगा, सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी गण उपस्थित थे।

# रक्षा मंत्रालय के निर्देश पर सेना के मेजर पहुंचे सिमडेगा

## भूतपूर्व सैनिकों का जाना हाल-चाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर सिमडेगा के भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों के परिवार के परिवार को सहयोग प्रदान करने के लिए सेना के अधिकारी के साथ सेना की टुकड़ी सोमवार को सिमडेगा पहुंची रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर प्रोजेक्ट सतत मिलाप के तहत पूर्व सैनिकों और देश के लिए शहीद हुए सेना के जवानों के परिवार को सहयोग देकर उनका भविष्य संवारने के लिए 282 मेड रेजिमेंट के अधिकारी और सेना की टुकड़ी सोमवार को सिमडेगा पहुंची। सेना के अधिकारियों ने सबसे पहले वीर चक्र सम्मानित शहीद जोन ब्रिटो किड़ों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सलामी दिए। इसके बाद उनके परिजनों से मिलकर सरकार से उनको मिल रही सहायता के संबंध में जानकारी लिए। उन्होंने उन्हें हर संभव मदद देने का भरोसा दिया है। इसके बाद सेना के अधिकारी सभी पूर्व सैनिकों से मिले और उनकी परेशानियों को जाना और उन परेशानियों को दूर करने का भरोसा दिया। इधर सिमडेगा कचहरी के पास बने बेटनर्स इंडिया भूतपूर्व सैनिक संगठन के कार्यालय पहुंचकर मेजर अभिषेक के द्वारा उनकी छोटी बड़ी सभी प्रकार की समस्याओं को जाना मौके पर संगठन के द्वारा बताया गया कि गुमला में कई कार्यो को लेकर भूतपूर्व सैनिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार दस्तावेज देने के बावजूद वहां पर दस्तावेज को आगे नहीं बढ़ने से उनके पेंशन संबंधित कई कार्य रुक जाते हैं जिसकी वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस पर मेजर अभिषेक ने कहा कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास करेंगे। वहीं इस मौके पर 282 मेड रेजमेंट के प्रयास पर सिमडेगा में भूतपूर्व सैनिक संगठन के परिवार वालों को कार्यलय के समीप चलंत कैंटीन सुविधा का लाभ दिया गया। जहां पर दैनिक उपयोग करने वाले सभी प्रकार की चीज भूतपूर्व सैनिक के परिवार वालों को वहां पर उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही। यहां पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के परिवार वालों ने चलंत कैंटीन का लाभ लिया। मौके पर अध्यक्ष विष्णु महतो सहित संगठन के सदस्य एवं परिवार वाले उपस्थित रहे।



# सामान्य प्रेक्षक ने सिकरियाटांड़ पंचायत के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सी रवि शंकर सिमडेगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के द्वारा सोमवार को स्वीप कोषांग द्वारा पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत सिकरियाटांड ग्राम में आयोजित मतदाता जागरूकता के लिए किये जा रहे कार्यक्रमों का जायजा लिया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान सामान्य प्रेक्षक के द्वारा पाकरटांड़ प्रखंड अर्न्तगत सिकरियाटांड़ स्थित बुथ नं0 83 एवं 84 के अतिरिक्त बुथ नं0 103, 107, 108, 109 का अवलोकन किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा बुथ में वोटर जागरूकता बढ़ाने, अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने हेतु उत्साहित / जागरूक करने, निष्पक्ष मतदान एवं प्रत्येक बुथ में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता संबंधी निर्देश दिये गये।

# मतदान जागरूकता अभियान के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोमवार को कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह प्रार्थना सभा में अभियान हेतु नाटक प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न पार्टी के नेताओं के रूप में अभिनय प्रस्तुत किया और दर्शक बच्चों को अपने माता-पिता को जागरूक करने हेतु संदेश दिया। विद्यालय में कक्षा छठी से लेकर कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने माता-पिता को जागृत करने हेतु मतदान का महत्व बताते हुए पत्र लेखन कार्य किया। पत्र उन्होंने अपने माता-पिता के नाम पर लिखा। प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने बच्चों के इस कार्य के लिए प्रेरित किया।

### तकबा में एक व्यक्ति की हत्या का मामला

# पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड़।** थाना क्षेत्र के आसनबेड़ा पंचायत के तकबा गांव में शनिवार के शाम में बैल चार रहे गांव के पीटर कुल्लू नामक व्यक्ति को गांव के ही प्रदीप टोप्पो के द्वारा जमीन विवाद में कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी थी। वही हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था मौके पर पुलिस पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा। इधर आरोपी की तलाशी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जिसके बाद आरोपी पीटर को गिरफ़्तार करते हुए जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि तलाब की जमीन को लेकर हुए विवाद में हत्या की गई थी।

### हर विस चुनाव में सिमडेगा को रेल लाइन से जोड़ने की मांग बनता है चुनावी मुद्दा

# कई सरकारें आईं, पर सिमडेगा से नहीं गुजरी ट्रेन

**विकास साहू**



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर सदियों से रेल के इंतजार में है। अब तक कोई ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं हुआ जो सिमडेगा शहर को रेल से जोड़ पाया है। हालांकि अब तक हुए हर विधानसभा चुनाव में रेल का मुद्दा उठता रहा है। कई विधायक रेल का वादा कर विधानसभा का तो सफर तय कर गए, लेकिन सिमडेगा की आवाम को वो अब तक रेल का सफर नहीं करा पाए। झारखंड बने अब तक 24 साल हो गए कई बार विधानसभा चुनाव हुए है। इन चुनावों में भाजपा, झापा और कांग्रेस तीनो पार्टी के विधायक जीत कर विधानसभा तक पहुँचे। कुछ विधायक मंत्री भी बने लेकिन रेल का वादा पूरा नहीं हो पाए। लेकिन रेल की आवाज सुनने की तमन्ना सिमडेगा शहर वासियों की पूरा नहीं हो पाई।

**रेल मंत्रालय के द्वारा कराया गया था सर्वे :** जिले में रेलवे लाइन के लिए रेलवे विभाग द्वारा आरओआर सर्वे कराया गया था। सर्वे में नेगेटिव रिटर्निंग की रिपोटिंग की गई। जिसके कारण योजना लटक गई। वर्षों पूर्व विभाग द्वारा सिमडेगा में रेल लाइन हेतु सर्वे करवाते हुए कुल 700 करोड़ रुपए का प्राक्कलन बनाया गया और रेल रूट तय हुआ था। लेकिन रेलवे के अधिकारियों ने 700 करोड़ रुपए के प्राक्कलन राशि में 5.24 प्रतिशत का नेगेटिव रेट ऑफ रिटर्न दशार्ते हुए इस प्रोजेक्ट को पेंडिंग करते हुए रेलवे बोर्ड की स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन कर दिया।

**सपना सपना ही रह गया**



**दस लाख की आबादी को होगा फायदा :** जिले में वैसे तो आजादी के बाद से ही रेलवे लाईन की मांग उठ रही है। लेकिन 80 के दशक के बाद रेलवे की मांग ने जोड पकड़ा है। जिले में रेलवे लाईन बन जाने से लगभग दस लाख से ज्यादा की आबादी को फायदा होगा। सीमावर्ती जिला गुमला, पडोसी राज्य छत्तीसगढ और ओडिशा को भी इसका फायदा मिलेगा। रोजगार के नए अवसर सृजत होगें। साथ ही साथ व्यापार भी बढेगा। लोहरदगा रेलवे स्टेशन-से गुमला-से सिमडेगा जिला मुख्यालय से राजगांगपुर रेलवे स्टेशन, ओड़िशा तक रेलवे लाईन की मांग उठ रही है।

**सिमडेगा के आरटीआई कार्यकर्ता ने छेड़ा था मुहिम :** वर्ष 2010 में आरटीआई कार्यकर्ता दीपेश निराला अपने सिमडेगा के साथियों के साथ मिलकर हस्ताक्षर अभियान चलाया था। रेलमंत्री जी के नाम एक ज्ञापन में प्रस्तुत अपनी माँगों के साथ सिमडेगावासियों के घर-घर और दुकान-दुकान तक पहुंचे थे और करीब 13000 व्यक्तियों का हस्ताक्षर प्राप्त कर तत्कालिन सांसद कड़िया मुंडा को सौपा था। ज्ञापन के माध्यम से लोहरदगा रेलवे स्टेशन-से गुमला-से सिमडेगा जिला मुख्यालय-से राजगांगपुर रेलवे स्टेशन, ओड़िशा तक रेलवे का प्रस्ताव भेजा गया। इसके बाद भी जब काम नहीं बना, तो फिर दीपेश निराला ने सैंकड़ों पोस्टकार्ड भेजने का भी मुहिम छेड़ा। अंततः ये गुंज तत्कालिन रेल मंत्री सुरेश प्रभु तक पहुंची और उन्होंने सिमडेगा को रेल लाइन से शीघ्र जुड़वाने का आश्वासन दिया। जो आश्वासन ही बन कर रह गया। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दर ने भी सिमडेगा की आवाज को रेल मंत्री सुरेश प्रभु के समक्ष राज्यसभा में भी उठाया था। बरहाल विधानसभा चुनाव है और रेल की मांग फिर से एक बार सिमडेगा में गूंज रही है लेकिन यह चुनावी मुद्दा ही रहेगा या फिर धरातल पर इस मुद्दा को कोई राजनेता उतरेंगे यह तो वक्त बताएगा लेकिन आज भी सिमडेगा की जनता का विधानसभा चुनाव होने के साथ-साथ रेल का जो सपना है वह सपना ही रह गया नेट आते हैं नेता जाते हैं लेकिन इस पर कोई ठोस कदम उठाने वाला कोई नहीं है।

## न्यूज | बॉक्स

### विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**बानो।** बानो मे विस चुनाव को लेकर प्रखण्ड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व रसोईया की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया गया तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को दिया गया। मतदान केंद्र में मतदान के दिन मतदानकर्मियों हेतु भोजन व्यवस्था को लेकर चर्चा किया गया। सभी रसोइया को मतदान कर्मियों के लिए भोजन व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक और रसोईया उपस्थित थे।

### सीमा सीता एक्का बनीं सिमडेगा महिला कांग्रेस की कार्यकारी जिलाध्यक्ष



**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज सिमडेगा महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शांति बाला केरकेट्टा द्वारा इस्तीफा देते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव नामांकन दाखिल किया है इसके बाद सिमडेगा महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष का पद खाली था जिसे देखते हुए कांग्रेस के महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने झारखंड चुनाव को देखते हुए पूर्व महिला जिला अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष-सीमा सीता एक्का को सिमडेगा जिला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष मनोनीत की है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष-सीमा सीता एक्का ने जिले के सभी महिला कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, प्रखंड एवं पूर्व प्रखंड या पंचायत अध्यक्षों तथा समर्थकों से कहा है कि 13 नवंबर को चुनाव है और समय बहुत कम है अगला राज्य की सरकार बनाने तथा राहुल गांधी जी के हाथ को मजबूती के लिए बिना भेद-भाव सकारात्मक रूप से चुनाव प्रचार- प्रसार में जुड़ जाएं, सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर संपर्क करें। इधर पूर्व जिला अध्यक्ष सीमा सीता एक्का को सिमडेगा जिला कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर महिला प्रखंड पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सविता लकड़ा, विमला जायसवाल, ममता केरकेट्टा, संगीता टोप्पो, फूल जेंसिया केरकेट्टा, महिमा सोरेन, रजनी कुल्लू, फुलजेंसिया कुल्लू, दिव्या लुगुन, वेरोनिका बागे, आदि ने सराहनीय कदम कहते हुए बधाई दिए हैं।

### खिजरी के पास पुलिया के नीचे मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर क्षेत्र के हिजरी के पास पुलिया के नीचे सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों ने पानी में एक युवक का शव देखा। शव देखने के साथ ही क्षेत्र में सनसनी का माहौल फैल गया, घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव को निकाली। शव की पहचान हेमंत एक्का के रूप में हुई। जानकारी देते हुए मृतक के पिता एडवर्ड एक्का कहानी बताया कि उसका बेटा हेमंत मुंबई में रेलवे में जॉब करता था और तबीयत खराब होने की वजह से वह विगत दो महीना पूर्व घर आया था और घर में रहने के साथ ही वह लगातार शराब का सेवन कर रहा था रविवार को भी वह अपने घर से स्कूटी लेकर शराब पीने गया और नशे में आने के बाद घर पर था और कुछ देर बाद बिना किसी को बताए हुए घर से निकल गया शाम होने पर जब घर नहीं पहुंचा तो घर वाले काफी खोजबीन किया तो नहीं मिला। इधर सोमवार की सुबह बाजार जा रहे हैं स्थानीय राहगीरों के द्वारा नजर पड़ी तब इसकी सूचना परिजनों को दी। कयास लगाया जा रहा है कि शराब पीने के बाद पुलिया के ऊपर सोया और नींद में होने की वजह से नीचे गिरा और माथे में चोट लगी और मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने कहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### विस चुनाव को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली



**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिमडेगा जिले में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का काम लगातार जारी है। शहर के ब्रिलिएंट्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने सोमवार को रैली निकालकर नारे लगाते हुए सैंयपूर क्षेत्र का परिभ्रमण किया। उन्होंने जगह-जगह मतदान से संबंधित पोस्टर लगाए और लोगों को मतदाता मार्गदर्शिका देते हुए 13 नवंबर को निश्चित रूप से मतदान करने का आग्रह किया। मतदाता का फर्ज निभाना है, 13 नवंबर को वोट देने जाना है... आदि नारे लगाते हुए विद्यार्थियों ने बड़े- बुजुर्गों सभी से वोट देने की अपील की। इससे पहले विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य गोरखनाथ सिंह सभी विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को सोच-समझकर सही प्रतिनिधि को वोट देना चाहिए। इससे लोकतंत्र मजबूत होगा और जनसमस्याओं का समाधान होगा। इससे देश मजबूत बनेगा। स्वीप के तहत इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन में डीडी न्यूज के संवाददाता मनोज सिन्हा मनु ने मुख्य भूमिका निभाई। जागरूकता रैली में शिक्षक संत कुमार सिंह, महमूद आलम, मदन कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### नामांकन पत्रों की जांच के दौरान झापा ने भाजपा के पत्र पर जताई आपत्ति

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव के प्रथम चरण में सिमडेगा के दोनों सीटों पर चुनाव होना है जिसको लेकर स्कूटनी प्रक्रिया के तहत सोमवार को समाहरणालय में कोलेबिरा विधानसभा चुनाव के 19 प्रत्याशियों के दाखिल किए गए नामांकन पर पत्रों की बारीकी से जांच की गई जांच के क्रम में झारखंड पार्टी के प्रत्याशी संदेश एक्का ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सूजन मुंडा के नामांकन पर पत्रों पर त्रुटि बताते हुए ऑब्जेक्शन डाला जिसके बाद काफी देर तक माहौल गहमा गहमी का रहा इसी बीच भाजपा की ओर से आए हुए अधिवक्ताओं के साथ लंबे समय से विचार विमर्श करने के बाद अपर समाहर्ता 1 घंटे के लंबे अंतराल के बाद उन्होंने अपना फैसला सुनाया फैसला सुनाते हुए निवार्ची पदाधिकारी ने कहा निर्वाचन आयोग भारत सरकार द्वारा जारी पुस्तिका के सभी नियम एवं कंडिका को ध्यान से पढ़ने के पश्चात भाजपा के प्रत्याशी सूजान मुंडा के तीन नामांकन पत्र को स्वीकार किया गया साथ उन्होंने बताया कि झारखंड पार्टी के प्रत्याशी के द्वारा बताए गए त्रुटियों को ध्यान में रखते हुए एवं निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए चुनाव लड़ने के लिए उन्हें अनुमति दी गई।

## एक नजर

### विधानसभा चुनाव को लेकर आर्ट मेले का आयोजन

**हजारीबाग।** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस उद्देश्यों के साथ जिला प्रशासन,स्वीप सेल के द्वारा आर्ट 81 आधारित फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। 29 और 30 अक्टूबर को स्थानीय गांधी मैदान में वृहत कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम का प्रवेश निःशुल्क होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग के कला प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान कर रहा है।

### बिजली तार की चपेट में आने से भैंस की हुई मौत

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के रामपुर के समीप में बिजली के तार के चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। भैंस रामपुर की प्रदीप कुजुर की थी वाही प्रदीप कुजुर ने बताया की भैंस चरतेझचरते बिजली पोल के पास अचानक से चल गाए और वाहा तार गिरा हुआ था। जो की तार के चपेट में आने से दो भैंस आज्ञा था जो की एक भैंस को ग्रामीणों के मदत से निकाल गया वही एक भैंस का घटना स्थल पर मौत हो गई। प्रशान से उचित मुआवजा की मांग की है।

### प्राचार्य से मिला छात्रों का प्रतिनिधिमंडल

**मांडर ।** मांडर महाविद्यालय मांडर में सोमवार को झारखंड छात्र मोर्चा और एनएसयूआई की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मक्केश्वर महली ने किया। मौके पर बोलते हुए छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने बतलाया कि कॉलेज में कुछ विषय की शिक्षकों की कमी है। जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है। हमारी माँग है कि शिक्षकों की बहाली जल्द से जल्द किया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो।

# प्राचीन छठ घाट की सफाई प्रारंभ, इंस्पेक्टर व एनएचएआई का मिला सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** छट महापर्व दिवाली के कुछ ही दिनों के बाद शुरू हो जायेगा। लोग अभी से ही छठ की तैयारियों में जुट गये हैं हालांकि पहले दिवाली का त्योहार आ गया है, लोग अपने घरों की साफ-सफाई जुटे हैं।इसके बाद छट महापर्व को लेकर छठ घाटों की सफाई प्रारंभ हो गई है. लोग घाट की सफाई दमखम से जुट गये हैं ताकि छठव्रतियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।इसी क्रम में बरहीडीह सूर्य मंदिर छठ समिति की ओर से प्राचीन छठ घाट पर सफाई कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. इस दौरान पोकलेन मशीन लगाकर नदी की सफाई के साथ घाट की मरम्मती आदि कार्य किए गए. इस कार्य में बरही थाना प्रभारी आभाष कुमार और एनएचएआई के निदेशक राहुल उपाध्याय का सराहनीय सहयोग मिला. उक्त जानकारी समिति युवा कार्यकर्ता असलम ऊर्फ टिंकू ने दिया. कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान की अध्यक्षता और मुखिया शमशेर आलम की अगुवाई में आयोजित की गई. जिसमें समिति के कई सदस्य मौजूद थे.

## बरही में सभी 19 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए, बरकट्ठा के 6 नामांकन रद्द, 30 को नाम वापसी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बरही-21 विधानसभा के लिए 8 निर्दलीय सहित कुल 19 और बरकट्ठा-20 विस क्षेत्र से निर्दलीय सहित कुल 29 प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया था. सोमवार को स्क्रुटनी के बाद बरही विस के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ जोहान टुडू ने बताया कि सभी 19 प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र सही पाए गए, एक भी प्रत्याशियों का नामांकन रद्द नही हुआ है. वही बरकट्ठा विस के निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी अजय भगत ने बताया कि 29 में से 6 प्रत्याशियों के पर्चा में त्रुटि के कारण रद्द किया गया. रद्द होने वाले प्रत्याशियों में आरएलडी पार्टी के रामप्रसाद के अलावा पांच निर्दलीय डॉ विनोद कुमार मेहता, बिरेंद्र यादव, मो इब्राहिम, संतोष नायक और राजकुमार प्रसाद शामिल है. इस प्रकार बरकट्ठा विस से अब 23 प्रत्याशी मैदान में रहे है. 30 अक्तूबर के नाम वापसी के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि बरही और बरकट्ठा विधासभा से कुल कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में जनता के बीच वोट मांगने जा पाएंगे. नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद उम्मीदवारों का प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगेगा.

## न्यूज | बॉक्स

### ब्रह्म विद्या योग का रक्तदान शिविर आज



**बरही ।** ब्रह्म विद्या योग आज मंगलवार को हजारीबाग रोड स्थित शकुंलता पैलेस में विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा. जिसका आयोजन सद्गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवर पूज्य श्री विज्ञान देव महाराज के पवन जन्मोत्सव के अवसर पर किया जा रहा है. शिविर पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक चलेगा. उक्त जानकारी ब्रह्म विद्या विहंगम योग बड़ी और पदमा संत समाज के कृष्ण कुमार गुप्ता ने दी. उन्होंने सभी युवाओं, समाजसेवियो से उक्त शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील किया है. उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, जिसमे हर एक व्यक्ति को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए. इससे रक्त की कमी नही बल्कि रक्त शुद्ध होते है. आपके रक्त का एक कतरा किसी की जान बचा सकता है, हर व्यक्ति को इस महादान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए.

### किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने किया नामांकन



**रामगढ़।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सोमवार को नामांकन किया। नामांकन के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कई समस्याएं हैं। गावों में आने जाने के लिए सड़क नही है। समुचित बिजली नही मिलने से लोगों को दिक्कत होती है। बच्चों को बेहतर शिक्षा नही मिल रही है। बेरोजगारों को रोजगार नही मिल रहा है। यदि मैं विजय हुआ तो इन सस्याओं को दूर कर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में नंबर वन बनावऊंगा।

### रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़ चढ़ का लिया हिस्सा



**रामगढ़।** सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्नातक और स्नाकोत्तर के विद्यार्थियों ने रुचि लेते हुए बढ़ चढ़कर भाग लिया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह कलां न केवल सुंदरता का प्रतीक है बल्कि यह हमारी परंपरा और एकता को भी दर्शाती है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि यह त्योहार हमारे जीवन में सत्य, ज्ञान और प्रकाश को जलाये रखने का प्रेरणा देता है। कुलसचिव प्रो. (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और दीपावली त्यौहार अपने परिवार के साथ सावधानी पूर्वक मनाने की सलाह दी।इस अवसर पर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष बुध्ददेव महतो ने सभी विद्यार्थियों को शुभकमनाएं देते हुए कहा कि यह छात्रों को रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभाएं दिखाना होता है।

### पालकोट में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**पालकोट (गुमला)।** बसिया थाना क्षेत्र के डुमकी टोली लौवाकरा के रहने वाले झामन खड़िया (33) की एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, झामन खड़िया अपने भाई की मोटरसाइकिल लेकर सोमवार शाम लगभग 4.30 बजे अपने ससुराल पालकोट के बनाईडेगा जा रहे थे। जब वह बंगरू नदी के समीप पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पालकोट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्यवाही शुरू की। मंगलवार को शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### गुमला विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में 19 उम्मीदवार मैदान में

## गुमला अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट के लिए मुकाबला हुआ कड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला विधानसभा क्षेत्र, जो झारखंड की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 68वीं सीट है, इस बार चुनावी सरगर्मियों से भरपूर है। हाल ही में नामांकन जांच प्रक्रिया के बाद 19 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं, जो अब चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। इस सीट के लिए चुनावी मुकाबला कई प्रमुख पार्टियों के दिग्गज नेताओं के बीच होता नजर आ रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने इस सीट पर भूषण तिर्की को मैदान में उतारा है, जो पार्टी के पुराने और प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी पुराने एवं प्रभावशाली नेता सुदर्शन भगत को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया से कुलदीप मिंज चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की ओर से निशा कुमारी भगत ने नामांकन दाखिल किया है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने मंगल इंद्रावर को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा, झारखंड पार्टी से लेयोनार्ड खलखो भी इस चुनावी दौड़ में शामिल हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा, कई निर्दलीय उम्मीदवार भी गुमला सीट से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इनमें अमित एक्का, चंदर टोप्पो, चापा उरांव, धरमा मुंडा, प्रदीप उरांव, बोनी फास कुजूर, मरियानुस तिग्गा, महेश्वर बैगा, मिशिर कुजूर, रोज मधु तिर्की, विनय भूषण टोप्पो, सीताराम उरांव, और सुधीराम किसान शामिल हैं। चुनावी मैदान में इतने विविध उम्मीदवारों के उतरने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। प्रत्येक प्रत्याशी अपने एजेंडे और वादों के साथ जनता का समर्थन प्राप्त करने की कोशिश में है। झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे इस बार चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे।

### पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न


## रेंडमाइजेशन के आधार पर ड्यूटी का निर्धारण होता है : निर्वाचन पदाधिकारी




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर गुमला जिले में पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में पूर्ण कर ली गई। इस प्रक्रिया की अध्यक्षता 67-सिसई विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक प्रशांत शर्मा, 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक छोटे सिंह, 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक दिव्य प्रकाश गिरी, और व्यय प्रेक्षक राघवेंद्र पी ने की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति में एनआईसी कार्यालय गुमला में यह प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें संबंधित आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) भी शामिल थे। प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया एनआईसी गुमला द्वारा तैयार किए गए सॉफ़्टवेयर के माध्यम से की गई। इस प्रक्रिया में पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी का आवंटन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने जानकारी दी कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सॉफ़्टवेयर के माध्यम से ड्यूटी का आवंटन किया जाता है, जिसमें किसी प्रकार का मानवीय हस्तक्षेप नहीं होता है। कंप्यूटर अपने आप रेंडमाइजेशन के आधार पर ड्यूटी का निर्धारण करता है। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार द्वारा कंप्यूटर पर आवश्यक कमांड दी गई, जिससे प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अंजाम दिया जा सका।


### युवा प्रत्याशी को मिला पूर्व विधायक का आशीर्वाद, कहा

## काफी दिन से युवा चेहरा की थी तलाश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जय कांग्रेस, तय कांग्रेस, विजय कांग्रेस के संकल्प के साथ कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू का काफिला बरही के पूर्व विधयक रामलखन सिंह के आवास छतरपुर पहुंचा. जहां उन्होंने कांग्रेस का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद मांगा. पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि बरही को काफी दिन से युवा नेता की तलाश थी, जो आज पूरा हुआ है. उन्होंने बरही विस वासियों से अपील किया कि कांग्रेस के प्रत्याशी काफी मेहनती और जुझारू है. जो बरही की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है. मौके पर पूर्व विधायक ने सभी लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील किया. कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि बरही विस कांग्रेस का पारंपरिक सीट रहा है, आप सबों का आशीर्वाद और सहयोग की आवश्यकता है. पिछले 30 वर्षों एक ही जाति के नेताओ ने बरही में शासन कर अपना धनोपार्जन किया.

### झामुमो जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी ने दिया इस्तीफा, निर्दलीय नामांकन दाखिल किया



**गावां गिरिडीह।** दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन के लिए आज विशेष दिन रहा. विभिन्न दलों के कई प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया. वही धनवार विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी इमरान अंसारी गावां प्रखंड अंतर्गत चरकी स्थित अपने आवास से अपने समर्थकों के साथ रोड शो करते हुए खोरीमहुआ अनुमंडल पहुंचे. इमरान अंसारी ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ अनिमेष रंजन के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. उन्होंने बताया कि झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा देकर सोमवार को नामांकन दाखिल कराया.

## अलग- अलग घटनाओं में दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई (गुमला)** रविवार को खेलने के दौरान करंज के ओमेसेरा गांव निवासी स्वर्गीय बंधु मुंडा के 11 वर्षीय पुत्र रोहित मुंडा को एक लावारिश कुत्ता ने काट लिया जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन घायल बच्चे को लेकर रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचे जहां डॉक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा। वहीं एक दूसरी घटना सिसई के बसिया रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास की है, जहां आयुष्मान आरोग्य मंदिर सकरौली की सी एच ओ सुमन बाड़ा अपनी स्कूटी से सिसई की ओर आ रही थी। उसी दौरान अचानक स्कूटी से कुत्ता के टकरा जाने से वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। रास्ते से गुजर रहे समाज सेवी बजरंग बड़ाईक और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल को ऑटो से रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में घायल का प्राथमिक इलाज किया गया। वहीं उनके परिजन गुमला से अस्पताल पहुंचे और बेहतर इलाज के लिए रांची ले गए।

### रमजान अंसारी अल्पसंख्यक कांग्रेस के रांची जिला महासचिव नियुक्त

**सिल्ली।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर अंसारी ने बड़ा मुरी निवासी रमजान अंसारी को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक महासचिव पद पर नियुक्त किया है। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो सहित अन्य ने हर्ष जताया है।

## सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ आज मंगलवार को सेना के जवानों के साथ सीमा पर दीपावली मनाएंगे। रक्षा राज्य मंत्री लद्दाख के लेह में जवानों के साथ दीपावली की खुशियां बाटेंगे। रक्षा मंत्रालय के द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार सुबह नई दिल्ली से लेह जाएंगे। वहां पहले सैन्य युद्ध स्मारक में बलिदानियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। तत्पश्चात लेह के सीमा क्षेत्र की चौकियों का भ्रमण कर, वहां तैनात जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे। इस दौरान मंत्री श्री सेठ अग्रिम चौकी का दौरा भी करेंगे। कार्यक्रम की कड़ी में संजय सेठ जवानों के साथ संवाद कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। रक्षा राज्य मंत्री के लिए यह पहला अवसर है जब वह सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे।

### स्कूली बच्चों ने लिखे पत्र 'मम्मी पापा' वोट दो



**सिसई (गुमला)।** राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोड़ेदाग, मध्य विद्यालय सोंगरा सहित प्रखंड के अन्य विद्यालयों में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों ने अपने माता-पिता के नाम मतदान करने के लिए मम्मी पापा वोट दो विषय पर पत्र लिखा। लिखे हुए पत्र को बच्चे अपने अपने माता-पिता को देकर मतदान करने के लिए आग्रह करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों के कक्षा छः से बारह तक के बच्चों को मतदाता जागरूकता को लेकर 'मम्मी पापा वोट दो' विषय पर पत्र लेखन के लिए दिशा निर्देश दिए थे।

### गुमला में विधानसभा चुनाव की तैयारी

## सामान्य प्रेक्षकों की अध्यक्षता में कोषांगों के वरीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर गुमला जिले के समाहरणालय सभागार (चंदाली) में सोमवार को विभिन्न कोषांगों के वरीय और नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता 67-सिसई विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक प्रशांत शर्मा, 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक छोटे सिंह, 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक दिव्य प्रकाश गिरी और व्यय प्रेक्षक राघवेंद्र पी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह और जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रेक्षकों को गुमला, बिशुनपुर, और सिसई विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षकों ने विभिन्न कोषांगों के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनावी प्रक्रिया को सुनियोजित, स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त बनाने के लिए हर संभव उपाय किए जाएं।

### मुरी-पुरुलिया सीमा से 4 लाख रुपए हुए बरामद

**सिल्ली/मुरी।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुरी पुरुलिया सीमा पर वाहन जांच के क्रम में दुर्गपुष्टि, पुरुलिया पश्चिम बंगाल निवासी संजीव कुयरी के दो पहिया वाहन से मुरी पुलिस ने 4 लाख नगद बरामद किए। बरामद रुपए के बारे में पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति किसी प्रकार का सही जवाब नहीं दे पाया तथा रुपए से संबंधित कोई ठोस सबूत भी नहीं दिखा पाया। तत्पश्चात सीमा पर तैनात दंडाधिकारी की उपस्थिति में रूपया को जप्त कर थाना लाया गया। इधर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है ताकि आने वाला चुनाव शांतिपूर्ण और भयमुक्त तरीके से संपन्न कराया जा सके। किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए मुरी पुलिस पूरी तरह से सतर्कता बरती हुई है।


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, हजारीबाग
(प्रेक्षक कोषांग)

### प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14–हजारीबाग जिला अन्तर्गत 25–हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ निम्नवत् सम्पर्क पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of General Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lisioning Officer | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Smt. Arundhati Chakraborty, IAS, General Observer Observer code- G-36245 Mob.No.-9431940252 | 25-Hazaribag (Legislative Assembly | New Circuit House (Sewane) | Sri Akash Kumar, DSE, Hazaribag. Mob.No.-7004961849 | 05:00 PM To 06:00 PM |

एतद् द्वारा सभी राजनैतिक दल एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वे 25–हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण हेतु प्रेक्षक के साथ संबद्ध सम्पर्क पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर, उपरोक्त दिए गए समयानुसार मिलकर अथवा अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क करते हुए निराकरण कर सकते है।

निदेशानुसार
नोडल पदाधिकारी, प्रेक्षक कोषांग
सह–प्रभारी पदाधिकारी, नजारत शाखा, हजारीबाग

PR 339623 Election (24-25)_D

> बुद्धिमान साधक को भयभीत रहने के बजाय सतर्क रहना चाहिए। उसे साहसिक प्रवृत्ति को विकसित करना चाहिए, परंतु स्वयं को संकटकारी परिस्थितियों में लापरवाहीपूर्वक असुरक्षित नहीं छोड़ देना चाहिए। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'योगदा सत्संग पत्रिका'



## संपादकीय

# झारखंड में सोरेन बनाम सोरेन की राजनीति


झारखंड में झारखंड बनने से पहले ही झारखंड की राजनीति तेज हो गई थी जिसमें सभी नाकामियों का ठीकरा इसके पैतृक राज्य बिहार के नेताओं का सर फोड़ा जाता था जो मोटे तौर पर इसे उपनिवेश की तरह इस्तेमाल करते थे। इससे पहले अंग्रेजों ने भी यहां राज किया पर मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के साथ शिक्षा और चिकित्सा पर भी ध्यान दिया हालांकि इसमें यहां के राजपरिवारों का भी भरपूर योगदान था जिंहोने उन्हें बहूमूल्य भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जहां आज भव्य मार्केट या शिक्षण संस्थाएं खड़ी हैं। इसी प्रकार यहां राजाओं ने भी अपने क्षेत्रों में लोकप्रियता के लिए कई काम किए उसके बाद झारखंड की मांग को लेकर लंबा आंदोलन भी चला जिसमें अनेक लोगों और संगठनों का योगदान था पर झारखंड बनने के बाद पूर्व के योगदान को भूलकर श्रेय लेने की होड मच गई ताकि उसके नाम पर कांग्रेस की तरह इसे लंबे समय तक भुनाया जा सके। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का झामुमो से बाहर जाना एक जानी-पहचानी राजनीति के अनुरूप ही है। वह एक ऐसे भरोसेमंद सहयोगी थे, जिन्हें पार्टी के मुखिया हेमंत सोरेन ने अपनी गैरहाजिरी में अपने स्थान पर नियुक्त करने के लिए चुना था। जबरदस्त विश्वास का वह कार्य या मजबूरी का राजनीतिक जुआ, जल्द ही दोनों पक्षों की तरफ से वफादारी और ईनाम की अपेक्षाओं के बेमेल होने में बदल गया। चंपई झारखंड में आदिवासी लामबंदी के अनुभवी नेता रहे हैं और उन्होंने अपने पूरे जीवन में क्रमशः राज्य के पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्रियों शिबू सोरेन और उनके बेटे हेमंत सोरेन के बाद दूसरे नंबर की भूमिका निभाई है। जब भ्रष्टाचार के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने से चंद मिनट पहले 31 जनवरी, 2024 को हेमंत ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, तो चंपई ने बागडोर संभाली। परिवार के किसी सदस्य, जैसा कि आमतौर पर ऐसी स्थितियों में होता है के बजाय पार्टी के एक दिग्गज को चुनना हेमंत की तरफ से एक साहसिक और शालीन कदम था, लेकिन टिकने के लिहाज से शायद यह कदम बहुत ज्यादा अच्छा नहीं था। लगभग पांच महीने जेल में बिताने के बाद जून में जैसे ही हेमंत को हाईकोर्ट द्वारा जमानत पर रिहा किया गया, वह अपनी कुर्सी पर वापस लौटना चाहते थे। चंपई का पद से हटाया जाना अचानक हुआ और उन्हें यह अपमानजनक लगा। उन्होंने पहली बार मुख्य कार्यकारी के रूप में सत्ता संभाली थी और उन्हें उम्मीद थी कि उनके नेता उनके साथ ज्यादा सम्मानजनक व्यवहार करेंगे।देश की ज्यादातर पार्टियों की तरह झामुमो पर भी एक ही नेता या परिवार का नियंत्रण है और इसमें दूसरे नेताओं की अपनी अलग महत्वाकांक्षाओं के लिए गुंजाइश बहुत कम है। खुद चंपई ने यह खेल लंबे समय तक खेला है, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें लगा कि अब अंतिम बिंदु आ गया है। उनके फैसले में बाहरी कारकों ने भी भूमिका निभाई होगी। जहां चंपई ने हेमंत द्वारा 'कड़वे अपमान' का रोना रोया, वहीं हेमंत ने कहा कि चंपई को भाजपा की तरफ से लालच दिया जा रहा था।

> **जबरदस्त विश्वास का वह कार्य या मजबूरी का राजनीतिक जुआ, जल्द ही दोनों पक्षों की तरफ से वफादारी और इनाम की अपेक्षाओं के बेमेल होने में बदल गया।**

# 'चांद घाटी की अनारो' ने समय की नब्ज पर रखा हाथ



सोमदत्त शर्मा




चांद घाटी की अनारो सविता शर्मा नागर का बावरिया जनजातीय समाज को केंद्र में रखकर लिखा गया सम्भवतः यह पहला उपन्यास है। कई पात्रों की भाषा से इसकी पृष्ठ्भूमि राजस्थान के अलवर और भरतपुर जिले की लगती है पर कथानक समाज के जिस ताने बाने से बुना गया है उसके पीछे कश्मीरी और स्थानीय बावरिया समाज दोनों हैं। पूंछी कश्मीरी समाज के लोग विभाजन की त्रासदी झेलते हुए सन 1947 में पाकिस्तान से आये थे। भारत सरकार ने उन्हें जहां तहां जगह देकर बसा दिया था। ऐसे में कुछ पूंछी कश्मीरी राजस्थान के अलवर के आसपास बसाये गये थे। जहां रहने को घर और खेती के लिये उन्हें जमीने दी गयी थीं। कश्मीरी लोगों को भारत सरकार ने जमीने दी थी लेकिन वे जमीन खुद नहीं करते थे। स्थानीय लोगों को बटाई पर देकर खेती कराते थे और उसमें से अपना हिस्सा ले लेते थे। गोरे चिट्टे, लम्बे-चौड़े कश्मीरी अपने खूबसूरत डील डौल और धार्मिक कट्टरता के कारण पहचाने जाते थे। लेकिन विभाजन की विभीषिका और महिलाओं तथा बच्चियों के साथ हो रही अमानवीय घटनाओं और जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाओं ने 'अपनी कुंआरी बहन बेटियों की लुटती अस्मत देख आनन-फानन में रातों रात उनके विवाह कर दिये जाने लगे। तब ना गोत्र देखे गये ना उम्र का मेल किया गया, ना रंग रूप का। इस तरह से आनन फानन में की गयी बेमेल शादियों के दंश को कश्मीरी स्त्री समुदाय ने तो सहन कर लिया, पर कश्मीरी पुरुष वर्ग कुंठित हो गया। राजस्थान आकर बसने के बाद बेमेल विवाह से ग्रसित पुंछी कश्मीरी पुरुषों ने अपनी कुंठा और निराशा को यहां वहां तलाशना शुरू कर दिया। उपन्यास में वेद का चरित्र इसी कुंठित कश्मीरी सामाज की देन है। जिसके पास काफी जमीन जायदाद है। देखने में लम्बा-चौड़ा, गोरा-चिट्टा, खूबसूरत और काफी पैसे वाला है। शादी शुदा होने के बावजूद वह अपनी अय्याश मिजाजी के लिये बदनाम है। उसके खेतों में काम करने वाली शायद ही कोई महिला रही होगी जो उसकी हवस का शिकार न बनी हो। लेकिन वह अपने इलाके का दबंग और रसूख दार आदमी है इसलिये उसके सामने किसी की बोलने कि हिम्मत नहीं होती और बात का इसी का वह फायदा उठाता है। उपन्यास का केंद्रीय पात्र 'अनारो' है। वह बावरिया समाज से आती है। भारत सरकार के कागजों में आज भी बावरिया समुदाय आपराधिक वृत्ति का समुदाय है। अनपढ़, अशिक्षित होने के कारण बावरिया लोग छोटे-मोटे काम करने के साथ साथ चोरी-चकारी करके अपनी आजीविका चलाने वाले समुदाय के रूप में इसे देखा जाता है। अनारो इसी बावरिया समुदाय से आती है। लेकिन वह दसवीं तक पढी है। दसवीं में उसने जिले में सबसे अधिक अंक प्राप्त किये थे। इस सफलता पर उसे बधाई देने जिला कलक्टर स्वयं आये थे और सौ रुपये का इनाम भी देकर गये थे। अनारो आगे पढ़ना चाहती थी और अध्यापिका बनकर समाज की सेवा करना चाहती थी लेकिन तभी उसकी सौतेली माता ने उसकी शादी गिरधर नाम के एक व्यक्ति से करा दी। गिरधर भी बावरिया समाज से था और अशिक्षित था। गिरधर दिन भर इधर उधर घूमता, नशा करता और रात अनारो के साथ बिताता। यही उसकी दिनचर्या होती। घर का खर्च उसकी मां रामकली की मेहनत-मजदूरी से चलता। गिरधर की शादी के बाद रामकली, अनारो को भी वेद के खेत में काम कराने के लिये ले जाती है। गांव भर में अनारो की सुंदरता और पढ़े-लिखे होने की चर्चा आम होती है। वेद की निगाह भी उस पर पड़ी तो बस मन से उसी का होकर रह गया। और जब उसे अनारो के पढ़े लिखे होने का पता चला तो उसका आकर्षण और बढ़ा गया। वह उसे किसी न किसी बहाने अपनी झोंपड़ी में बुलाता लेकिन अनारो उसे पास न फटकने देती। इस बीच अनारो एक बच्ची की मां बन गयी। रामकली को अच्छा नहीं लगा। वह एक बाबा के पास अनारो को लेकर गयी। उसने अभी छः लड़कियों के बाद लड़के का योग बताया। गिरधर को पता चलता है तो वह अनारो की उपेक्षा करने लगता है। कुछ दिन वाद अनारो की सास राम कली का निधन हो जाता है। अनारो अकेली पड़ जाती है। पर किसी तरह वह अपने पति गिरधर को वेद के खेतों में काम करने के लिये तैयार कर लेती है। वेद भी गिरधर को काम देने को तैयार हो जाता है। और जान बूझकर गिरधर को ऐसे काम बताता है कि वह घर से बाहर ही रहे और खेतों से भी। ताकि वेद अनारो से जब चाहे मिल सके। एक फैक्ट्री में काम करने जाती है वहां भी मैंनेजर की गंदी ललचायी निगाह को धता बता कर आनारो नौकरी छोड़ देती है। स्वाभिमान को महत्व देते हुए तनखाह भी मैंनेजर के मुंह पर मार देती है और नौकरी छोड़ देती है। अब अनारो घर में ही टोकरियां, इंडी आदि बनाने लगती है। इसी समय अनारो के अपने दोनों बच्चे भी स्कूल जाने लगते हैं। उधर वेद भी सरपंच बनना चाहता था मगर इस बार महिला सीट हो जाने से चुनाव नहीं लड सकता था। इसलिये वह दोस्तों के कहने पर अपनी पत्नी किरना को चुनाव लडवाने के लिये तैयार होता है। लेकिन जब उसे अनारो के चुनाव लड़ने की बात पता चलती है तो उसे हर तरह से रोकने की कोशिश करता है। पर वह नहीं मानती।अनारो के चुनाव के लिये स्वयं मास्टर जी योजना तैयार करते हैं। उसे सरपंच का काम बताते हैं। अनारो का प्रयत्न भी रंग लाता है और उसके साथ एक हुजूम चलता है। महिलायें, पुरुष,बच्चे सब नाचते गाते अनारो के साथ चलते हैं। जब कि वेद जब अपनी पत्नी किरना को लेकर जीप में चलता है तो उसके साथ कोई नहीं होता। इस तरह एक बावरिया समाज की लड़की को प्रगति के शिखर पर चढ़ते हुए दिखाते हुए उपन्यास समाप्त होता है। उपन्यास की सम्पूर्ण कथावस्तु आजादी के बाद सन 1960 के आस पास के समय को ध्यान में रखकर बुनी गयी है। इसमें एक ओर जहां विभाजन की त्रासदी से देश के भीतर उपजे सामाजिक-सांस्कृतिक तनाव, खासकर पाकिस्तान से विस्थापित होकर आये लोगों पर पड़े तमाम तरह के सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिकप्रभावों को रेखांकित किया गया है। तो दूसरी ओर स्थानीय समाज पर पडे उसके प्रभाव को भी रेखांकित किया गया है। माध्यम विस्थापित पूंछी कश्मीरी समाज भले ही बना हो पर इस बहाने से उस त्रासदी के सम्पूर्ण भारतीय समाज पर पड़े गम्भीर असर और प्रभाव के विविध पहलुओं को बडी शिद्दत से लेखिका ने उकेरा है। उपन्यास जनजातीय समाज में आ रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक बदलावों की ओर संकेत करता है। स्त्री का चरित्र महत्वपूर्ण होते हुए भी यह उपन्यास 'स्त्री विमर्श' से आगे सोचने वाला उपन्यास बन गया है। जनजातीय समुदाय सब तरह के शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हुए अपने विकास के लिये आगे आने का प्रयास करते हुए दिखाई देता है। लेकिन जनजातीय अस्मिता से आगे बढ़ कर समरस जीवन की आकांक्षा को महत्व देता है। उपन्यास तथाकथित उच्चवर्ग के पाखंड को सामने लाता है जो दिन के उजाले में छुआछूत का दिखावा करता है मगर रात के अंधेरे में उन्हीं उपेक्षित बस्तियों में रात गुजारता हैं।

## धर्म की बात

# धनतेरस से प्रारंभ होता है दीपावली पर्व



रमेश सर्राफ धमोरा

दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस का त्योहार दीपावाली पर्व के पहले दिन को दर्शाता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं। धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है। धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# चुनाव का मौसम और दलबदलू नेता



कुमार संजय

चुनाव का मौसम आते ही नेताओं में लोक सेवा की भावना अचानक ऐसे जाग उठती है, जैसे किसी हाइबरनेशन में गया हुआ भालू सर्दियों के बाद जागता हो। जो नेता पाँच साल कुर्सी से बेसुध, लापरवाह चिपके रहते हैं, वे अचानक लोक परोपकार के रंग में सराबोर हो जाते हैं। हर चुनाव से पहले जैसे ही तारीखें घोषित होती हैं, नेताओं के दिल में 'विकास की नदियाँ' बहने लगती हैं। लोक सेवा की भावना इतनी तीव्र हो जाती है कि अपनी पुरानी पार्टी की वफादारी छोड़ सीधा विरोधी पार्टी के दरवाजे पर दस्तक दे देते हैं। उनकी बातों में इतना जोश होता है, जैसे अगर वे पार्टी बदलेंगे, तो देश की सारी समस्याएँ एक झटके में सुलझ जाएंगी। लेकिन असल वजह? टिकट न मिलना! अरी ओ महान आत्मा, तुम आम आदमी को पूरा चूचू का फूचू समझते हो! तुम्हें क्या लगता है कि इसे तुम्हारी मक्कारी का पता नहीं है? अरे, सब पता है, अफसोस इसके हाथ में एक वोट का झुनझुना छोड़कर कुछ नहीं है। इसके पास बस एक ही ऑप्शन होता है - खतरनाक जहरीले साँपों में थोड़ा कम जहरीला साँप चुने। ये राजनीतिक दल बदलू नेता हर जगह पाए जाते हैं। उनके पार्टी छोड़ने का तरीका भी बड़ा नाटकीय और हास्यास्पद होता है। उनका पेटेंट डायलॉग होता है, हम पार्टी के सिद्धांतों से सहमत नहीं हैं... हमें पार्टी में सम्मान नहीं मिला... और फिर अगली बार वही बात दूसरी पार्टी में जाकर बोलते हैं। इन विश्वासघाती नेताओं के बारे में बात करें, तो चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, इनका बहिष्कार करना जनता का फर्ज बन जाता है। यह जरूरी है कि हम ऐसे नेताओं को कड़ा संदेश दें कि हम उनके दल बदलने की आदतों से प्रभावित नहीं होने वाले।

अब सवाल ये उठता है कि हम आखिर किसे वोट दें? जवाब आसान है - हमें सही और प्रबुद्ध नेता का चयन करना है, चाहे वह किसी भी पार्टी से क्यों न हो। नेता का गुण उसकी पार्टी नहीं, बल्कि उसकी ईमानदारी और जनता के प्रति जिम्मेदारी से मापा जाना चाहिए। नेता वही अच्छा, जो लोक सेवा के काम में लगा रहे, न कि चुनाव के समय अचानक जागने वाले लोक परोपकारी भालू की तरह। तो इस चुनाव में इन 'दल बदलू' नेताओं की चमक-दमक से दूर रहकर, अपना वोट सही इंसान को दें। चुनाव के समय नेताओं के 'लोक सेवा के झूठे आश्वासनों' में फंसकर अपना भविष्य खराब न करें। आखिरकार, एक बार गलत चुनाव कर लिया, तो फिर पाँच साल तक 'भोगना' ही पड़ेगा!

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**मनुष्य को यह समझने की आवश्यकता है कि उसकी अपनी बुद्धि ही उसके शरीर के अणुओं का नियंत्रण करती है। उसे मानसिक संकीर्णता के बंद कक्ष में नहीं जीना चाहिए। दूसरे लोगों के शक्तिप्रद विचारों और दृष्टिकोणों की स्वच्छ हवा में रहें।**


# सुख : सकारात्मक मनोवृत्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

स्मरण रखें कि यह नियम हर समय काम करता है और आप सदैव उसी प्रकार के विचारों के अनुसार ही व्यवहार करते हैं जिन्हें आप आदतवश मन में रखते हैं। इसलिए, अभी से केवल उन विचारों को ही सोचना आरम्भ कर दें, जो विचार आपके लिए स्वास्थ्य एवं सुख लाएँगे। मनुष्य को यह समझने की आवश्यकता है कि उसकी अपनी बुद्धि ही उसके शरीर के अणुओं का नियन्त्रण करती है। उसे मानसिक संकीर्णता के बन्द कक्ष में नहीं जीना चाहिए। दूसरे लोगों के शक्तिप्रद विचारों और दृष्टिकोणों की स्वच्छ हवा में रहें। निरुत्साह, असन्तोष और निराशा के विषैले विचारों को निकाल दें। जीवन शक्ति का पान करें और भौतिक रूप से एवं आध्यात्मिक रूप से विकसित मन वाले व्यक्तियों से मानसिक पोषण ग्रहण करें। अपनी एवं दूसरों के भीतर की रचनात्मक सोच का प्रचुर मात्रा में सेवन करें। आत्मविश्वास के पथ पर लम्बा मानसिक भ्रमण करें। परख, आत्मनिरीक्षण और पहलशक्ति के उपकरणों के साथ अभ्यास करें। मन, सभी जीवित कोशिकाओं का मस्तिष्क, भावना और अनुभूति होने के कारण मानव शरीर को फुतीर्ला या हतोत्साहित रख सकता है। मन राजा है, और इसकी सभी जीवकोशीय प्रजा ठीक अपने शाही निर्देशक की मनोदशा के अनुसार व्यवहार करती है। जिस प्रकार अपने दैनिक आहार में हम पौष्टिकता का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार हमें मन को नित्यप्रति दिए जाने वाले मानसिक भोजन की पोषक शक्ति का ध्यान रखना चाहिए। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**सुबह गयी, दोपहर भी, शाम जली ना आग।**
**सुना कई ने ले लिया, मजबूरन वैराग।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## अलग बात

# 'राम मंदिर की प्रतीक्षारत अलौकिक दिवाली'



डॉ. रीना रवि मालपानी
कवयित्री एवं लेखिका।

अयोध्या नृप मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का वन गमन सदैव के लिए सबके हृदय में राम राज्य को स्थापित कर गया। राम तो हृदय में विराजमान उच्चारण है। राम तो अनंत भावों की अभिव्यक्ति है। राम तो धर्म के मर्म के प्रदाता है। सर्वगुण के आलय प्रभु श्रीराम का हम विनय पूर्वक वंदन करते है। राम का अयोध्या आगमन और राम मंदिर में श्रीराम का आगमन पुनः उसी भावना से हृदय को उद्वेलित कर देता है। प्रसन्नता चहुं ओर विद्यमान है। प्रत्येक को विश्वास है कि रघुकुल नन्दन राजा राम है, जो प्रत्येक परिस्थिति में हमारी रक्षा करेंगे। वे इस प्रकाशपर्व में हमारे अज्ञान रूपी तिमिर का अपनी कृपा के आलोक से विनाश कर हमारे जीवन को आलौकित कर देंगे।

**करे कर्मो का अनूठा दीप प्रज्ज्वलन, तम रूपी दनुज का उन्मूलन।**
**महीप सीतापति का आगमन, मुमुक्षु और वैभव का आह्वान।।**

राम और राम मंदिर निर्माण दोनों ही धैर्य और संघर्ष की अनूठी छाप है। श्रीराम का समय तो एक ऐसा युग है जिसके समक्ष समस्त ब्रह्मांड नतमस्तक है। राम का वनवास तो एक कोमल राजकुमार की करुण कथा का रूप है। आदर्शों की स्थापना के लिए राम ने अनेकों कष्टों को शिरोधार्य किया और राम मंदिर के निर्माण में भी भक्तजनों ने अपने प्रयासों में कोई कमी परिलक्षित नहीं होने दी। मारीच का भ्रम उत्पन्न करना तो श्रीराम की लीला का अभिनय अंग था। प्रेम की उत्कृष्ट पराकाष्ठा को प्रदर्शित करने के लिए उन्होने सीता के वियोग में वन-वन व्याकुल होकर पीड़ित स्वर में सिया को पुकारा। लक्ष्मण की मूर्छित अवस्था देखकर भावों एवं संवेदनाओं से उनका हृदय आंदोलित हो गया। मानवता के सृजक महीप राम तो गुणों की खान है। मनुष्य की अंतिम यात्रा भी राम पर ही समाप्त होती है और राम नाम ही सत्य है यह बोध कराती है। राम सर्वस्व है। राम धर्म के अलौकिक देदीप्यमान सूर्य है, जिन्होने अपने वचन का पालन कर तीनों लोकों में अपनी विजय पताका फहराई।

**दीपक का मयूख प्रतीक है आस ,सूक्ष्म तरणि का अनुपम विश्वास ।**
**वसुंधरा का नूतन ज्योति से श्रृंगार, विभावरी में आलोक का प्रसार।।**

राम मंदिर में श्रीराम के विराजमान होने के पश्चात इस दिवाली की चमक ही अनूठी है। यह दिवाली तो हमें गर्व का अनुभव करा रही है, क्योंकि श्रीराम की कृपा से हम राम मंदिर के साक्षी बने। अपार रौनक, चमक-दमक चहुं ओर व्याप्त है। प्रत्येक द्वार-द्वार पर हर्ष-उल्लास, मुस्कान एवं खुशी बिखरी हुई है। राम मंदिर की प्रतीक्षारत दिवाली तो मन में प्रसन्नता के प्रसून को प्रफुल्लित कर देती है। राम नाम से हमारा अपनत्व का रिश्ता है। कितनी सुखद अनुभूति है कि राम मंदिर में राम हमारे मध्य है और अब मंदिर में विराजमान राम का कभी वनवास नहीं होगा। राम के प्रति श्रद्धा का भाव हमारे मन में संशयों को न्यून कर देता है। प्रकाश पर्व में परम्पराओं के स्वागत, संस्कृति की झलक, आकर्षक रंगोली एवं मिट्टी के दीयों से प्रकाशित दिवाली हममे आशा के अनेकों बीजों का अंकुरण कर देती है। राम की छवि को हमें अमावस्या की रात्रि में हमारे हृदय में प्रकाश का स्वरूप देना है। रघुनंदन के नेतृत्व में राम राज्य में चहुं ओर शांति और अनुशासन था। पुनः हमें उसी राम राज्य की स्थापना करनी है। हे राम, हमारे जीवन को भी अपने ज्ञान से आलौकित कर दो। विपदाओं के अनेकों प्रहारों को राम ने अपने धैर्य रूपी ऊर्जा के शस्त्र से नष्ट कर दिया।

**हर्ष विषाद चित्त के विकल्प,कौशल्यानंदन विजयपथ के संकल्प।**
**भूपति राघव आत्मीक शौर्य के प्रतीक,मयादार्पूर्ण शील के रूपक।**

इस जीवम में अनेक प्रकार के कलुषित विकार विद्यमान है जैसे लोभ, मोह, काम, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और द्वंद इत्यादि, जो हमारे मन को दूषित कर देते है। श्रीराम की कृपा इन सभी विकारों से हमें मुक्ति प्रदान करती है। जिन प्रभु की मात्र इच्छा से कार्य पूर्णता को प्राप्त कर लेते है वे प्रभु भी मानव योनि में अपनी लीला एवं मंदिर निर्माण में धैर्य की सीख देते है। हे राम, हमारे हृदय मृदुल और मधुर बना दो। स्वर को विमल वाणी से युक्त कर दो। सभी प्राणियों में राम राज्य के समान निर्झर प्रेम की अविरल धारा को प्रवाहित कर दो। दोष युक्त भाव छल, मद-माया का विनाश कर दो। हे करुणा निधान कृपालु रामचंद्र अपनी दया के नीर कण छलका दो।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रयागराज महाकुंभ पहले से विराट होगा : योगी

### देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को प्रयागराज महाकुंभ में किया आमंत्रित




**एजेंसी। कुरुक्षेत्र**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीस धुनी व शंखाढाल भंडारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों से ज्यादा विराट और भव्य होगा। सीएम योगी ने कार्यक्रम में शामिल हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी। उन्होंने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष 'परित्राणाय साधुनाम, विनाशाय च दुष्कृताम' को सिद्ध करके दिखा दिया है। हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि जनता का जनार्दन रूप कैसा होता है। सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति को रसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है। उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय और निःश्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किए बिना निःश्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है। धर्म के दो हेतु हैं, पहला है अभ्युदय का और दूसरा निःश्रेयस का। अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उत्कर्ष है, जिसमें हम अपने सामर्थ्य के अनुसार अपनी ऊर्जा को लोककल्याण के साथ जोड़ते हैं। इसके लिए हमें सही फैसला लेना होगा। धार्मिक क्षेत्र में अच्छे संत चाहिए होंगे। विकास के लिए सही लोग चुनने होंगे। अच्छे लोगों को चुनेंगे तो परिणाम भी अच्छा आएगा। हरियाणा के लोगों ने अच्छा फैसला किया है। ये भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग की धरा है। जिन लोगों ने बुरा किया उनका परिणाम भी बुरा ही होगा। दूसरा हेतु है निःश्रेयस का। एक योगी या सद्गृहस्थ अपने अभ्युदय को विस्मृत करके कभी निःश्रेयस की प्राप्ति नहीं कर सकता। जब सांसारिक उत्कर्ष के लिए निष्काम भाव से काम करेंगे तो परिणाम हमें इसी रूप में देखने को मिलेगा। ये इस लोक में विकास के साथ लोकमंगल की कामनाओं की सिद्धि का आधार तो तय करेगा ही, इसके बाद वह हमारी मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यही धर्म की दो कामनाएं हैं। इन्हीं कामनाओं को लेकर प्राचीन काल से संतों का समागम होते रहे हैं। चार पीढ़ी से पतन की ओर जा रही ये पावन धरा एक योगी के आने के बाद उत्थान की ओर अग्रसर हुई है। यह नाथ संप्रदाय के एक सुप्रसिद्ध सिद्ध योगी गरीबनाथ जी की पावनधरा है।


# जम्मू के बट्टल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**एजेंसी। जम्मू**




जिले के उपजिला अखनूर के बट्टल में सोमवार को आतंकियों ने सेना की एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान फिलहाल जारी रखा है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब सात बजे तीन आतंकवादियों ने सेना की एक एंबुलेस पर हमला किया। अखनूर के बट्टल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाकर बैठे तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की। इसके बाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। आतंकियों के शवों के साथ हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। तीनों आतंकी सेना की वर्दी में थे और हथियारों से लैस थे।

# ईडी ने पांच राज्यों में 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की




- महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में हुए हैं जब्त
- 503.16 करोड़ मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया गया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जायसवाल, उनकी बिजली कंपनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ये हाई-प्रोफाइल मामला 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ईडी की नागपुर इकाई ने मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटरों यानी निदेशकों मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 503.16 करोड़ रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक बैंक धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत 24 अक्टूबर, 2024 को महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित इन संपत्तियों को जब्त किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी कहा कि जब्त की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, विभिन्न भू-संपत्तियां और मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और और इसके निदेशकों मनोज कुमार जायसवाल और अन्य के परिवार के सदस्यों के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों के नाम पर अर्जित भवन शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने कहा कि कार्रवाई के तहत महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश के विभिन्न स्थानों से संपत्तियां, भवन, बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड और शेयर बरामद किए गए हैं।

# दिवाली व छठ पर झारखंड, बिहार उप्र, मप्र जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़

### दिल्ली, मुंबई, सूरत जैसे शहरों के स्टेशनों पर नहीं मिलेगा प्लेटफार्म टिकट

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** दिल्ली , मुंबई , सूरत जैसे तमाम बड़े शहरों के रेलवे स्टेशनों से उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश व झारखंड जाने वाले यात्रियों की लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं।अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर इन दिनों यात्रियों की बहुत भीड़ है। छठ पूजा व दिवाली के लिए घर लौटने की कोशिश में यात्री किसी भी तरह ट्रेन पकड़ना चाह रहे हैं। भीड़ को देखते हुए पश्चिमी रेलवे) के अहमदाबाद डिवीजन ने शहर के सभी तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों – अहमदाबाद (कालूपुर), साबरमती और असरवा पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री को निलंबित कर दिया। प्लेटफॉर्म टिकट पर लगा यह सस्पेंशन 27 अक्टूबर को लागू हुआ और 6 नवंबर 2024 तक लागू रहेगा। इसका मतलब यह है कि केवल वैध टिकट वाले लोगों को ही रेलवे स्टेशनों में प्रवेश की अनुमति होगी और यात्रियों को विदा करने आए रिश्तेदार या अन्य लोग एंट्री नहीं कर सकेंगे। यह आदेश भारी भीड़ के मद्देनजर आया है, खास तौर पर उत्तर और पूर्वी भारत के राज्यों में प्रवासी श्रमिकों को ले जाने वाली जनसाधारण एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के लिए। बिक्री को निलंबित करने का फैसला रविवार शाम को ही लिया गया था लेकिन इसकी घोषणा सोमवार सुबह की गई। उल्लेखनीय है कि पश्चिम रेलवे क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के एक सदस्य ने शुक्रवार और शनिवार को महाप्रबंधक को पत्र लिखकर मांग की थी कि त्योहारी सीजन के दौरान अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएं। सूरत से उत्तर भारत की तरफ जाने वाली ट्रेनों में सफर करने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ उधना रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी है। सूरत से उप्र , बिहार, मध्य प्रदेश व झारखंड जाने वाले यात्रियों की लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। सूरत के उधना स्टेशन के बाहर सड़क पर यात्रियों की लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। उधना रेलवे स्टेशन के अंदर भी यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जवानों को लाठी भी चलानी पड़ी।

# फर्जी आधार कार्ड के साथ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी। जयपुर**



राजस्थान पुलिस ने सोमवार को एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को फर्जी आधार कार्ड के साथ जयपुर में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। फर्जी आधार कार्ड बनवाने में मदद करने के आरोप में उसके साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। भांकरोटा थाने के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नोजू फकीर (45) के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है। फर्जी पहचान पत्र पर उसकी उम्र 18 साल बताई गई है। संदिग्ध बांग्लादेशी नोजू फकीर पुत्र ओहाब फकीर निवासी जयसिंहपुरा (भांकरोटा) और साथी फिरोज कुरैशी (40) को गिरफ्तार किया है। कुरैशी सीकर हाउस चांदपोल बाजार में रहता है। फर्जी आधार कार्ड बनाने में मदद करने वाले फिरोज कुरैशी के भाई मोहम्मद आमिर उर्फ राजा की तलाश जारी है। 20 अक्टूबर को कम से कम 12 संदिग्ध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया था। एक टीम गठित की गई जिसने इलाके में छापेमारी की और 12 संदिग्ध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। संदिग्धों के पास से बांग्लादेशी दस्तावेज मिले। भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, लेबर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पहचान पत्र, बैंक और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी मिले थे। सत्यापन के बाद पुलिस ने एक अन्य संदिग्ध बांग्लादेशी सोहाग खान निवासी जयसिंहपुरा, उनकी पत्नी नसरीन खानम, बेटे एम. खान, शबनम, शीबा खान और शबनूर के साथ ही एक भारतीय सहयोगी उस्मान खान निवासी जेडीए फ्लैट को गिरफ्तार कर लिया।

# आज का राशिफल

**मेष :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**वृष :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह :**:शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु :** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।

**कुंभ :** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मीन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

### बिहार में राजग की बैठक में एजेंडा तय

# 2025 के विस चुनाव में 220 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज संपन्न हुई बिहार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में 2025 के विधानसभा चुनाव का एजेंडा तय किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि राजग आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी। साथ ही विधानसभा चुनाव में 220 से अधिक सीटों पर जीत का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि राज्य से लेकर पंचायत स्तर तक राजग नेताओं और कार्यकतार्ओं की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यकत्ताओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें चुनाव जीतने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पार्टी ने विश्वास जताया कि सभी जाति-धर्म के लोगों के विकास के लिए किए गए कार्यों के आधार पर जनता फिर से राजग को चुनेगी। बैठक खत्म होने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि राजग अगला विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा। आगामी चुनाव में 2010 वाले चुनाव से अधिक सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया गया है।

# हरजिंदर सिंह धामी चौथी बार बने एसजीपीसी के अध्यक्ष



**एजेंसी। चंडीगढ़**

सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में बादल समर्थक एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को चौथी बार एसजीपीसी का अध्यक्ष चुना गया है। इस चुनाव में हरजिंदर सिंह धामी को 107 वोट मिले और उनकी प्रतिद्वंदी व एसजीपीसी की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर कौर को महज 33 वोट मिले। सोमवार को शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में प्रधान पद के चुनाव के लिए दरबार साहिब स्थित तेजा सिंह समुंद्री हॉल में वोटिंग हुई। इसके बाद नतीजे घोषित किए गए। इस चुनाव में रघुजीत सिंह विर्क को एसजीपीसी का सीनियर मीत प्रधान नियुक्त किया गया है और शेर सिंह मंड को जनरल सेक्रेटरी बनाया गया है। साथ ही 11 एग्जीक्यूटिव सदस्य भी बना दिए गए हैं, जिनमें बीबी हरजिंदर कौर, अमरीक सिंह, सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह खालसा, सरदार सुरजीत सिंह गड़ी, बलदेव सिंह कैमपुर, दलजीत सिंह भिंडर, सुखप्रीत सिंह रोडे, रविंदर सिंह खालसा, जसवंत सिंह और परमजीत सिंह रायपुर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पहले एसजीपीसी में सदस्यों की संख्या 185 थी। जिनमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से चुने जाते हैं। इनमें 31 सदस्यों का निधन हो चुका है और छह सदस्य इस्तीफा दे चुके हैं। सोमवार को हुए चुनाव में कुल 148 सदस्यों ने मतदान किया था। आज का चुनाव इसलिए अहम माना जा रहा था कि वर्ष 1990 से एसजीपीसी

# प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात को दी 4800 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात



- इस व्यापक परियोजना में 24 बड़े सेतु, 254 छोटे सेतु, 3 रोड ओवरब्रिज और 30 रोड अंडरब्रिज शामिल हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के अमरेली और सौराष्ट्र के लिए करीब 4800 करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मोदी ने अमरेली के दुधाला में भारत माता सरोवर का उद्घाटन किया। यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत गुजरात सरकार और ढोलकिया फाउंडेशन के सहयोग से विकसित की गई है। इन परियोजनाओं से राज्य के अमरेली, जामनगर, मोरबी, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़, पोरबंदर, कच्छ और बोटाद जिलों के नागरिकों को लाभ होगा। अमरेली के लाठी में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने सौराष्ट्र-अमरेली के लिए ये सौगात दी। प्रधानमंत्री 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें एनएच 151, एनएच 151ए एवं एनएच 51 और जूनागढ़ बाईपास के विभिन्न खंडों को चार लेन का बनाना शामिल है। जामनगर जिले के ध्रोल बाईपास से मोरबी जिले के अमरान तक के शेष खंड को चार लेन की परियोजना का शिलान्यास भी किया गया। लगभग 1,100 करोड़ की लागत वाली भुज-नालिया रेल गेज परिवर्तन परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस व्यापक परियोजना में 24 बड़े सेतु, 254 छोटे सेतु, 3 रोड ओवरब्रिज और 30 रोड अंडरब्रिज शामिल हैं और यह कच्छ जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# न्यूज बॉक्स

## धर्मेंद्र प्रधान ने काशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के दरबार में लगाई हाजिरी

**वाराणसी।** केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत हाजिरी लगाई और दर्शन पूजन किया। केन्द्रीय मंत्री ने दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद बाबा विश्वनाथ और कालभैरव से देश में सुख समृद्धि की मंगलकामना की।

## सीजेआई आज केदार बाबा व बद्रीविशाल के करेंगे दर्शन

**गुप्तकाशी।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डॉ धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ मंगलवार को केदारनाथ और बद्रीविशाल के दर्शन के लिए दोनों धाम जाएंगे। जानकारी के अनुसार न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 29 अक्टूबर (मंगलवार) को प्रातः 9:10 बजे जीटीसी हैलीपेड देहरादून से प्रस्थान कर प्रातः 9:40 बजे केदारनाथ धाम पहुंचेंगे। केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना व दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ वहां से प्रातः 11:15 बजे बद्रीनाथ धाम हैलीपेड चमोली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची की जारी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। इसमें भाजपा ने वसई से स्नेहा दुबे, बोरीवली से संजय उपाध्याय, वसोर्वा से भारती लावेकर, घाटकोपर पूर्व से पराग शाह, लातूर सिटी से अर्चना चाकुरकर, और कराड उत्तर से मनोज घोरपड़े को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके अलावा भाजपा ने नागपुर पश्चिम से सुधाकर कोहले, नागपुर सेंट्रल से प्रवीण दटके, और नागपुर उत्तर से मिलिंद माने को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही भाजपा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 146 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होगा।

## बेतिया में देवर ने भाभी की तलवार से काटकर की हत्या



**बेतिया।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के सिरसिया थाना क्षेत्र में देवर ने अपनी चचेरी भाभी की तलवार से काटकर हत्या कर दी और उसके बाद तलवार फेंक कर खुद थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पूर्वी तुरहापट्टी गांव निवासी मुनीर अहमद ने पड़ोस में रहने वाली अपनी चचेरी भाभी और आलमगीर अंसारी की पत्नी सल्होदा खातून (45) की तलवार से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि देवर और भाभी दोनों पड़ोसी हैं। छह माह पूर्व बच्चों के विवाद को लेकर दोनों परिवार में मारपीट हुई थी। इसके बाद दोनों परिवारों में मनमुटाव चल रहा था।

## हैदराबाद में मोमोज खाने से महिला की मौत, 50 लोग बीमार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बंजारा हिल्स में सड़क किनारे एक फूड स्टॉल पर मोमोज खाने से एक महिला की मौत हो गई और करीब 50 अन्य बीमार हो गए। कुछ पीड़ितों ने सोमवार को बंजारा हिल्स पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को उन्होंने एक स्टॉल से मोमोज खाए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और मोमोज बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। रेशमा बेगम (31), उनके बच्चे और सिंगदकुंता बस्ती के कई अन्य लोगों ने शुक्रवार को मोमोज खाए थे। शनिवार को उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। वे इलाज के लिए बंजारा हिल्स के विभिन्न अस्पतालों में गए। रेशमा बेगम की हालत गंभीर होने पर उन्हें निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## दानापुर एक्सीडेंट : सीएम आवास के सामने आत्मदाह करेगा मृतक का बेटा

**दानापुर।** बिहार के दानापुर में 7 अक्टूबर को आरके पुरम अपार्टमेंट के पास स्कॉर्पियो कार की टक्कर से एक महिला की मौत के मामले में मृतक के पुत्र राजेश ने थाने में अपने पड़ोसी भाजपा नेता के ऊपर हत्या का केस दर्ज करवाया था। सोमवार को मृतक के पुत्र राजेश ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर इस मामले में कोई कार्रवाई न होने की वजह से मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह करने की बात कही है। राजेश ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, दानापुर थाना कांड संख्या 986/24 में मेरी मां के ऊपर एक मामूली विवाद में स्कॉर्पियो चढ़ाकर उन्हें मार दिया गया। यह घटना हत्या के तौर पर दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। क्योंकि घटना को अंजाम बीजेपी के नेता के द्वारा दिया गया है। मैं डीएसपी, एसपी, एसएसपी सब से गुहार लगा कर थक चुका हूं। लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई।

## नफरत और गुस्सा फैलाती है केंद्र सरकार : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए सोमवार से अपने अभियान का आगाज किया। उन्होंने मीनांगडी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। कुछ दिन पहले मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वायनाड आई थी। मैं रात में जब अपने होटल जा रही थी, उसी दौरान मैंने कुछ लोगों को खड़ा देखा, इसलिए मैं रुक गई और उनसे बात की। उन्होंने आगे कहा, उनमें से एक शख्स सेना से था। उसने बताया कि वह अपनी नौकरी के लिए पूरे देश में यात्रा कर चुका है। उसकी मां मुझसे मिलना चाहती थी, लेकिन वह उस जगह तक चलकर नहीं आ सकती थी, इसलिए मैंने उससे कहा कि वह मुझे अपने घर ले जाए, ताकि मैं उनसे मिल सकूं। उन्होंने मुझे पहले कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं देखा था, लेकिन जब वह मुझसे मिलीं तो उन्होंने मुझे ऐसे गले लगाया, जैसे मैं उनकी अपनी बच्ची हूं। उन्होंने मुझे ठीक वैसे ही पकड़ा था जैसे मेरी मां पकड़ती है। मुझे कोई अंतर महसूस नहीं हुआ। आप सभी ने मुझे वायनाड में कदम रखते ही प्यार दिया है।

## जेपीसी की बैठक में जोरदार हंगामा विपक्षी दलों ने किया वॉकआउट

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक- 2024 पर विचार- विमर्श करने के लिए बुलाई गई जेपीसी की बैठक में सोमवार को भी जबरदस्त हंगामा हुआ। विपक्षी दलों के सांसदों ने आरोप लगाया कि बैठक में फर्जी प्रजेंटेशन दिया जा रहा है और इसी पर चर्चा भी कराई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रजेंटेशन के दौरान विपक्षी दलों ने उसकी वैधता पर ही सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों की तरफ से तर्क दिया गया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पहले ही जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखकर यह अनुरोध कर चुकी हैं कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट का संज्ञान नहीं लिया जाए। बताया जा रहा है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट में वक्फ संपत्तियों को लेकर कई तरह की गड़बड़ियों का जिक्र किया गया है।

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा

## झारखंड की सलीमा टेटे को मिली कप्तानी

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई। नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, 'एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है। हम गत चैम्पियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है। उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी ट्रेनिंग की है। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था।'' टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी। रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी। मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग टीम की मारक क्षमता को बढ़ाएंगी। सुशीला और ब्यूटी चोट से उबरने के बाद टीम से वापसी कर रही है। भारतीय उपकप्तान नवनीत ने कहा, 'हमें अपनी तैयारी और एक दूसरे के साथ पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उत्साहजनक है और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, "सलीमा के साथ खेलने का अनुभव बहुत अच्छा रहा और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'



### भारतीय टीम

- **डिफेंडर :** उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।
- **गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम।
- **मिडफील्डर :** नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।
- **फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

## चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बने किर्गिस्तान के कराचोव को हराकर जीता गोल्ड

एजेंसी



**तिराना (अल्बानिया) ।** चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं जिसकी मदद से भारत ने यहां चल रहे इस आयु वर्ग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और रजत सहित नौ पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे चिक्कारा ने किर्गिस्तान के अब्दिमालिक कराचोव पर अंतिम सेकंड में 4-3 से जीत दर्ज की। वह पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। चिक्कारा ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत के पदकों में दो कांस्य पदक भी शामिल हैं। इससे वह 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में दो और कांस्य पदक जीते, जिससे इस वर्ग में देश के पदकों की संख्या चार हो गई।

## तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्रिकेट फैंस और बीसीसीआई से माफी मांगी

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन' पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रूकावट आई। हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। शमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह जल्द ही वापसी करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने जाने पर हर्षित राणा ने कहा, 'पापा की बदौलत यहां तक पहुंचा हूं

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत की ऐतिहासिक 2020-21 टेस्ट सीरीज जीत हर किसी को याद है। इस दिन एक युवा क्रिकेटर हर्षित राणा ने एक सपना देखा था, जो अब तीन साल बाद हकीकत बनने वाला है। भारत की 18 सदस्यीय टीम में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक हर्षित राणा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार परफॉर्मेंस के बाद राणा की यात्रा उनके समर्पण को दर्शाती है। उम्मीद है कि अनुभवी खिलाड़ियों और गौतम गंभीर की कोचिंग में वह इस मौके को पूरी तरह भुनाने में सफल होंगे। आईपीएल 2024 के बाद से राणा भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं, वह लगातार टीम के साथ यात्रा करते रहे हैं और उन्होंने अच्छा अनुभव हासिल किया है। जिम्बाब्वे, श्रीलंका और बांग्लादेश के दौरों के दौरान डेब्यू न करने के बावजूद, राणा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों के साथ अपने कौशल को निखारा है। उन्होंने खासकर ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के बारे में इन गेंदबाजों से बहुत कुछ सीखा और होमवर्क किया होगा। आईपीएल के जरिए राणा ने अपने कौशल को खूब निखारा है। उन्होंने 2024 में 13 मैचों में 19 विकेट लिए और 20.15 के प्रभावशाली औसत के साथ सबका ध्यान खींचा। इस प्रदर्शन के कारण उन्हें जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 के लिए भारत की ओर से शुरुआती कॉल-अप मिला। हालांकि, वह प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो पाए लेकिन यह अनुभव उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। भारत के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल से सीखते हुए, राणा ने प्रत्येक सत्र के लिए अलग-अलग लक्ष्यों के साथ अपने कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया। राणा ने कहा, "मोर्ने मोर्कल हम पर कड़ी नजर रखते हैं और प्रत्येक गेंदबाज नेट पर क्या कर रहा है, इस पर उनका फोकस हमेशा रहता है। वह हमेशा हमें बताते हैं कि हमें प्रत्येक गेंद पर क्या लक्ष्य रखना चाहिए। इससे मुझ स्पष्टता मिलती है कि मुझे आगे क्या करना है। उन्होंने मुझे हर गेंदबाजी सत्र के लिए एक स्पष्ट उद्देश्य रखने की सलाह दी है। टीम के इतने अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलना शानदार होगा। कोच गौतम गंभीर से भी हमें बहुत कुछ सीखने मिलता है। उन्होंने आगे कहा, "मुझे तब पता चला कि मैं ऑस्ट्रेलिया जा रहा हूं जब टीम की आधिकारिक घोषणा की गई।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए वनडे और टी20 कोच बने जेसन गिलेस्पी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए जेसन गिलेस्पी को मुख्य कोच नियुक्त किया है। गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे बोर्ड ने सोमवार को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया और आगामी दौरे के लिए सीमित ओवरों की देखरेख जेसन गिलेस्पी कौ सौंपी। पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया, ''गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा दे दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे। कर्स्टन ने केवल छह महीने के कार्यकाल के बाद ही इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्स्टन और पीसीबी के बीच मतभेद थे। ये मतभेद खासकर टीम चयन और ऑस्ट्रेलिया-जिंबाब्वे के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए टीम का चयन करने को लेकर थे।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभालेगा नया कप्तान

एजेंसी



### पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा.

**पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम:** सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा.

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम में अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में नया कप्तान होगा, क्योंकि कई मुख्य खिलाड़ी भारत के साथ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी में जुटे हैं। सीरीज के शेड्यूल में टकराव के कारण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने टी20 टीम के लिए नए नेतृत्व का चुनाव किया है। मिशेल मार्श की गैरमौजूदगी में जोश इंग्लिस, एडम जम्पा, या मैट शॉर्ट में से किसी को कप्तान बनाया जा सकता है। इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट खिलाड़ियों, जैसे कि मार्श, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड के न होने से टीम के नए खिलाड़ियों के पास नेतृत्व संभालने का मौका है। ब्रिस्बेन, सिडनी और होबार्ट में होने वाले मैचों के लिए चुनी गई 13 खिलाड़ियों की टीम में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम का नेतृत्व करने की कोशिश करेंगे। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को अस्थाई कप्तान की नियुक्ति को मंजूरी देनी होगी। टीम के कोच आंद्रे बोरोवेक होंगे, जिन्होंने पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में भी इसी तरह की टीम का नेतृत्व किया था। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और उनके सहायक कोच माइकल डी वेनुटो और डैन वेटोरी पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और फिर टेस्ट मैचों पर ध्यान देंगे। चयन प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, "यह खासतौर पर उत्साहजनक है कि ज़ेवियर, स्पेंसर और नाथन राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का एक और मौका है। टी20 सीरीज में तेज गेंदबाज ज़ेवियर बार्टलेट, स्पेंसर जॉनसन और नाथन एलिस भी शामिल होंगे, जो चोट के कारण यूके दौरे में नहीं खेल पाए थे। स्पेंसर ने हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है, जबकि बार्टलेट और एलिस अभी चोट से पूरी तरह उबर रहे हैं। इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों जैसे कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कूपर कोनॉली और सीन एबॉट को मौका मिलेगा, जबकि मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को भी भूमिकाओं में देखा जाएगा। इस टीम में एडम ज़म्पा, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और नाथन एलिस जैसे प्रमुख सफेद गेंद विशेषज्ञ भी रहेंगे, जो पाकिस्तान के खिलाफ टीम का मार्गदर्शन करेंगे। तीन मैचों की यह सीरीज 8 नवंबर से शुरू होगी और 18 नवंबर को समाप्त होगी, जिसके कुछ दिनों बाद ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम भारत के खिलाफ पर्थ में खेलेगी।



# दीपावली से पहले ही शेयर बाजार की दमदार वापसी, सेंसेक्स 912 अंक उछला

एजेंसी




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के कारोबारी सत्र में दमदार तेजी देखने को मिल रही है। आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और विप्रो जैसे बड़े शेयरों में खरीदारी के कारण शेयर बाजार में लगातार पांच कारोबारी सत्रों से हो रही गिरावट पर ब्रेक लग गया। दोपहर 1:20 बजे सेंसेक्स 910 अंक या 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,312 और निफ्टी 248 अंक या 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,428 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों की ओर से किया जा रहा है। निफ्टी बैंक 662 अंक या 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,450 पर था। बाजार में रुझान तेजी का बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,792 शेयर हरे निशान में और 720 शेयर लाल निशान में हैं। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 562 अंक या 1.02 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,865 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 271 अंक या 1.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,119 पर था।

ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, सर्विसेज और पीएसई सबसे अधिक बढ़ने वाले इंडेक्स हैं। सेंसेक्स पैक में आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, नेस्ले, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एचयूएल, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टीसीएस, सन फार्मा, एचसीएल टेक और पावर ग्रिड टॉप गेनर्स हैं। कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर्स हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि अच्छे क्वालिटी और बेहतर नतीजें पेश करने वाले शेयरों में खरीदारी देखने को मिल रही है। निवेशकों ऐसे बाजार में सही वैल्यूएशन वाले शेयरों में ही निवेश करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इजरायल की ओर से ईरानी ऑयल फील्ड्स को हमले में निशाना न बनाए जाने के कारण वैश्विक बाजार में तेजी आई है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम की अनिश्चितता के कारण निवेश सतर्कता बरत रहे हैं।

## लिस्टिंग के जरिये 2 कंपनियों की स्टॉक मार्केट में हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज दो कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए दस्तक दी। इन दोनों कंपनियों के शेयर आज प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए लेकिन दिन के कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से दोनों कंपनियों के शेयर लिस्टिंग प्राइस से नीचे गिर कर बंद हुए। लिस्टिंग लेवल से गिर कर बंद होने के बावजूद इन दोनों में से एक कंपनी वारी एनर्जीज के आईपीओ निवेशक 55.62 प्रतिशत के फायदे में रहे, वहीं दूसरी कंपनी प्रीमियम प्लास्ट के निवेशकों को 0.20 प्रतिशत के नुकसान का सामना करना पड़ा। सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी वारी एनर्जीज के शेयरों की आज में घरेलू शेयर बाजार में शानदार एंट्री हुई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 69.66 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 2,550 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 66.33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 2,500 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर उछल कर 2,624.40 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इस तेजी के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस शेयर की चाल में भी गिरावट आ गई। बिकवाली के दबाव में ये शेयर 2,300 रुपये के स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि इसके बाद हुई खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर 2,338.90 रुपये के स्तर पर बंद होने में सफल रहा।

## अदाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी का मुनाफा घटकर 472.89 करोड़ रु रहा




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 472.89 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) का शुद्ध लाभ 987.24 करोड़ रुपये था। अंबुजा सीमेंट्स लि. (एसीएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन आय 7,516.11 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 7,423.95 करोड़ रुपये था। एसीएल की कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) दूसरी तिमाही में 7,890.14 करोड़ रुपये रही। समीक्षाधीन तिमाही में कुल व्यय 7,023.49 करोड़ रुपये रहा। अंबुजा सीमेंट्स ने एकल आधार पर जुलाई-सितंबर तिमाही में 500.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। एक साल पहले समान तिमाही में यह 643.84 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकल परिचालन आय 4,213.24 करोड़ रुपये थी।

## पीएनबी के प्रॉफिट में 145% का उछाल! 34,447 करोड़ की हुई कमाई, बाजार में रौनक

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पंजाब नेशनल बैंक ने सोमवार को अपने जुलाई-सितंबर अवधि के नतीजों का ऐलान कर दिया। बैंक का मुनाफा 2024-25 की दूसरी तिमाही में दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपये हो गया। पब्लिक सेक्टर बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,756 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। पीएनबी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि सितम्बर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 34,447 करोड़ रुपये हो गई। यह पिछले साल की समान तिमाही में 29,383 करोड़ रुपये थी।

**ब्याज से होने वाली कमाई भी बढ़ी :** इसके अलावा तिमाही के दौरान बैंक ने ब्याज से 29,875 करोड़ रुपये की आय दर्ज की, जो एक साल पहले की समान अवधि में 26,355 करोड़ रुपये से अधिक है। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक के ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट (NPAs) में सुधार देखा गया है।

यह एक साल पहले के 6.96 प्रतिशत से घटकर सितम्बर तिमाही में ग्रॉस लोन का 4.48 प्रतिशत हो गया। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या फंसा हुआ कर्ज पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 1.47 प्रतिशत से घटकर 0.46 प्रतिशत हो गया। वहीं, पीएनबी बैंक का कंसोलिडेट मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक बढ़कर 4,714 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले की इसी अवधि में 1,990 करोड़ रुपये था। बैंक ने बोर्ड की तरफ से मंजूर नीति के अनुरूप 350 करोड़ रुपये का फ्लोटिंग प्रावधान किया है। 30 सितंबर तक बैंक के पास 500 करोड़ रुपये का फ्लोटिंग प्रोविजन है।



**शेयरों में उछाल :** शानदार तिमाही नतीजों के बाद पीएनबी बैंक के शेयरों में उछाल आया है। 3:14 बजे बैंक का शेयर 3.44 प्रतिशत 3.29 रुपये बढ़कर 99.01 रुपये पर कारोबार कर रहा था। नतीजे आने के बाद यह 5% तक चढ़ गया था।

## डेंटल कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** निर्वाचन के स्वीप कोषांग के तत्वावधान में गढ़वा जिले के फरठिया डेंटल कॉलेज में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वीप के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा उपस्थित शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर विशेष रूप से सक्रिय संवाद किया। मतदान क्यों जरूरी है, विषय पर परिचर्चा भी किया। मौके पर उपस्थित सभी सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों समेत अन्य ने बढ़ चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम में बताया गया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। यदि हम खुद मतदान नहीं करते हैं, तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता है, किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाना। कार्यक्रम में ईवीएम व वीवी पैट के बारे में मुख्य रूप से बताया गया। उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्त्तव्य अवश्य निभाएं। उपस्थित सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के एप से निर्वाचन प्रक्रिया को और भी अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने में सहायक हैं, के बारे में जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। सी-विजिल एप सक्षम एप के बारे में बताया गया। एक और एप वोटर हेल्पलाइन एप है, जो मतदाताओं को मतदान सूची में अपना क्रम संख्या देखने में सहायक है, जिससे मतदाता लंबी लाइन लगाकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं क्रम खोजने के परेशानी से निजात पा सकते हैं। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ-पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अवश्य हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में डीपीएम विमलेश शुक्ला, प्रधान सहायक दिवाकर मिश्रा आदि उपस्थित थें।

## अफीम के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**कुन्दा (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरगड़ा पंचायत के एकता गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चनारिक गंझू के 22 वर्षीय पुत्र जोगेंद्र कुमार गंझू को 1.225 केजी अफीम पट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ कुंदा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की कार्रवाई से अफीम तस्करों में एक बार पुनः हड़कंप मच गया है। ऐसा माना जा रहा है की अफीम तस्करों के खिलाफ यह करवाई कुन्दा पुलिस की बड़ी सफलता है। इससे क्षेत्र में अफीम तस्करी पर लगाम लगाने में पुलिस को मदद मिल सकती है। छापामारी अभियान में कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार समेत थाना बल के जवान शामिल थे।

## राज्य स्तरीय योगा चैंपियनशिप में दीपू लोहरा को प्रथम स्थान

**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत गोखलाबागी निवासी सुंदर लोहरा के पुत्र दीपू लोहरा योगा चैंपियनशिप में रांची के डीएनडी इंटर स्कूल योगा मे 14 से 18 वर्ष आयु अंतर्गत प्रथम स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया। प्रथम स्थान आने के बाद सील्ड, ट्रॉफी व नकद राशि देकर दीपू को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय योगा चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर क्षेत्र मे खुशी का माहौल बना हुआ है। दीपू लोहरा गरीब परिवार से है, जिन्हे प्रशांत सिंह ने प्रशिक्षण देकर बढ़ावा देने में अहम योगदान दिया है। आर्य प्रहलाद दीपू को योगा प्रतियोगिता में शामिल करवाते है।

## बीडीओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** विधानसभा चुनाव के मध्येनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने सोमवार को प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बीडीओ प्रशांत कुमार ने विधानसभा चुनाव को लेकर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों से मतदान केन्द्रों पर मुलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। बीडीओ ने सभी शिक्षकों को विद्यालय में बने मतदान केन्द्रों पर पेयजल, रैंप, बिजली, कुर्सी, टेबल और शौचालय, साफ-सफाई की सुविधाएं एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके बीपीआरओ राम सुरेश राम, सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, समन्वयक राकेश कुमार, अरबिंद पासवान, शिक्षक देवेन्द्र कुमार, धर्मनाथ पासवान, शिवनाथ राम, सरिता देवी, रामानंद प्रसाद , संतोष ठाकुर, दिनानाथ मेहता,दिलेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मिठाई दुकानों का किया जांच

### दुकानों से लिया सैंपल, मिलावटी सामान नहीं बेचने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज ने प्रखंड के विभिन्न मिठाई दुकानों का सोमवार को जांच की। जांच के दौरान प्रखंड के विभिन्न होटलों का मिठाई का सैंपल लिया गया। सुभम स्वीट्स, सत्यम ड्राई फ्रूट, कोल्ड्रिंक एंड मिष्ठान भंडार, कुंज फास्ट फूड, पनीर भंडार, अमित स्वीट्स, संगम होटल का जांच किया गया। उन्होंने बताया कि दीपावली का त्योहार को देखते हुए दुकानों का जांच किया जा रहा है। अलग-अलग दुकानों से मिठाई का सैंपल लेकर सील कर दिया गया है। साथ ही दुकानदारों को हिदायत देते हुए कहा कि मिठाई में मिलावट नहीं करना है। केमिकल रंग का प्रयोग नहीं करें। दुकान में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जांच के लिए सैंपल को रांची के नामकुम प्रयोगशाला भेजा जाएगा। गड़बड़ी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत होटल संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर फूड विभाग के विवेक तिवारी, संतोष कुमार मौजूद थे।

## मतदान केंद्रों पर विशेष जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा हैं। प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 5 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरी, पूर्वी भाग), मतदान केंद्र संख्या 36 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी, उत्तरी भाग), और मतदान केंद्र संख्या 45 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां, पूर्वी भाग) में लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। बीडीओ रविन्द्र कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विशेष निर्देश जारी किया है। बीडीओ ने कम मतदान वाले केंद्रों से संबंधित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव को ग्रामीणों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का दायित्व सौंपा गया है। यह कार्यक्रम 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष रूप से चलाया जाएगा। इन पदाधिकारियों को इस कार्य में सघन अभियान चलाने के लिए कहा गया है, ताकि आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके अलावा सभी नोडल पदाधिकारियों को भी इस कार्यक्रम के तहत निर्देश दिया गया है।

## राशन दुकान से अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** विधानसभा चुनाव से पहले लेस्लीगंज थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया है। सोमवार को प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार को पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि ग्राम जुरु में अंबेडकर चौक से थोड़ी दूर पर एक राशन दुकान अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा एक टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश मिला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त टीम के साथ ग्राम जुरु पहुंची तो देखा कि एक राशन दुकान के पास कुछ लोग भीड़ लगाकर बैठे हैं। सभी आपस में हो-हल्ला कर रहे हैं। पुलिस को वहां देखते ही सभी लोग भागना शुरू कर दिए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति किराना दुकान का दरवाजा बंद करने लगा। पुलिस को अपने तरफ आता देख दुकानदार दुकान छोड़ वहां से भाग निकला। दुकान से किंगफिशर कंपनी का बीयर 650 एमएल 10 बोतल, गॉडफादर कंपनी का बीयर 500 एमएल 30 केन, वाड मंकी कंपनी का बीयर 500 एमएल 2 केन, स्टर्लिंग रिसीव बी 7 कंपनी का 2 बोतल व्हिस्की, रॉयल स्टैग कंपनी का व्हिस्की 375 एमएल 1 बोतल, रॉयल स्टैग कंपनी का प्रीमियर व्हिस्की 180 एमएल का 2 बोतल, गॉडफादर कंपनी का बीयर 650 एमएल 5 बोतल बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों से दुकानदार का नाम पता पूछने पर लोगों ने दुकानदार का नाम मुनी राम पिता बच्चू राम उम्र करीब 48 वर्ष, ग्राम जुरु, थाना लेस्लीगंज निवासी बताया। उन्होंने बताया कि लेस्लीगंज थाना में एक्साइज एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी दल में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, एसआई विक्रम सिल, एएसआई अरुण बाउरी, रंजित कुमार के साथ थाना पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष से चोरों ने उड़ाए सामान

**छतरपुर।** थाना के समीप स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष से चोरों ने कंप्यूटर के कई सामान उड़ा ले गए। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र राम ने बताया कि शनिवार को प्रतिदिन की तरह विद्यालय में ताला बंद कर शिक्षक अपने घर चले गए। जब सोमवार को अपने नियमित समय पर विद्यालय आकर देखा तो कंप्यूटर कक्ष का ताला ही गायब था। इसके बाद कंप्यूटर शिक्षक के साथ जब कक्ष में गया तो कंप्यूटर शिक्षक ने बताया कि कंप्यूटर के चार सीपीयू, चार केबल, एक डोंगल पांच वायर केबल, दो कनेक्टर सहित एक सीसीटीवी कैमरा भी चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने छतरपुर थाना में चोरों के खिलाफ शिकायत किया है।

## लोकतंत्र के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : अविनाश यादव

**▸▸ राजनीतिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स कॉलेज के लेक्चर थिएटर हॉल में भूगोल विभाग द्वारा राजनीतिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव मौजूद थे। प्रोफेसर अविनाश ने राजनीतिक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कहा कि लोकतंत्र में जनता बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। जनता जब तक लोकतांत्रिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित नहीं करेगी तब तक लोकतंत्र कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का सबसे बेहतर, उत्कृष्ट और सर्वोत्तम तरीका है। अपने चयन के अधिकार को आधार बनाकर अपने विवेक से योग्य, कुशल, कर्मठ, शिक्षित, और प्रभावी उम्मीदवार को अपना मतदान करें।

उन्होंने कहा कि मतदान करना राजनीतिक अधिकार व कर्तव्य है, जिसका प्रयोग करके समाज और राष्ट्र का दिशा और दशा तय करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने बहुत सारी जानकारी हासिल की। चुनाव में अपना मतदान का प्रयोग करने का संकल्प लिया। मौके पर कॉलेज के सभी विद्यार्थी और प्रोफेसर शामिल थे।

## बीएलओ के कार्य व दायित्व का दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को मतदान की पूर्व संध्या और मतदान के दिन बीएलओ के कार्य व दायित्व का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल बीएलओ व पर्यवेक्षक को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। मतदान केंद्र पर तैनात वालंटियर के साथ समन्वय स्थापित बनाते हुए मतदाताओं व मतदानकर्मियों को सारी सुविधा उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदान के दिन सुबह 7:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक अर्थात 30 मिनट के अंतराल पर बीएलओ एप के माध्यम से मतदान केंद्र पर कितने मतदाता लाइन में लगे हैं। इसकी जानकारी देने की तरकीब बताई गई। बताया गया कि मतदान के दिन 7:00 बजे सुबह सभी बीएलओ को पासवर्ड व यूजर आईडी प्राप्त होगा। इनका रिपोर्टिंग टाइम 7:30 बजे से शुरू होगी। प्रशिक्षण में शामिल बीएलओ व पर्यवेक्षक को मास्टर ट्रेनर शिक्षक सिद्धेश्वर पांडेय व ब्रजेश कुमार सिंह ने दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय, कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश कुमार, अभिनंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## बॉलीवॉल व क्रिकेट मैच का आयोजन, विजेता व उप विजेता टीम को किया गया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के जीएम कार्यालय परिसर में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने अधिकारियों, कामगारों, विद्यार्थियों व ग्रामीणों को जीवन में ईमानदारी, विधिसम्मत कर्तव्यों का निर्वहन, भ्रष्टाचार मुक्त आचरण,जनहितों के प्रति समर्पण तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन के सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है, जिसे सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को अपनाकर मुक्त किया जा सकता है। परियोजना क्षेत्र के कुरहापतरा खेल मैदान में बॉलीवॉल तथा क्रिकेट का सद्भावना मैच खेला गया। जिसमें परियोजना उच्च विद्यालय टंडवा बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के हुवे मैच में टंडवा विजयी हुआ। दूसरी ओर, सीसीएल बनाम पत्रकार एकादश के बीच हुए क्रिकेट मैच में पत्रकारों को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टंडवा के विद्यार्थियों द्वारा भ्रष्टाचार पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति पर मौजूद लोगों ने जमकर सराहना की। सीसीएल प्रबंधन ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी,जर्सी तथा मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी मो. एकराम, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा, सीसीएल के तमाम अधिकारी व कर्मी, पत्रकारों समेत विस्थापित व प्रभावित क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया खेलकूद का आयोजन



**चंदवा।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत खेलकूद का आयोजन किया गया। खिस्त राजा विद्यालय,हाई स्कूल, चिरो प्राथमिक विद्यालय,सासंग मिडिल स्कूल में फुटबॉल एवं कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजीबूल आर्फीन (जेएसएलपीएस), प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी- सुरेन्द्र कुमार,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुबोध कुमार (शिक्षा विभाग), सामुदायिक समन्वयक अशेश्वर प्रजापति,पूनम देवी, अनिल ठाकुर समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

## मर्यादा की सीमा पार कर दिए मंत्री इरफान अंसारी : प्रकाश राम

**लातेहार।** मंत्री इरफान अंसारी द्वारा जामताड़ा के भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन पर दिए गए विवादित बयान की आग अब लातेहार भी पहुंच चुकी हैं। लातेहार विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार प्रकाश राम ने कहा कि मंत्री इरफान अंसारी ने सभी आर्दशों को ताक पर रखते हुए मर्यादा की सारी हद पार कर दिया है। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा है कि महिलाओं को चाहिए कि जहां भी इरफान अंसारी जाए वहां पर महिलाएं उनका विरोध करें, ताकि मंत्री को पता चले कि आधी आबादी में कितनी ताकत है। उन्होंने राज्य के हेमंत सरकार व स्थानीय मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ महागठबंधन के नेताओं द्वारा महिलाओं का अपमान किया जाता है और दूसरी ओर उन्हें मंईयां सम्मान का लालीपॉप दिखाया जाता है। स्थानीय झामुमो उम्मीदवार सह मंत्री को पता नहीं कि अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में और रघुवर सरकार के कार्यकाल में महिलाओं के कल्याण और उनकी सम्मान के लिए कई योजनाएं लाई गई थी।

# न्यूज बॉक्स

## समाजसेवी शेख अमीरुद्दीन हुए सुपुर्द- ए-खाक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के जपला चौबे निवासी व समाजसेवी शेख अमीरुद्दीन 58 वर्ष का सोमवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर सुबह से उनके आवास पर कई सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक दलों के लोगो ने पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस दिलाया। शेख अमीरुद्दीन की अंतिम यात्रा उनके आवास से मकरीब के नमाज के बाद निकली गई। नमाज ए जनाजा के बाद उन्हें कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके निधन पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बिनोद कुमार सिंह, पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम, समाजसेवी शेर अली, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सैयद नौशाद, आरजू खान, डॉ. एजाज आलम, मसीर खान, कादिर खान, मोहिउद्दीन अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी, भाजपा नेता रवींद्र कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, अशोक सिंह, कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, सैयद मशरूर अहमद, अजय भारती, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, नेहाल असगर, शेख मेराज,शेख औरंगजेब, शमशेर खान समेत कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## दर्जनों ने थामा बसपा का दामन

**हुसैनाबाद।** बसपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में विभिन्न दलों को छोड़कर दर्जनों लोगों ने बसपा मे शामिल हुए है। इसमें राजकुमार प्रजापति शिवशंकर प्रजापति, अनिल रजवार, अरविन्द रजवार,प्रभु यादव, प्रदीप पासवान, बीरेंद्र पासवान, दीपू कुमार पासवान, रंजन पासवान, राकेश पासवान, पंचम साव, फईम अंसारी, जमील अहमद, उपेंद्र यादव, अरुण बैठा, सुरजीत चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, सतेन्द्र प्रजापति, अनिल रजवार, धीरेन्द्र प्रजापति, जय कुश, ओमप्रकाश सहित दर्जनों लोगों ने बसपा का दामन थाम लिया। पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा देकर बसपा की सदस्यता दिलाई। मौके पर बसपा के पूर्व प्रभारी पुनीत अंबेडकर,राज अली, रविरौशन पूर्व,गुरु प्रसाद, मदन भारती,विकास चंद्रवंशी,राजू पासवान,सुमेश राम, गणेश चौधरी,मनोज भारती,दिलीप राम, भोला राम, शशि बैठा, संजय बैठा,पियूष सुमन,सोनू राम,विनोद राम,इरफान साहिद,महताब आलम,वसीम हैदर,रेहान भाई, उमर मो इसूफ रामराज पासवान, विधानसभा प्रभारी राम नारायण राम,चंदन राम अक्षय मेहता मुकेश मेहता ओमप्रकाश राम,प्रमोद मेहता,दिनेश मेहता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा

**विश्रामपुर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच की बैठक विश्रामपुर कार्यालय में हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव-गांव,घर-घर जाकर लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। बैठक के दौरान मजदूर किसान कामगार यूनियन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गिरजा प्रसाद विश्वकर्मा अपने समर्थकों के साथ मंच में शामिल हुए। इसके अलावा विभिन्न गांवों के दर्जनों लोग भी मंच में शामिल हुए। सभी को मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने माला पहनाकर और पट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। ब्रह्मदेव प्रसाद कहा कि झारखंड बनने के 24 साल बाद भी किसी ने विधानसभा में ओबीसी का आवाज नहीं उठाया, क्योकि वह नहीं चाहते कि 90 प्रतिशत लोग जागरुक होकर अपने हक और अधिकार की मांग करें, लेकिन आपकी आवाज को बुलंद करने के लिए हम संकल्पित हैं।आपका समर्थन हमारा संबल बनेगा,इसलिए हमको आशीर्वाद दीजिए। मौके पर मंच के कई सदस्य व काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## देवरी खुर्द के ग्रामीण राजद में शामिल

**हुसैनाबाद।** राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत देवरी खुर्द के टोला पुनाडीह, रविदास टोला के विभिन्न पार्टी के कार्यकताओं ने राजद का दामन थाम लिया हैं। इसमें महेंद्र राम, सरोज राम, सूर्यदेव राम, मिथिलेश कुमार, रामकुमार राम, अरुण प्रकाश, बिंदेश्वर, वाल्मीकि, अनुप राम, रामसुंदर राम आदि का नाम शामिल है। सभी को पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने माला पहंनाकर स्वागत किया है।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क

**विश्रामपुर।** मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने सोमवार को दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा भी दिलाया मौके पर कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

## सपा प्रत्यासी ने चलाया जनसंपर्क

**विश्रामपुर।** सपा प्रत्यासी अंजू सिंह ने सोमवार को बिश्रामपुर प्रखंड के शंखा,टोना, निमिया,लालगढ़,झरहा,सेवरा,पिपरा सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें ग्रामीणों से समर्थन मांगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# पेज एक के शेष

### हमारे पंच प्रण...

और पांच साल में पांच लाख रोजगार दिए जाएंगे। इसके साथ ही प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को दो वर्षों तक युवा साथी योजना के तहत प्रतिमाह दो हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मरांडी के नामांकन के मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। नामांकन से पहले बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह स्थित अपने घर में पूजा-पाठ किया और मां तथा बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वे चांदी का मुकुट पहनकर नामांकन के लिए निकले। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने झाविमो के टिकट पर इसी सीट से चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज की थी। उन्हें 52,311 मत मिले थे और उनके प्रतिद्वंद्वी भाजपा के लक्ष्मण प्रसाद सिंह को 34,775 मत मिले थे।

### आज हम अधिकार...

व्यापारियों ने सरकार गिराने का खेल शुरू कर दिया। उनके षड्यंत्रों से बचते हुए हमारी सरकार ने पांच साल पूरे किए। कोरोना काल में हमने बदतर स्थितियों में भी लोगों को भूख से मरने नहीं दिया। मजदूरों को हवाई जहाज से राज्य में लाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में महंगाई आसमान छू रही है।

### भाजपा ने पांच रुपये का प्लेटफार्म टिकट...

हमारे पास सिर्फ एक मुख्यमंत्री है और वे हेमंत सोरेन हैं। वे शेर के बेटे हैं, जिन्होंने झारखंड के एक-एक आदिवासी और मूलवासी के लिए लड़ने को कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों ने तीर-धनुष से अंग्रेजों का मुकाबला किया था। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हुकूमत के आगे घुटने नहीं टेके थे। भाजपा की लड़ाई जल-जंगल और जमीन कब्जा करने की है, जबकि इंडिया ब्लॉक जल, जंगल और जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। इन जनसभाओं के पहले गोड्डा के राष्ट्रीय जनता दल के संजय सिंह यादव, पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के प्रदीप यादव और मधुपुर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के हफीजुल हसन अंसारी ने नामांकन पत्र दाखिल किए।





# 107 फर्जी वकील वह भी दिल्ली के बार काउंसिल में



ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने दिल्ली में वकीलों की सूची से 107 फर्जी वकीलों को हटाया।

▸ **सबको हटाया गया, अब ये किसी कोर्ट में प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे**

यह कार्रवाई बार काउंसिल ऑफ इंडिया सर्टिफिकेट एंड प्लेस ऑफ प्रैक्टिस (वेरिफिकेशन) नियम, 2015 के नियम 32 के तहत की गयी है। जिसके बाद अब ये वकील किसी भी कोर्ट में प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। लाइव लॉ की खबर के मुताबिक, 2019 से 23 जून 2023 के बीच सैकड़ों फर्जी वकीलों को उनकी साख और प्रैक्टिस की गहन जांच के बाद हटाया गया। ये निष्कासन मुख्य रूप से फर्जी व जाली प्रमाणपत्रों और नामांकन के दौरान गलत बयानी के मुद्दों के कारण हुए हैं। इसके अलावा, सक्रिय रूप से लीगल प्रैक्टिस करने में फेल होने और बार काउंसिल के वेरिफिकेशन प्रोसेस का पालन न करने के कारण भी वकीलों के नाम प्रैक्टिस से हटा दिए गए। 23 जून 2023 को नियम 32 में संशोधन के साथ यह प्रक्रिया अधिक आसान हो गई। 2015 के टीसी (सिविल) नंबर 126 में अजयिंदर सांगवान और अन्य बनाम दिल्ली बार काउंसिल के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश ने नियम 32 को प्रभावी ढंग से लागू करने की अनुमति दी है। जिसके तहत बार काउंसिल को धोखाधड़ी के मामलों की पहचान करने और उनका समाधान करने की अनुमति मिली है। यह जनता और कानूनी पेशे को अयोग्य/फर्जी व्यक्तियों से बचाने की बार काउंसिल की कोशिश है।

**बीसीआई के संशोधन के बाद 50 वकीलों को हटाया गया :** फर्जी वकीलों की पहचान बार काउंसिल और अजय शंकर श्रीवास्तव बनाम बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में डब्ल्यू.पी. नंबर 82/2023 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा की गई निरंतर जांच के माध्यम से की जाती है। जालसाजी से संबंधित कुछ मामले नियम परिवर्तन से पहले समीक्षाधीन थे जबकि अन्य संशोधन के बाद संबोधित किए गए। ये निष्कासन बार काउंसिल की उस प्रतिबद्धता को भी दिखाते हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वकीलों की सूची में केवल वे ही शामिल हों जो वास्तव में योग्य हैं और सक्रिय रूप से प्रैक्टिस कर रहे हैं। बीसीआई के नियम में संशोधन के बाद 50 वकीलों को हटाया गया।

# वडोदरा में सी-295 का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाता है : प्रधानमंत्री मोदी

## टाटा-एयरबस विनिर्माण सुविधा 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को मजबूत करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के वडोदरा में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त रूप से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सैन्य विमान सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सी-295 विमान का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दशार्ता है। उन्होंने कहा, टाटा-एयरबस विनिर्माण सुविधा भारत-स्पेन संबंधों और 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को मजबूत करेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे मित्र पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। आज से हम भारत और स्पेन की साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं। हम सी-295 विमान के निर्माण के लिए कारखाने का उद्घाटन कर रहे हैं। यह फैकटरी न केवल भारत और स्पेन के संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को भी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए टाटा और एयरबस की टीमों को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। असल में इस परियोजना की मूल रूप से 2012 में रतन टाटा ने ही कल्पना की थी।



### रिकार्ड समय में उत्पादन की तैयारी

कारखाने का काम दो साल पहले अक्टूबर में शुरू हुआ था, और अब इसका उद्घाटन हुआ है। प्रधानमंत्री ने प्लानिंग और एग्जीक्यूशन में अनावश्यक देरी नहीं होने पर जोर देते हुए कहा कि उनका ध्यान हमेशा योजना और निष्पादन के समय को कम करने पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैक्ट्री को रिकार्ड समय में उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। यहां बने विमान को दूसरे देशों को भी भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत में रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नई ऊंचाइयां छू रहा है। 10 साल पहले अगर हमने ठोस कदम नहीं उठाए होते, तो आज इस मंजिल पर पहुंचना असंभव ही था। उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में भारत में 1000 नए डिफेंस स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं।

### डिफेंस एक्सपोर्ट 30 गुना तक बढ़ा

पिछले दस सालों में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 30 गुना बढ़ा है। आज हम 100 से ज्यादा देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट करते हैं। एयरबस और टाटा की इस फैक्टरी से हजारों जॉब्स पैदा होंगे। बीते दशक में देश ने अनेक ऐसे फैसले लिए जिससे भारत में एक वाइब्रेंट डिफेंस इंडस्ट्री का विकास हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत के विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि और परिवर्तन देखा गया है। हम पहले से ही भारत को विमानन केंद्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र भविष्य में मेड इन इंडिया नागरिक विमानों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति रोड शो के दौरान दिव्यांग छात्रा से मिलने जीप से उतरे



**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के रोड शो में आज सुबह यहां अभूतपूर्व वाकया देखने को मिला। सड़क किनारे आम लोगों की तरह हाथ में पेंटिंग लेकर अभिवादन के खड़ी दिव्यांग छात्रा दीया गोसाई को देखते ही दोनों नेता उससे मिलने के लिए जीप से नीचे उतर आए। उन्होंने दीया से हाथ मिलाया और उसकी पेंटिंग स्वीकार की। दीया वडोदरा के एमएस यूनिवर्सिटी की छात्रा है। वह बेहतरीन चित्रकार है। वह अपने परिजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज की खुद तैयार की पेंटिंग को लेकर पहुंची थी। रोड शो के दौरान दोनों नेता जब उसके पास से गुजरे तो सुरक्षा की परवाह न करते हुए काफिले को रुकने का इशारा किया। दीया ने दोनों नेताओं को उनके फ्रेम कराए चित्र भेंट किए। प्रधानमंत्री मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति ने दीया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे शुभकामनाएं दीं।

## जापान के संसदीय चुनाव में किसी को बहुमत नहीं

# एलडीपी का इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन पीएम इशिबा ने कहा-जनादेश स्वीकार

एजेंसी

**टोक्यो।** जापान के संसदीय चुनाव में जनता ने किसी भी पार्टी को भी सरकार बनाने का मौका नहीं दिया। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) गठंबधन को भी बहुमत नहीं मिल पाया। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे की पार्टी एलडीपी को मात्र 191 सीटों पर संतोष करना पड़ा। उसे 65 सीटों का नुकसान हुआ। पिछले डेढ़ दशक में चुनाव में एलडीपी का यह सबसे खराब प्रदर्शन है। एलडीपी और उसकी सहयोगी पार्टी कोमिटो को कुल 215 सीट हासिल हुई हैं। बहुमत के लिए 233 सीट जरूरी हैं। प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने पिछले महीने एलडीपी अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था। इसके बाद वह प्रधानमंत्री बने। इसके बाद इशिबा ने चुनाव कराने का ऐलान किया। जापान टुडे अखबार के अनुसार मुख्य विपक्षी कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान (सीडीपीजे) को इस बार कुछ सीटों का फायदा हुआ है। पिछली बार उसके 98 उम्मीदवार चुनाव जीते थे। इसबार यह आंकड़ा 148 पहुंच गया। इस बार दो कैबिनेट मंत्रियों और सरकार में शामिल कोमिटो के नेता केइची इशी को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री इशिबा ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का वादा करते हुए कहा, हम एक क्षण भी ठहराव नहीं चाहते। हम इस समय सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र में कठिन हालात का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने कठोर फैसला सुनाया है। वे विनम्रता से उसे स्वीकार करते हैं। वह जोड़तोड़ की कोशिश नहीं करेंगे।



# जार्जिया संसदीय चुनाव नतीजों पर बवाल, रूस ने 'हस्तक्षेप करने' के आरोप किए खारिज

**मास्को।** रूस ने सोमवार को जॉर्जिया में संसदीय चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को 'निराधार' बताया। वहीं दूसरी तरफ उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने कथित 'चुनाव संबंधी उल्लंघनों' की जांच की अपील की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, हम इस तरह के आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। ये कई देशों के लिए मानक बन गया है कि छोटी सी बात पर वे तुरंत रूस पर हस्तक्षेप का आरोप लगा देते हैं। नहीं, यह सच नहीं है, कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ था और आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। जॉर्जिया में शनिवार को हुए संसदीय चुनावों में 18 पार्टियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम भी शामिल है, जिसे 52.99 प्रतिशत वोट मिले। यह पहली बार था कि देश में चुनाव पूरी तरह से आनुपातिक प्रणाली के तहत आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल किया।

# प्रधानमंत्री आज तीन नए मेडिकल कॉलेज का करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार, 29 अक्टूबर को मध्य प्रदेश को कई सौगातें देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश की नई पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को नीमच, मंदसौर और सिवनी में चिकित्सा महाविद्यालयों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश के 81 लाख किसानों के खातों में 1624 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे और 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस गति से प्रदेश के जिलों में चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किये जा रहे हैं, शीघ्र ही हर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय होगा।

**ईएसआईसी अस्पताल का भी करेंगे लोकार्पण :** इन्दौर। धनतेरस के अवसर पर मंगलवार, 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंदौर को एक और सुपर स्पेशलिटी की सौगात देने जा रहे हैं। ईएसआईसी ने एक सर्व सुविधायुक्त अत्यधुनिक अस्पताल बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी इसका वर्चुअली लोकार्पण करेंगे।






## एजुकेशन/करियर

लेदर टेक्नोलॉजी में अपना करियर बना सकते है। लेदर टेक्नोलॉजी की पढ़ाई करने के बाद कई सारे। संस्थानों में अच्छी सैलरी पर काम मिलता है। इसमें रोजगार के भी अच्छे अवसर है। लेटद टेक्नोलॉजी भी इंजीनियरिंग का एक हिस्सा है।इंजीनियरिंग में कई तरह के विषय शामिल है जिसमें छात्र बीटेक या बीई की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। छात्रों को उसके अनुसार अपने विषय का चुनाव करना है। समय के साथ इंजीनियरिंग में नए कोर्स भी शामिल होने लगे हैं जिनकी डिमांड भी बढ़ने लगी है। छात्र कक्षा 12वीं के बाद इन कोर्स में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको लेदर टेक्नोलॉजी कोर्स के बारे में बताएंगे। जिसमें आप बीटेक कोर्स कर सकते हैं। बीटेक इन लेदर इंजीनियरिंग कोर्स 4 साल की अवधि का कोर्स है। जहां आपको लेदर की डिजाइनिंग, क्वालिटी कंट्रोल, प्रोडक्शन, लेदर गुड्स और गार्मेंट, लेदर मशीनरी और मैनुफैक्टचरिंग आदि जैसे विषयों की जानकारी दी जाती है। इस कोर्स को पूरा कर आप कई अच्छे पदों पर कार्य कर सकते हैं और 3 से 8 लाख रुपये तक पैसा कमा सकते हैं।

# लेदर टेकनोजॉजी में बना सकते हैं शानदार करियर

### बीटेक इन लेदर इंजीनियरिंग कोर्स की योग्यता क्या है

- इस कोर्स को करने के लिए उम्मीदवार को किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 12वीं पास करनी होगी।
- 12वीं कक्षा में उम्मीदवार के पास साइंस के मुख्य विषय पीसीएम यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स होना चाहिए, जिसमें उन्हें कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने अनिवार्य हैं।
- जेईई में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को 12वीं में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने है। (एनटीए द्वारा जारी सूचना के अनुसार)
- कोर्स में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होना चाहिए।
- आरक्षित श्रेणी वाले उम्मीदवारों को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइनस के अनुसार 5 प्रतिशत अंकों की छूट प्राप्त है।
- - कोर्स में प्रवेश केवल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिया जा सकता है।



### बीटेक लेदर टेक्नोलॉजी

1. टाटा चमड़ा
2. अरके लेदर्स प्राइवेट लिमिटेड
3. भारतीय इंटरनेशनल लिमिटेड
4. प्राग इंटरनेशनल
5. स्पोर्ट्सवियर कंपनियां
6. जूनियर डिजाइनर लेबल
7. निर्यात घर
8. सरकारी संगठन
9. चमड़ा फर्म
10. चमड़ा उत्पाद उद्योग
11. विश्वविद्यालय
12. संस्थान
13. कार्यकारी डिजाइनर लेबल

### प्रवेश परीक्षा

लेदर टेक्नोलॉजी कोर्स करने के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना होगा। प्रवेश परीक्षा का आयोजन कंडक्टिंग बॉडी द्वारा किया जाता है। छात्रों की उसकी आधिकारक वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करना है। आवेदन प्रक्रिया पूरी कर, आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में छात्रों के प्रदर्शन के अनुसार उन्हें रैंक किया जाएगा। रैंक के आधार पर छात्रों को सीट अलॉट की जाएगी। कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के बारे में बात करें तो छात्र प्रमुख परीक्षा जेईई मेंस और एडवांस के अलावा डब्ल्यूबीजेईई, वीआईटीईईई, एसआरएमजेईई जैसी कई संस्थान आधारित और राज्य आधारित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।